सूर्योदय 5:43 सूर्यास्त 6:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 27.0 अधि |
| धर्मशाला | 22.0 न्यू | 33.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,664 |
| निफ्टी | 23,898 |
| सोना | 1,51,479 |
| चांदी | 2,40,596 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 25 अप्रैल 2026 | 12 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 116, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भारत-न्यूजीलैंड ट्रेड डील पर 27 को होंगे हस्ताक्षर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को लेकर बड़ी घोषणा की है। लक्सन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर सोमवार यानी 27 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाएंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एटीएफ) पर बातचीत औपचारिक रूप से 16 मार्च 2025 को शुरू हुई थी। यह औपचारिक शुरुआत भारत के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के बीच एक बैठक के दौरान हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी, गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक और बड़ा झटका लगा है। गुवाहाटी हाईकोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर की गई, उनकी टिप्पणियों को लेकर दर्ज एक आपराधिक मामले में उनकी



अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष खेड़ा ने आरोप लगाया था कि, मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुयान सरमा के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं। इस महीने की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि उनके पास, श, मिस्र और एंटीगुआ-बारबुडा के तीन पासपोर्ट, दुबई में दो संपत्तियां और शेल कंपनियों में संपत्तियां हैं। इन आरोपों के बाद, रिंकी शर्मा ने गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में खेड़ा और अन्य लोगों के खिलाफ कई धाराओं के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज कराया है। (अनंत ज्ञान)

### सेंसेक्स 1000 अंक टूटा, 76664 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1000 अंक (1.29%) की गिरावट के साथ 76,664 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 275 अंक (1.14%) गिरकर 23,898 के स्तर पर आ गया। आज के कारोबार में आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर की 22 अप्रैल की डेडलाइन को आगे तो बढ़ा दिया है, लेकिन तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी अब भी जारी रखी है, वहीं ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' में दो जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों देशों के बीच बातचीत का पिछला दौर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया था, जिसके बाद उम्मीद थी कि पाकिस्तान में दूसरे दौर की बातचीत होगी। हालांकि, अब निवेशकों को ऐसी किसी भी बातचीत की उम्मीद नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव के लिए झोंकी ताकत -पेज 2
- आधुनिक बस स्टैंड और शॉपिंग कांप्लेक्स का रास्ता साफ -पेज 6
- करसोग अस्पताल को कायाकल्प अवार्ड में मिला दूसरा स्थान -पेज 9



# महिला आरक्षण पर राजनीति कर रही भाजपा : सीएम सुक्खू

## कहा-2023 में ही पारित हो चुका विधेयक, जनता को किया जा रहा गुमराह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भाजपा के धरना-प्रदर्शन को राजनीतिक दिखावा करार देते हुए कहा कि यह सब केवल जनता का ध्यान भटकाने के लिए किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि महिला आरक्षण विधेयक 2023 में ही पारित हो चुका है और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उस समय इसका समर्थन किया था, ऐसे में भाजपा का विरोधाभासी रवैया समझ से परे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में कार्य किया है और 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए लगातार प्रयास किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा स्वयं विधेयक लेकर आई, जिसमें जनगणना और परिसीमन के बाद आरक्षण लागू करने की बात कही गई, लेकिन अब उसी मुद्दे पर धरना देकर वह दोहरी राजनीति कर रही है।



◆ **प्रत्याशी खुलकर पंचायत चुनाव लड़ें, पार्टी साथ खड़ी**

सुक्खू ने कहा कि यह कदम दर्शाता है कि भाजपा की मंशा महिला सशक्तिकरण नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ लेना है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में आपदा जैसे गंभीर मुद्दों पर भाजपा की कोई ठोस भूमिका नजर नहीं आई, जबकि अब यह पार्टी केवल प्रदर्शन करके राजनीतिक माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, हिमाचल की जागरूक जनता भाजपा की इन रणनीतियों को समझ चुकी है और ऐसे प्रयासों से भ्रमित नहीं होगी। वहीं पंचायत चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी खुलकर चुनाव लड़ें, कांग्रेस हर स्तर पर उनके साथ खड़ी है।

### कांग्रेस पार्टी न डरेगी और न ही पीछे हटेगी

**मुख्यमंत्री** ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि खड़गे की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कांग्रेस न तो डरेगी और न ही पीछे हटेगी। उन्होंने दोहराया कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाना दुर्भाग्यपूर्ण है और पार्टी पूरी मजबूती के साथ अपने नेतृत्व के साथ खड़ी है।

# ऊना में 41.1 डिग्री तक पहुंचा तापमान

## सीजन का सबसे गर्म दिन, प्रदेश के तीन जिलों में हीटवेव का कहर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में शुक्रवार को हीटवेव महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार- कांगड़ा के धर्मशाला, ऊना और कुल्लू के भुंतर में दोपहर के वक्त हीटवेव चलने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। ऊना का अधिकतम तापमान आज नॉर्मल से 6 डिग्री ज्यादा के उछाल के साथ 41.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। यह इस सीजन का सबसे गर्म दिन है।

प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान भी सामान्य से 5.1 डिग्री ज्यादा हो गया है। कांगड़ा का पारा भी 8 डिग्री अधिक के उछाल के साथ 37.2 डिग्री, सुंदरनगर का 36, डिग्री, मंडी का 36.2 डिग्री और बरठी का पारा 35.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। मैदानी इलाकों के साथ साथ ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्र भी तपने लगे हैं। शिमला का तापमान भी सामान्य से 5.1 डिग्री ज्यादा के साथ 27.6 डिग्री, मनाली का 4.3 के उछाल के साथ 26.8 सेल्सियस हो गया है। अन्य शहरों के तापमान में भी सामान्य की तुलना में 4 से 6 डिग्री का उछाल आया है।



### आज से गर्मी से हल्की राहत मिलने की आस

**राहत** की बात यह है कि शनिवार से गर्मी से हल्की राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार आज से एक फ्रेश वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसे देखते हुए चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और शिमला के कुछेक भागों में अंधड़ चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। शुक्रवार को भी दोपहर बाद किन्नौर के सांगला में 0.4 मिलीमीटर और कल्पा में 0.1 मिली बारिश रिकॉर्ड की गई। 26 व 27 अप्रैल को वेस्टर्न डिस्टरबेंस थोड़ा कमजोर पड़ेगा। मगर 28 से 30 अप्रैल तक फिर पहाड़ों पर बारिश के आसार हैं।

### श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा 44.6 डिग्री तापमान

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। शुक्रवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान सबसे ज्यादा 44.6 डिग्री दर्ज हुआ। यूपी के प्रयागराज और महाराष्ट्र के अमरावती में 44.4, वहीं अकोला में 44.3 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ। बढ़ती गर्मी के कारण राजस्थान के जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और दौसा में स्कूलों की टाइमिंग समय सुबह 7.30 बजे से कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# आम आदमी पार्टी में दरार, राघव चड्ढा मित्तल समेत 7 सांसद भाजपा में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा के सात सदस्यों ने अपने दल की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय करने का फैसला किया है। पार्टी के सांसद राघव चड्ढा, अशोक मित्तल एवं संदीप पाठक ने शुक्रवार को यहां संविधान क्लब में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। चड्ढा ने कहा, 'राज्यसभा में 'आप' के 10 सांसद हैं, उनमें से दो तिहाई से ज्यादा अब हमारे साथ हैं।

उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं और शुक्रवार सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्र और दस्तावेज सौंप दिए। उनमें से 3 यहां आपके सामने हैं। हमारे अलावा हरभजन सिंह, राजिंदर गुप्ता, विक्रम साहनी और स्वाति मालीवाल हैं।'



राघव चड्ढा ने कहा, 'आप, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और अपनी जवानी के 15 साल दिए, अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और बुनियादी नैतिकताओं से भटक गई है। अब यह पार्टी देश के हित में नहीं, बल्कि अपने निजी फायदे के लिए काम करती है। इसलिए, आज हम इससे खुद को अलग कर रहे हैं।' (अनंत ज्ञान)

### भाजपा में जाने वाले सांसद पंजाब के गद्दार : सीएम मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पार्टी छोड़ने वाले राज्यसभा के सांसदों को पंजाब का गद्दार करार देते हुए कहा है कि पंजाब की जनता बहुत जल्द उन्हें इस कृत्य का जवाब देगी। चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मान ने कहा कि सात गद्दारों के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ता है। पार्टी पूरी तरह से मजबूत है।

## लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच प्रदेश में सामने आने लगीं आग लगने की घटनाएं

# ऊना के झलेड़ा पुल के पास 40 झुग्गियां जलकर राख

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिला ऊना में लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच आग लगने की घटनाएं भी सामने आने लगी हैं। शुक्रवार दोपहर को झलेड़ा पुल के समीप होशियारपुर रोड क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब 40 झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं।

आग इतनी भयंकर थी कि कुछ ही पलों में आसमान काले धुएं के घने गुबार से भर गया, जो कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था। मौके पर मौजूद लोगों में भगदड़ जैसे हालात बन गए और लोग अपनी जान बचाने के साथ-साथ जरूरी सामान समेटकर भागते नजर आए। घटना के समय अधिकांश प्रवासी मजदूर अपने-अपने कार्य स्थलों पर थे। आग लगने की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर सामान बचाने की कोशिश करने लगे, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती गई और भारी नुकसान हो गया। पीड़ितों के अनुसार, उनके रोजमर्रा के उपयोग का लगभग सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया।



सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया और करीब पांच फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षित किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली

◆ **घटना के समय अपने-अपने कार्य स्थलों पर थे प्रवासी मजदूर**

कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। डीएसपी अजय ठाकुर ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच की जा रही है। राहत की बात यह रही कि इस भीषण आगजनी की घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, हालांकि आर्थिक नुकसान काफी अधिक बताया जा रहा है। प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने की बात कही गई है।

# हिमाचल में बुजुर्ग मतदाताओं से घर से मतदान करवाने की तैयारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर से मतदान के लिए स्टेट इलेक्शन कमीशन एक 'ऐप' तैयार करवा रहा है। इलेक्शन कमीशन ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) को एक ऐप तैयार करने को कहा है, जिसके जरिए वृद्ध मतदाताओं की घर से वोटिंग करवाने की योजना है।

◆ **एनआईसी से 'ऐप' तैयार करवा रहा चुनाव आयोग**

एनआईसी द्वारा तैयार किए जा रहे 'ऐप' का पहले ट्रायल होगा। ट्रायल सफल रहा तो राज्य के लगभग 55 हजार बुजुर्ग मतदाता घर से वोट दे सकेंगे।

यदि 'ऐप' कमीशन के मुताबिक काम नहीं कर पाया, तो बुजुर्ग मतदाताओं को भी पोलिंग बूथ पर जाकर वोट देना होगा। हालांकि, कमीशन के साथ बीते दिनों आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कुछ जिलों के डीसी ने घर बैठे मतदान की सुविधा पर असहमति जताई है। तर्क दिया गया था कि समय कम बचा है। इसमें कर्मचारियों की जरूरत ज्यादा पड़ेगी।

### दिव्यांग मतदाताओं को भी किया जा सकता है शामिल

**दिव्यांग** मतदाताओं को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। जो दिव्यांग व्यक्ति चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं, उन्हें घर से मतदान की सुविधा मिल सकती है, मगर यह सब 'ऐप' के ट्रायल पर निर्भर करेगा। ऐप के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिस व्यक्ति ने वोट दिया है, उसकी गोपनीयता बनी रहे। बता दें कि, विधानसभा और लोकसभा चुनाव में केंद्रीय चुनाव आयोग घर से वोटिंग करवाता है। अब यह सुविधा पंचायत चुनाव में भी शुरू करने की योजना है।

## चीन संग गतिरोध में सरकार ने नहीं छोड़ा अकेला: नरवणे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने कहा कि 2020 में चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने सेना को अकेला नहीं छोड़ा था।



सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें। जनरल नरवणे ने कुछ चैनल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' से जुड़े विवादों पर बात की। इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, 'जो उचित समझो वह करो' टिप्पणी सशस्त्र बलों पर सरकार के पूरे भरोसे को दर्शाती है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जमीनी स्थिति का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को फ्री हैंड दिया गया था। दरअसल, राहुल गांधी ने 2 और 3 फरवरी को संसद में नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का हवाला देकर चीन घुसपैठ और अग्निवीर योजना के रीव्यू का मुद्दा उठाया था। इसके बाद उन्होंने दावा किया था कि सरकार ने सेना को अकेला छोड़ दिया था। इसके बाद वे किताब लेकर भी संसद पहुंचे थे। (अनंत ज्ञान)

# तेहरान पर बड़े हमले को इसराइल तैयार

## कहा- ईरान की नींव तक हिला देंगे, अमेरिका की हां का इंतजार

**एजेंसी, तेल अवीव**

पश्चिम एशिया में युद्ध के बादल फिर गहराने लगे हैं और हालात तेजी से विस्फोटक होते दिख रहे हैं। इसराइल और ईरान के बीच टकराव अब खुली जंग की दहलीज पर पहुंचता नजर आ रहा है। इसका बड़ा कारण है कि इस्राइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने इस संघर्ष के और बड़े पैमाने पर बढ़ने के संकेत दिए हैं। काट्ज ने साफ-साफ कहा कि इस्राइल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अमेरिकी की हरी झंडी का इंतजार है।

एक सुरक्षा बैठक के दौरान काट्ज ने खुली चेतावनी देते हुए कहा कि इस्राइली सेना (आईडीएफ) पूरी तरह तैयार है और जरूरत पड़ने पर हमला और बचाव दोनों कर सकती है। उन्होंने कहा कि सभी संभावित टारगेट चिन्हित किए जा चुके हैं। इस दौरान काट्ज ने ईरान की सरकार पहर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि ईरान अपने लोगों पर सख्ती से नियंत्रण रखता है और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बसिज जैसे संगठनों के जरिए दबाव बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान तेल की कीमतों को लेकर दुनिया पर दबाव बनाने की कोशिश करता है। (अनंत ज्ञान)



### ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को 90 दिन बढ़ाया

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिका से एक बड़ी खबर आई है। दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जोन्स एक्ट की छूट को अगले 90 दिनों के लिए विस्तार देने का निर्णय लिया है। व्हाइट हाउस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस फैसले का मुख्य उद्देश्य अमेरिकी ऊर्जा बाजार में आई भारी अस्थिरता को कम करना और तेल-प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को सुगम बनाना है। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव से उपजे वैश्विक संकट के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के इस फैसले को मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। छूट के लागू होने के बाद अब गैर-अमेरिकी जहाजों के लिए अमेरिकी बंदरगाहों से तेल और प्राकृतिक गैस का परिवहन काफी आसान हो जाएगा।

**सुविधा** नई तकनीक का बेजोड़ नमूना; 16 पंचायतें होंगी लाभान्वित, कम होगा 20 किमी का सफर

# गोबिंदसागर पर बना प्रदेश का पहला हाई लेवल डबल लेन डेक पुल

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** पहाड़ और पानी के बीच फंसे कोटधार क्षेत्र के लोगों के लिए अब सफर आसान होने जा रहा है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि गोबिंदसागर झील पर निर्मित नंद-नगरांव पुल अब बनकर तैयार है। यह प्रदेश का पहला हाई लेवल डेक टाइप लम्बा डबल लेन पुल है, जो आधुनिक तकनीक का बेहतरीन उदाहरण है। इसके चालू होते ही कोटधार क्षेत्र की करीब 16 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा और वर्षों से चली आ रही आवाजाही की परेशानी खत्म हो जाएगी।

गोबिंदसागर झील पर बना नंद-नगरांव पुल न सिर्फ इंजीनियरिंग का शानदार नमूना है, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की नई राह भी खोलेगा। अब तक कोटधार के लोगों को झंडूता पहुंचने के लिए वाया मांडवां लंबा और समय लेने वाला चक्कर लगाना पड़ता था, लेकिन पुल के शुरू होते ही यह दूरी करीब 20 किलोमीटर कम हो जाएगी और लोगों को सीधा, तेज और सुरक्षित मार्ग मिलेगा। यह पुल पनौल-झंडूता-नंद-नगरांव सड़क पर बनाया गया है, जिसे पहले ही उन्नत कर मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड का दर्जा दिया जा चुका है। इस सड़क उन्नयन पर करीब 22 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं, जो इस पूरे क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी देने की दिशा में बड़ा कदम है।

इस पुल के बनने से न केवल कोटधार की 16 पंचायतें सीधे जुड़ेंगी, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। स्थानीय लोगों के लिए यह पुल किसी सपने के साकार होने जैसा है, जो वर्षों से इस सुविधा का इंतजार कर रहे थे। गौरतलब है कि कोटधार क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इससे पहले बागछाल में भी पुल बनाया गया था, लेकिन नंद-नगरांव पुल इस कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा। फिलहाल झंडूता की ओर से संपर्क सड़क का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि जेजवी की ओर कुछ कार्य शेष है। विभाग इसे जल्द पूरा कर पुल को जनता के लिए खोलने की तैयारी में है।




### क्या कहते हैं लोग?

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि अब अस्पताल, स्कूल और बाजार तक पहुंचना पहले से आसान होगा। आपात स्थिति में समय की बचत सीधे जीवन बचाने में मददगार साबित हो सकती है। यह पुल सिर्फ कंक्रीट और स्टील का ढांचा नहीं, बल्कि कोटधार के लोगों के लिए सुविधा, सुरक्षा और विकास का नया रास्ता है।

### जून 2020 में मिली स्वीकृति फरवरी 2021 में शिलान्यास

**करीब 1.55** करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस पुल को जून 2020 में मंजूरी मिली थी और फरवरी 2021 में इसका शिलान्यास हुआ। निर्माण के दौरान तकनीकी चुनौतियों के चलते इसकी लंबाई 330 मीटर से बढ़कर 387 मीटर करनी पड़ी, जो इस परियोजना की जटिलता और महत्व को दर्शाता है। 12 मीटर चौड़े इस पुल में 7.5 मीटर का डबल लेन मार्ग और दोनों ओर पैदल पथ बनाए गए हैं, जिससे पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई है।

> **नंद-नगरांव** पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। संपर्क सड़क का शेष कार्य भी जल्द पूरा कर इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा।
>
> **– रोहित गुप्ता, अतिरिक्त अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, झंडूता**

# सात महीने की गर्भवती नाबालिग को अबॉर्शन करवाने की इजाजत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा,' यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो।



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया।

### वकील बोला-प्रेग्नेंसी से गंभीर मानसिक तनाव में नाबालिग

**नाबालिग** की मां ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में तय समयसीमा से आगे जाकर बेटी के अबॉर्शन की इजाजत मांगी थी। लड़की ने भी कहा था कि वह प्रेग्नेंसी जारी नहीं रखना चाहती। याचिकाकर्ता की ओर से वकील ने कहा गया कि इस प्रेग्नेंसी ने नाबालिग को गंभीर मानसिक तनाव दिया है और उसकी पढ़ाई पर भी असर पड़ा है। कोर्ट को बताया गया कि नाबालिग में पहले से ही गंभीर मानसिक तनाव के संकेत दिख रहे हैं। वह आत्महत्या की कोशिश भी कर चुकी है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा था कि बच्चे को सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी के जरिए गोद दिलाने की व्यवस्था की जा सकती है। हालांकि जस्टिस नागरत्ना ने इस तर्क पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कोर्ट महिलाओं को अबॉर्शन के बजाय उनके लिए आर्थिक मदद या गोद लेने जैसे विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।

# विभागीय परीक्षाएं स्थगित नई तिथि शीघ्र होगी घोषित

अनंत ज्ञान

◆ प्रशासनिक कारणों से लिया गया निर्णय, 28 अप्रैल से 7 मई तक होनी थीं परीक्षाएं

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आयोजित होने वाली विभागीय परीक्षाओं को प्रशासनिक कारणों से फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड, शिमला के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 अप्रैल से 7 मई, 2026 तक प्रस्तावित परीक्षाएं आगामी आदेशों तक नहीं होंगी। इस निर्णय से राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को अस्थायी राहत मिली है, वहीं नई तिथि का इंतजार भी शुरू हो गया है।

उन्होंने बताया कि ये परीक्षाएं भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा, तहसीलदार व नायब तहसीलदार, अन्य राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारियों, कानूनगो और पटवारियों समेत विभिन्न बोर्डों और निगमों के कर्मचारियों के लिए आयोजित की जानी थीं।

बड़ी संख्या में अभ्यर्थी इन परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए थे, ऐसे में स्थगन की सूचना उनके लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

सचिव ने स्पष्ट किया कि संशोधित तिथि-सारणी जल्द ही डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट पर नजर बनाए रखें, ताकि नई तिथियों की जानकारी समय पर प्राप्त हो सके।

# हिमाचल कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव के लिए झोंकी पूरी ताकत

## सीएम सुक्खू, प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार और डिप्टी सीएम मुकेश सभी कमेटियों में शामिल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नगर निगम चुनावों को लेकर कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी ने सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर नगर निगमों के लिए चुनावी कमेटियों का गठन कर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि यह चुनाव पार्टी की प्रतिष्ठा की लड़ाई के रूप में लड़ा जाएगा। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री को हर कमेटी में शामिल कर शीर्ष नेतृत्व ने चुनावों की कमान अपने हाथ में रख ली है।

सूत्र बताते हैं कि इन चुनावी कमेटियों के जरिए कांग्रेस संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की कोशिश कर रही है। मंत्रियों, विधायकों और जिला अध्यक्षों को एक साथ जोड़कर माइक्रो मैनेजमेंट की रणनीति अपनाई गई है, जिससे बूथ स्तर तक पकड़ मजबूत की जा सके। यह भी स्पष्ट है कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों से पहले इन निकाय चुनावों को एक बड़े राजनीतिक संकेत के रूप में देख रही है।




◆ चारों नगर निगमों के लिए अलग अलग चुनावी कमेटियां गठित, मंत्रियों और विधायकों को बड़ी जिम्मेदारी

◆ संगठन और सरकार के तालमेल से माइक्रो मैनेजमेंट पर जोर, जमीनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति

वहीं क्षेत्रीय प्रभाव को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने अलग-अलग नगर निगमों में मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है। सोलन में धनीराम शांडिल, हर्षवर्धन चौहान, रोहित ठाकुर और अनिरुद्ध सिंह को मोर्चे पर लगाया गया है, जबकि मंडी में विक्रमादित्य सिंह और जगत सिंह नेगी को अहम भूमिका दी गई है। कांगड़ा और पालमपुर में भी वरिष्ठ नेताओं और मंत्रियों को जिम्मेदारी देकर चुनावी समीकरण साधने की कोशिश की गई है।

इसके अलावा विभिन्न निगमों में पूर्व मंत्रियों, विधायकों और जिला कांग्रेस अध्यक्षों को भी कमेटियों में शामिल किया गया है। सोलन, मंडी, धर्मशाला और पालमपुर में स्थानीय नेताओं की भागीदारी बढ़ाकर कांग्रेस जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने में जुटी है। हालांकि 29 अप्रैल से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया से पहले जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर में व्यस्त रहना पार्टी के लिए एक चुनौती बन सकता है।

### मुकाबला कड़ा बनाने की तैयारी

कुल-मिलाकर कांग्रेस ने नगर निगम चुनावों को लेकर जिस तरह शीर्ष नेतृत्व से लेकर जमीनी कार्यकर्ताओं तक पूरी श्रृंखला को सक्रिय किया है, उससे यह मुकाबला बेहद दिलचस्प होने जा रहा है। अब देखना होगा कि यह रणनीति मतदाताओं के दिलों तक कितनी गहराई से पहुंचती है, लेकिन इतना तय है कि हिमाचल की सियासत में यह चुनाव एक मजबूत सियासी संदेश और भविष्य की दिशा तय करने वाला निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।

# निधि लेखा समिति ने 48 .58 करोड़ की वसूली लंबित होने पर जताई नाराजगी



बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते सभापति एवं सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ लेखा आपत्तियों और अनियमित व्ययों पर सख्त रुख

◆ वसूली में धीमी प्रगति पर उठे सवाल, बकायेदारों को एनओसी न देने की सिफारिश

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में शुक्रवार को स्थानीय निधि लेखा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता समिति के सभापति संजय रत्न ने की। बैठक में समिति सदस्यों संजय अवस्थी, मलेंद्र राजन तथा कुलदीप सिंह राठौर ने भाग लिया। बैठक में पंचायती राज संस्थाओं और स्थानीय निकायों से जुड़े लंबित लेखा मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान समिति ने पाया कि 31 मार्च 2025 तक 50.68 करोड़ की राशि वसूली योग्य थी, लेकिन 31 दिसंबर 2025 तक नौ महीनों में केवल 2.09 करोड़ की ही वसूली या समायोजन हो सका। शेष 48.58 करोड़ की भारी राशि अब भी लंबित है। इस स्थिति को गंभीर बताते हुए समिति ने इसे अत्यंत असंतोषजनक करार दिया और संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। समिति ने सरकार को निर्देश जारी करने का निर्णय लेते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों पर लेखा परीक्षण के तहत देनदारियां लंबित हैं, उन्हें पूर्ण वसूली तक चुनाव लड़ने के लिए एनओसी जारी न किया जाए। साथ ही सभी विभागों को निर्देश दिए गए कि समिति की संस्तुतियों पर की गई कार्रवाई की अद्यतन जानकारी निर्धारित समय में प्रस्तुत की जाए। इसके अतिरिक्त समिति ने 26 मई 2026 को मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार का मौखिक साक्ष्य लेने का भी निर्णय लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### नर्सिंग संस्थान में अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर के नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान में छात्राओं की गंभीर समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला रामपुर कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को खनेरी अस्पताल चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रोशन लाल कौंडल को ज्ञापन दिया। छात्राओं ने बताया कि एक कमरे में 15-15 लड़कियां ठहराई जा रही हैं। 85 छात्राओं के लिए सिर्फ एक शौचालय है। महीने के 3600 रुपये शुल्क के बावजूद पौष्टिक भोजन नहीं मिलता। 19 साल से बिना टेंडर एक ही ठेकेदार कैंटीन चला रहा है। प्रशासनिक दबाव से छात्राएं खुलकर शिकायत नहीं कर पा रही। जिला संयोजक रवि वर्मा ने कहा, शीघ्र समाधान न हुआ तो उग्र आंदोलन होगा, जिसकी जिम्मेदारी हॉस्टल प्रशासन की होगी।



### विकास व प्रदीप बने विनय कुमार के राजनीतिक सचिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए विकास कालटा और प्रदीप सूर्या को अपना राजनीतिक सचिव नियुक्त किया है। इस संबंध में प्रदेश संगठन महामंत्री विनोद ज़िंटा ने अधिसूचना जारी कर दी है। इन नियुक्तियों को संगठन में नई ऊर्जा और बेहतर तालमेल स्थापित करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विकास कालटा और प्रदीप सूर्या दोनों ही राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) और युवा कांग्रेस में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पदों पर अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, वे पूर्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी में सचिव पद पर भी कार्य कर चुके हैं, जिससे संगठनात्मक अनुभव का उन्हें व्यापक ज्ञान है। पार्टी नेतृत्व को विश्वास है कि इनकी नियुक्ति से जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित होगा।

# सिकंदर कुमार का वार, पलटूराम मुख्यमंत्री बन गई सुक्खू सरकार

अनंत ज्ञान

◆ फैसलों के यू-टर्न को लेकर जनता में बढ़ा आक्रोश

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'पलटूराम' मुख्यमंत्री करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सियासत में सुक्खू सरकार की पहचान अब फैसलों के यू-टर्न लेने वाली सरकार के रूप में बनती जा रही है। उनके अनुसार, सरकार पहले बिना ठोस योजना के निर्णय लेती है और फिर जनता के भारी विरोध के बाद उन्हें वापस लेने को मजबूर हो जाती है, जिससे शासन की विश्वसनीयता पर असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हाल के समय में कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जिनसे सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं। समोसा विवाद से लेकर शौचालय शुल्क लगाने की अधिसूचना और फिर उसे 'लिपिकीय त्रुटि' बताकर वापस लेना, 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना में बदलाव की कोशिश और कर्मचारियों के वेतन-पेंशन से जुड़े फैसलों पर पीछे हटना, ये सभी घटनाएं सरकार की अस्थिर नीति को दर्शाती हैं।

सिकंदर कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार को सही फीडबैक नहीं मिल रहा, जिसके कारण उसे बार-बार सार्वजनिक रूप से असहज होना पड़ता है। हिमाचल भवन और सर्किट हाउस के कमरों के किराए बढ़ाने और फिर विरोध के बाद उसे वापस लेने का निर्णय भी इसी कड़ी का हिस्सा बताया गया। उन्होंने कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो 'पलटूराम' की यह छवि आने वाले समय में मुख्यमंत्री के लिए बड़ी राजनीतिक चुनौती बन सकती है।

# कर्मचारियों के बकाया पर सियासी घमासान

◆ प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने उठाई आवाज


◆ महंगाई भत्ते और एरियर रोकने पर सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश में कर्मचारियों की बिगड़ती स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। मोर्चा के संस्थापक प्रवीण शर्मा ने कहा कि कई वर्षों से कर्मचारियों के भत्ते और वित्तीय लाभ लंबित पड़े हैं, जबकि प्रदेश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब नहीं है कि इन देनदारियों को रोका जाए। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच महंगाई भत्ता और अन्य लाभ न मिलने से कर्मचारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है, जिससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद एरियर का भुगतान नहीं किया गया है, जो आदेशों की अवहेलना है। प्रवीण शर्मा ने कहा कि जब भी कर्मचारी अपने अधिकारों की बात करते हैं, तो सरकार धन की कमी का हवाला देकर उन्हें टाल देती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कर्मचारियों की लंबित देनदारियां नहीं दी गईं, तो संघर्ष तेज किया जाएगा, क्योंकि लगातार हकों को दबाना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# एचपीयू में ज्योतिबा फुले सत्र पर विवाद

अनंत ज्ञान



डीन ऑफ स्टडीज को ज्ञापन सौंपते लोक प्रशासन विभाग के छात्र।

◆ छात्रों ने एबीवीपी के आरोपों को बताया भ्रामक

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन विभाग द्वारा 23 अप्रैल 2026 को आयोजित ज्योतिबा फुले की जीवनी पर आधारित सत्र को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। छात्र संगठन एबीवीपी द्वारा सत्र के खिलाफ विरोध जताते हुए विभागीय अधिकारियों का घेराव किया गया और सोशल मीडिया पर इसे लेकर आपत्तियां उठाई गईं। एबीवीपी का आरोप है कि सत्र के दौरान हिंदू धर्म की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया। हालांकि, लोक प्रशासन विभाग के छात्रों ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए डीन ऑफ स्टडीज को ज्ञापन सौंपा है और कहा है कि सत्र पूरी तरह अकादमिक दायरे में, गंभीर बौद्धिक विमर्श और खुली चर्चा के तहत आयोजित किया गया था।

छात्रों ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि वे स्वयं सत्र में उपस्थित थे और पूरी जिम्मेदारी के साथ यह कहते हैं कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली बात नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ वर्गों द्वारा सत्र को लेकर भ्रामक और निराधार प्रचार किया जा रहा है, जो न केवल तथ्यों की गलत प्रस्तुति है बल्कि अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश भी है।

छात्रों ने एबीवीपी के इस रवैये का कड़ा विरोध करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि झूठी अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि बाहरी दबाव और अपुष्ट दावों के आधार पर लिया गया कोई भी निर्णय अकादमिक स्वतंत्रता और संस्थान की स्वायत्तता के लिए खतरा साबित होगा।

# भाजपा को झटका, राय सिंह बाल्टू कांग्रेस में शामिल

अनंत ज्ञान



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के साथ कांग्रेस में शामिल होते राय सिंह बाल्टू। अनंत ज्ञान

◆ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात के बाद लिया निर्णय

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल क्षेत्र की ग्राम पंचायत रावीं के घूंसा गांव से भाजपा के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता राय सिंह बाल्टू ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। उन्होंने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली और जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में जारी विकास कार्यों से प्रभावित होकर यह निर्णय लिया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंदर मैहता ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान मिलेगा। इस मौके पर घूंसा गांव के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता राय सिंह और बीएस बाल्टू भी मौजूद रहे।

# नगर निगम चुनावों के लिए 26 तक कांग्रेस ने मांगे आवेदन

◆ ब्लॉक से जिला और फिर प्रदेश स्तर पर होगा चयन प्रक्रिया का परीक्षण


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने सोलन, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला नगर निगम चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवारों से 26 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन संबंधित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों के पास जमा करवाने होंगे, जबकि आवेदन स्वीकार करने की अंतिम समय सीमा 26 अप्रैल को सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

विनय कुमार ने बताया कि नगर निगम चुनावों के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित चुनाव समिति ही पार्टी प्रत्याशियों का अंतिम चयन करेगी।

सभी आवेदन पहले ब्लॉक अध्यक्षों से होते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंचाए जाएंगे, जहां उनकी गहन जांच-पड़ताल की जाएगी। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करते हुए योग्य उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी।

# सुरेश कश्यप बोले-खेल मैदानों पर ब्रेक, पेयजल योजनाओं पर बढ़ा संकट

अनंत ज्ञान



◆ युवाओं व खिलाड़ियों के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

◆ विकास कार्य ठप, बजट जारी न होने से अटकी योजनाएं

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो चुके हैं और सरकार की नीतिगत विफलताओं का सीधा असर युवाओं, खिलाड़ियों और आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री युवा खेल प्रोत्साहन योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को दिए जाने वाले 15-15 लाख रुपए इस वर्ष जारी नहीं किए गए, जिससे खेल मैदानों और जिम निर्माण के कार्य अधर में लटक गए हैं।

कश्यप ने कहा कि खेल अधोसंरचना के विकास पर रोक लगाकर सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने विशेष रूप से कांगड़ा जिले का जिक्र करते हुए कहा कि वहां किसी भी विधानसभा क्षेत्र को इस योजना के तहत धनराशि नहीं मिली, जो प्रशासनिक विफलता के साथ-साथ राजनीतिक भेदभाव को भी दर्शाता है। उनके अनुसार सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित रह गई है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बिल्कुल विपरीत हैं।

पेयजल व्यवस्था को लेकर भी कश्यप ने सरकार को घेरा और कहा कि सतलुज पेयजल योजना में लगातार हो रही देरी के कारण शिमला सहित कई क्षेत्रों में जल संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने कहा कि 1168 करोड़ रुपए की इस महत्वपूर्ण परियोजना के समय पर पूरा न होने से विश्व बैंक की वित्तीय सहायता पर भी खतरा मंडरा रहा है। कश्यप ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्य पूरे नहीं हुए तो आने वाले समय में जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# केएनएच में इलाज महंगा होने से गरीबों पर पड़ी सीधी मार: संदीपनी

अनंत ज्ञान



◆ मुफ्त इलाज के वादे को लेकर सवालों में घिरी सरकार

◆ महिला-बाल अस्पताल में शुल्क ने बढ़ाई चिंता

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल में यूजर चार्जेज लागू करने के फैसले को लेकर सियासत तेज हो गई है। भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे गरीब, महिलाओं और बच्चों पर सीधा आर्थिक बोझ बताया है। उनका कहना है कि जिस अस्पताल को सबसे बड़ा सरकारी सहारा माना जाता है, वहां अब रजिस्ट्रेशन से लेकर जांच और इलाज तक हर सेवा के लिए शुल्क वसूली जाना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के दावे अब खोखले साबित हो रहे हैं और सरकारी अस्पतालों को पेमेंट सेंटर में बदला जा रहा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि रजिस्ट्रेशन फीस, वार्ड चार्ज, ऑपरेशन शुल्क, जांच और प्रमाण पत्र तक के लिए शुल्क तय करना इस बात का संकेत है कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमदनी का जरिया बनाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब निजी अस्पताल पहले से महंगे हैं और अब सरकारी अस्पतालों में भी शुल्क लागू हो गया, तो गरीब और मध्यम वर्ग आखिर इलाज के लिए कहां जाएंगे। इसे सरकार की असफल स्वास्थ्य नीति बताते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि भाजपा इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाएगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी करेगी।

**लगाव** कोटखाई के रतनाडी स्थित मीना बाग में बिताए सुकून भरे पल

# शिमला की खूबसूरत वादियों में सुकून तलाशती प्रीति जिंटा

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला जिला की वादियों में आजकल एक अलग ही सुकून महसूस किया जा सकता है, जहां हर झोंका जैसे मन को ठंडक देता है और हर दृश्य दिल को थाम लेने का एहसास कराता है। ऐसी ही शांत और सुंदर फिजाओं में मशहूर अदाकारा प्रीति जिंटा ने जिला शिमला में कोटखाई की रतनाड़ी पंचायत स्थित मीना बाग में कुछ दिन बिताए। आईपीएल की व्यस्तता और शहरों की भागदौड़ से दूर यह सफर उनके लिए राहत और सुकून के कुछ खास पल लेकर आया।

प्रीति जिंटा इन वादियों में कुछ इस तरह घुल-मिल गईं जैसे कोई अपना लंबे समय बाद घर लौटा हो। पहाड़ों के उन्नत शिखरों पर पड़ी बर्फ, ताजी ठंडी हवा और चारों ओर फैली हरियाली ने उनके मन को गहराई से छुआ। कभी धूप में बैठकर, तो कभी खुले आसमान के नीचे टहलते हुए, उन्होंने उन छोटे-छोटे लम्हों को जिया जो अक्सर रोजमर्रा की जिंदगी में पीछे छूट जाते हैं।

यहां पर यही खासियत है कि यहां की खामोशी भी बहुत कुछ कहती है। हवा की हल्की सरसराहट, पक्षियों की आवाज और दूर तक फैले पहाड़ इंसान को खुद के करीब ले आते हैं। प्रीति जिंटा का यह प्रवास भी इसी सुकून और आत्मीय जुड़ाव का एक खूबसूरत उदाहरण बन गया, जहां उन्होंने प्रकृति के बीच खुद के लिए समय निकाला।

कोटखाई का मीना बाग इस प्राकृतिक सौंदर्य का एक हिस्सा है, जहां सादगी और शांति का एहसास मिलता है। यहां पहले भी कई जानी-मानी हस्तियां आ चुकी हैं। क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी और बेटी के साथ यहां समय बिता चुके हैं। वहीं प्रसिद्ध कलाकार दीप्ति नवल और अमोल पालेकर भी इस जगह की खूबसूरती का आनंद ले चुके हैं। इसके अलावा देश-विदेश से पर्यटक यहां आकर पहाड़ों की इस नैसर्गिक सुंदरता को करीब से महसूस करते हैं।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल शिमला पहुंचे

अनंत ज्ञान



शिमला पहुंचने पर केसी वेणुगोपाल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

◆ लोक लेखा समिति की बैठक पर रहेगा फोकस

**ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव एवं लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल शुक्रवार को शिमला पहुंचे, जहां हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वेणुगोपाल लोकसभा की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष भी हैं और उनका यह दौरा प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, समिति आगामी दो दिनों तक शिमला में विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, सरकारी खर्च, योजनाओं के क्रियान्वयन और वित्तीय पारदर्शिता की गहन समीक्षा करेगी। इसके बाद समिति के धर्मशाला जाने की भी संभावना जताई जा रही है, जहां राज्य सरकार के विभिन्न परियोजनाओं और प्रशासनिक कार्यों का आकलन किया जाएगा।

यह दौरा राज्य में विकास कार्यों की प्रगति और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को परखने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। लोक लेखा समिति की समीक्षा से वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण संकेत मिलने की उम्मीद है।

# हरभजन सिंह भज्जी बने हिमाचल हैंडीक्राफ्ट निगम के चेयरमैन

अनंत ज्ञान



हरभजन सिंह भज्जी सीएम सुक्खू से शिष्टाचार भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरभजन सिंह भज्जी को सौंप दी है। लंबे राजनीतिक अनुभव और साफ-सुथरी छवि के लिए पहचाने जाने वाले भज्जी शिमला शहरी क्षेत्र से कांग्रेस टिकट पर विधायक भी रह चुके हैं। पार्टी संगठन में भी उनका योगदान अहम रहा है और उन्हें एक सुलझे हुए, ईमानदार तथा जमीनी नेता के रूप में जाना जाता है। सरकार ने उनके अनुभव को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे हस्तशिल्प और हथकरघा क्षेत्र को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सरकारी अधिसूचना के अनुसार भज्जी को तत्काल प्रभाव से चेयरमैन नियुक्त किया गया है। साथ ही निगम के निदेशक मंडल में अन्य सदस्यों की भी नियुक्ति की गई है। माना जा रहा है कि आने वाले तीन महीनों में निगम की कार्यप्रणाली में सुधार, कारीगरों को बेहतर मंच और उत्पादों के विपणन को लेकर ठोस पहल देखने को मिलेगी। भज्जी का प्रशासनिक अनुभव और राजनीतिक पकड़ इस क्षेत्र में नई ऊर्जा भरने का काम कर सकती है, जिससे प्रदेश के हस्तशिल्प उद्योग को मजबूती मिलने की संभावना है। प्रदेशभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने हरभजन सिंह भज्जी को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है। समर्थकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में निगम नई ऊंचाइयों को छुएगा और कारीगरों के हितों की बेहतर तरीके से रक्षा होगी।

# सीएम सुक्खू ने जनसमस्याओं के हल के लिए दिए निर्देश



शिमला में जन समस्याएं सुनते हुए सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जन समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आम लोगों की शिकायतें सुनीं। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिन्हें उन्होंने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का मूल उद्देश्य जनता को राहत पहुंचाना है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**◆ शिमला में सुनीं लोगों की शिकायतें**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल के शिमला आगमन पर उनका स्वागत भी किया। दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के विकास, संगठनात्मक मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार और संगठन मिलकर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि प्रदेश में सुशासन को और सुदृढ़ किया जा सके।

## हिमाचल में स्कूल मर्जर पर सुक्खू सरकार का यू-टर्न, कहा-

# नूरपुर, सरकाघाट,धर्मशाला और देहरा में फिर अलग होंगे स्कूल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक अहम मोड़ सामने आया है, जहां सरकार ने अपने ही पूर्व निर्णय से पीछे हटते हुए स्कूल मर्जर के फैसले में आंशिक संशोधन कर दिया है।

शिक्षा विभाग की ताजा अधिसूचना के अनुसार नूरपुर, धर्मशाला, सरकाघाट और देहरा में लड़कों और लड़कियों के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को एकीकृत करने का निर्णय अब रद्द कर दिया गया है। यह वही स्कूल हैं जिन्हें फरवरी 2026 में सह-शिक्षा मॉडल के तहत एकीकृत किया गया था, लेकिन अब इन्हें फिर से अलग-अलग संचालित किया जाएगा।

सूत्र बताते हैं कि सरकार के इस यू-टर्न के पीछे स्थानीय स्तर पर उठी आवाजें निर्णायक मानी जा रही हैं। अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों ने लड़कों और लड़कियों के स्कूलों के विलय पर गंभीर आपत्तियां जताई थीं। कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन भी दिए गए थे, जिसमें स्कूलों की परंपरा, सुरक्षा और शैक्षणिक माहौल को लेकर चिंता व्यक्त की गई। इन प्रतिक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अपने निर्णय की समीक्षा की और संशोधित अधिसूचना जारी की।

हालांकि मर्जर रद्द करने के साथ ही सरकार ने एक नई दोहरी व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है, जो शिक्षा ढांचे में बड़ा बदलाव मानी जा रही है। इसके तहत प्रत्येक स्थान पर दो अलग-अलग स्कूल तो संचालित होंगे, लेकिन दोनों सह-शिक्षा प्रणाली पर आधारित होंगे। इनमें से एक स्कूल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होगा, जिसे वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक चलाया जाएगा, जबकि दूसरा स्कूल हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होकर हाई स्कूल स्तर तक संचालित होगा। इससे छात्रों को एक ही स्थान पर अलग-अलग पाठ्यक्रमों में चयन का अवसर मिलेगा।

नई व्यवस्था के तहत भवन और संसाधनों का पुनर्वितरण भी किया जाएगा। किस स्कूल को कौन-सा भवन मिलेगा और किस परिसर में कौन-सा बोर्ड संचालित होगा, इसका अंतिम निर्णय शिक्षा निदेशक द्वारा किया जाएगा।

इसके लिए स्कूलों के बुनियादी ढांचे, उपलब्ध सुविधाओं और छात्र संख्या जैसे पहलुओं का विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि संसाधनों का संतुलित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

### बेहतर शैक्षणिक वातावरण को ध्यान में रख कर लिया निर्णय : राकेश कंवर

**शिक्षा** विभाग के सचिव राकेश कंवर ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय पूरी तरह से विद्यार्थियों के हित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण को ध्यान में रखकर लिया गया है। एक ओर जहां इससे स्कूलों की ऐतिहासिक पहचान और सामाजिक संवेदनशीलता बरकरार रहेगी। वहीं पर पहली बार दोहरी व्यवस्था भी लागू रहेगी।

# राज्यपाल ने विजन-2047 सम्मेलन का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान



राज्यपाल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की में आयोजित विजन 2047 सम्मेलन मैं बोलते हुए।

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विजन 2047-समृद्ध एवं महान भारत 2.0 का उद्घाटन राज्यपाल श्री कविंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर वे मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जहां देश-विदेश के शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में विचार साझा किए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समन्वित नीतियां, नवाचार और संस्थागत सहयोग अत्यंत आवश्यक हैं।

**◆ बोले-विकसित भारत के लिए नवाचार और समन्वित नीतियां जरूरी**

दौरे के दौरान राज्यपाल ने संस्थान की इलेक्ट्रिक वाहन प्रयोगशाला का निरीक्षण किया और सतत परिवहन से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया। उन्होंने शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण अनुकूल और तकनीकी रूप से उन्नत गतिशीलता समाधान भविष्य की आवश्यकता हैं। इस अवसर पर दिव्यांगजनों के लिए विकसित 'सुगम गतिशीलता वाहन' भी प्रस्तुत किया गया, जिसे विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से तैयार किया गया है। राज्यपाल ने इसे सामाजिक समावेशन और तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आभासी माध्यम से संबोधित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. केके पंत और सम्मेलन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भी अपने विचार रखे और राष्ट्रीय विकास में शिक्षा, उद्योग और शासन के समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय रोजगार नीति का शुभारंभ भी किया गया।

# राष्ट्रपति के हिमाचल दौरे को लेकर सचिवालय स्तर पर अलर्ट

अनंत ज्ञान



राज्य सचिवालय शिमला में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक का दृश्य।

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता की अध्यक्षता में शिमला स्थित सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में 27 अप्रैल से 2 मई तक के दौरे की व्यापक तैयारियों की समीक्षा की गई। राष्ट्रपति के एक सप्ताह के इस प्रवास को लेकर सुरक्षा, व्यवस्थाओं और समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि कार्यक्रम निर्विघ्न और गरिमामय ढंग से संपन्न हो सके।

बैठक में पिछले सप्ताह हुई समीक्षा बैठक के निर्णयों पर की गई प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की स्थिति पर चर्चा करते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि सभी तैयारियां समय पर पूरी हों। प्रशासनिक स्तर पर यह स्पष्ट किया गया कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की चूक की गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए और हर पहलू पर सतर्कता बरती जाए।

**◆ सुरक्षा और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा, 27 अप्रैल से 2 मई तक प्रस्तावित दौरे को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित**

**◆ सुरक्षा, यातायात और मीडिया समन्वय पर विशेष फोकस**

दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई है। इसमें सुरक्षा पास की व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वीआईपी मूवमेंट, और प्रेस कवरेज के बेहतर समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से विचार किया गया। कांगड़ा, शिमला तथा लाहौल एवं स्पीति जिलों में प्रस्तावित कार्यक्रमों को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं ताकि प्रत्येक स्थान पर व्यवस्थाएं एक समान और सुदृढ़ बनी रहें।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों और एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल पर बल देते हुए कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दौरे को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी, सचिव (सामान्य प्रशासन) आशीष सिंहमार, उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जबकि अन्य जिलों के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# हिमाचल में हिमनदों का बढ़ा खतरा

### राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने स्वत: संज्ञान लेकर राज्यों से मांगा जवाब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** केंद्रीय हिमालय में लटकते व अस्थिर हिमनदों से उत्पन्न खतरों को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने स्वत: संज्ञान लेते हुए हिमालयी राज्यों, विशेषकर हिमाचल प्रदेश पर भी ध्यान केंद्रित किया है। अधिकरण की इस कार्रवाई के बाद हिमाचल में भी प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है, क्योंकि प्रदेश के कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इसी तरह की परिस्थितियां पहले से मौजूद हैं और भविष्य में बड़े खतरे का कारण बन सकती हैं।

**◆ केंद्रीय हिमालय पर वैज्ञानिक चेतावनी हिमाचल के ऊंचाई वाले क्षेत्र भी दायरे में**

वैज्ञानिक अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया है कि हिमनदों का तेजी से खिसकना और पिघलना, भूकंपीय संवेदनशीलता तथा ऊंचाई वाले इलाकों में बढ़ती मानवीय गतिविधियां मिलकर हिमस्खलन और अचानक आने वाली प्राकृतिक आपदाओं की आशंका को बढ़ा रही हैं। यह स्थिति केवल उत्तराखंड तक सीमित नहीं है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, किन्नौर, पांगी और चंबा जैसे क्षेत्रों में भी इसी तरह के लटकते हिमनद मौजूद हैं, जो जोखिम को और गंभीर बनाते हैं।

अधिकरण ने अपने आदेश में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित कई संस्थाओं को नोटिस जारी किए हैं। वहीं, हिमालयी राज्यों से भी शपथ पत्र के माध्यम से विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। ऐसे में हिमाचल सरकार के संबंधित विभागों को भी अपने क्षेत्रों में हिमनदों की स्थिति, संभावित खतरे और उठाए जा रहे एहतियाती कदमों का ब्यौरा देना होगा।

# फैसला बदलने वाली सरकार चला रहे सुक्खू, जनता में भ्रम की स्थिति : जयराम

अनंत ज्ञान



**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी में जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सुखविंद्र सिंह सुक्खू व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर फैसला परिवर्तन की सरकार चला रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सुबह फैसले लेती है और शाम तक उन्हें बदल देती है, जिससे प्रदेश में भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि बार-बार फैसले पलटने से सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसे फैसले आखिर कौन ले रहा है। उन्होंने कहा कि कई फैसले जनहित, तर्क और दूरदर्शिता के बिना लिए जा रहे हैं, जिसके चलते उन्हें वापस लेना पड़ रहा है या न्यायालय में टिक नहीं पा रहे हैं। उन्होंने पंचायत चुनाव, टैक्स वृद्धि, संस्थान बंद करने और अन्य प्रशासनिक निर्णयों का उदाहरण देते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अराजकता और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और मुख्यमंत्री ऐसे फैसले लेने वाले लोगों पर कार्रवाई करने में असमर्थ दिख रहे हैं।

हाल के फैसलों में स्कूल मर्जर, भवनों के किराए में बढ़ोतरी, पुनर्नियुक्तियों और कर्मचारियों से जुड़े निर्णयों को वापस लेने की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने सरकार को अस्थिर बताया। जयराम ने मंडी के चक्कर प्लांट में दूध फेंकने वाले किसान का दूध न खरीदने के निर्णय को हिटलरशाही करार दिया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की समस्याएं सुलझाने के बजाय उनकी आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी कार्यशैली स्वीकार नहीं की जाएगी।

# लाहौल स्पीति के अनिल सहगल को हिमकोफेड में निदेशक की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने हिमकोफेड (हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास महासंघ) के निदेशक मंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए गैर-सरकारी सदस्यों के नामांकन को मंजूरी दे दी है। इसमें लाहुल-स्पीति के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार सहगल को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल किया गया है।

इस नियुक्ति को जनजातीय जिला लाहुल-स्पीति के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि और राजनीतिक संतुलन के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। घोषणा के बाद क्षेत्र में उत्सव का माहौल है। स्थानीय लोगों और सहकारी कार्यकर्ताओं का मानना है कि सहगल का अनुभव जिले के सहकारी ढांचे को मजबूत करेगा। निवासियों के अनुसार यह केवल एक पद नहीं, बल्कि लाहौल-स्पीति की आवाज को मजबूती देने वाला कदम है, जिससे किसानों और बागवानों को सीधा लाभ मिलेगा। अब सभी की नजरें 28 अप्रैल को होने वाली बैठक पर टिकी हैं, जहां सहकारी क्षेत्र के लिए नए रोडमैप की उम्मीद जताई जा रही है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार अनिल सहगल का चयन जनजातीय क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। इससे लाहुल-स्पीति की सहकारी संस्थाओं और किसानों की समस्याएं अब राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाई जा सकेंगी।

# ममता मुख्यमंत्री नहीं, माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदे आजम : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के तहत एंटली और हावड़ा उत्तर विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदे आजम के रूप में कार्य कर रही हैं। बंगाल की अस्मिता और संसाधनों की रक्षा के लिए टीएमसी सरकार का जाना और भाजपा सरकार का आना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बांग्ला स्वाभिमान, बांग्ला संस्कृति और बंगाल के अस्तित्व की रक्षा का चुनाव है। लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठ एक गंभीर समस्या बनी हुई है। कांग्रेस, कम्युनिस्ट और टीएमसी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इन दलों ने योजनाबद्ध तरीके से घुसपैठ को बढ़ावा दिया, जिससे यह उनके लिए वोट बैंक बन गया।

राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के बजाय भ्रष्टाचार और कट-मनी की राजनीति को बढ़ावा दिया गया, जिसके चलते कई मंत्री और नेता भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तार हुए हैं। अनुराग ने कहा कि पूर्व चुनावों में टीएमसी से जुड़े तत्वों द्वारा मतदान प्रक्रिया को प्रभावित किया जाता था, लेकिन इस बार भयमुक्त वातावरण में रिकॉर्ड मतदान हुआ है, जिससे बदलाव का संकेत स्पष्ट है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा बहुमत के साथ सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने टीएमसी शासन को जंगलराज बताते हुए कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा व्यवस्था और रोजगार की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि भाजपा को दिया गया प्रत्येक वोट कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा और राज्य में शांति व विकास सुनिश्चित करेगा। महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के साथ हुए अत्याचारों को दबाया गया है और वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आने दिए गए। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा की सरकार बनने पर सभी वर्गों की महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा।

# त्यूड़ी में गर्दन पर गंडासा रखकर शराब ठेके से नकदी व सामान ले उड़े बदमाश

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला के त्यूड़ी गांव में वीरवार रात एक सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई है, जहां चार अज्ञात युवकों ने धारदार हथियार के बल पर शराब के ठेके को निशाना बनाया। घटना रात करीब 10:45 बजे की बताई जा रही है, जब ठेके पर कार्यरत सेल्समैन विनोद कुमार रोजाना की बिक्री का हिसाब कर रहे थे।

**◆ ग्राहक बनकर आए लुटेरों ने वारदात को दिया अंजाम**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार युवक एक मोटरसाइकिल और एक सफेद रंग की स्कूटी पर सवार होकर ठेके के बाहर पहुंचे। सभी ने अपने चेहरे रूमाल से ढके हुए थे। उन्होंने पहले बीयर कैन मांगी और जैसे ही सेल्समैन फ्रिज की ओर गया, दो युवक ठेके के अंदर घुस आए। इनमें से एक ने गंडासा निकालकर विनोद कुमार की गर्दन पर रख दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए पैसों के बारे में पूछताछ शुरू कर दी, जबकि दूसरे युवक ने उसे जबरन कुर्सी पर बैठा दिया। इसी दौरान तीसरा युवक अंदर आया और गल्ले से करीब 35 हजार रुपए नकद, शराब की आठ बोतलें और सेल्समैन का मोबाइल फोन लूट लिया। चौथा युवक बाहर खड़ा होकर निगरानी करता रहा। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के समय आसपास कोई दुकान खुली नहीं थी, जिससे तुरंत मदद नहीं मिल सकी। राहत की बात यह रही कि आरोपियों ने सेल्समैन को कोई शारीरिक नुकसान नहीं पहुंचाया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। सचिन हिरेमठ ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं और मामले को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के प्रयास जारी हैं।

**फोकस** तकनीक व शोध खेत तक पहुंचाने पर जोर, किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य

# लखनऊ कृषि सम्मेलन में हिमाचल के बागवानी हितों की भी उठी आवाज

अनंत ज्ञान




कृषि सम्मेलन में भाग लेते केंद्रीय मंत्री और राज्यों के मंत्री। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित उत्तर क्षेत्र कृषि सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ व कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में खेती-किसानी के भविष्य को लेकर बड़ा खाका सामने आया। सम्मेलन में साफ कहा गया कि जब तक वैज्ञानिक शोध और नई तकनीक सीधे खेत तक नहीं पहुंचेगी, तब तक किसान को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा। इसी के साथ उत्पादन, बाजार और प्रसंस्करण के बेहतर तालमेल को कृषि सुधार की अहम कड़ी बताया गया।

सम्मेलन में सबसे बड़ा फोकस नकली खाद, बीज और कीटनाशकों के बढ़ते खतरे पर रहा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साफ शब्दों में कहा कि किसान के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने राज्यों को निर्देश दिए कि इस तरह के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं, क्योंकि घटिया इनपुट से न केवल उत्पादन प्रभावित होता है बल्कि किसान का भरोसा भी टूटता है। साथ ही संतुलित उर्वरक उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाने पर भी जोर दिया गया।

हिमाचल प्रदेश की ओर से बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने पर्वतीय कृषि और बागवानी की विशेष चुनौतियों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में फल, सब्जी और फूल उत्पादन की बड़ी संभावनाएं हैं, लेकिन गुणवत्ता, बाजार और परिवहन जैसी समस्याएं किसानों को प्रभावित करती हैं। इस दौरान राज्य के राजस्व मंत्री का भी उल्लेख हुआ, जिन्होंने आपदा और मौसमीय जोखिमों के कारण किसानों को होने वाले नुकसान और उसके समाधान पर केंद्र से सहयोग की आवश्यकता बताई।

सम्मेलन में यह भी सामने आया कि वर्तमान समय में कृषि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रह सकती। वैल्यू एडिशन, फूड प्रोसेसिंग और बाजार आधारित खेती की ओर बढ़ना जरूरी है। वैज्ञानिकों, कृषि विश्वविद्यालयों और किसानों के बीच सीधा संवाद बढ़ाने की रणनीति पर सहमति बनी, ताकि तकनीक का सही उपयोग हो सके और छोटे किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। किसान आईडी और किसान क्रेडिट कार्ड को भी इस दिशा में महत्वपूर्ण उपकरण बताया गया।

### भविष्य में खेती उच्च तकनीक व पारदर्शिता पर होगी आधारित

**उत्तर** भारत के इस बड़े कृषि मंच से साफ संकेत मिला कि आने वाले समय में खेती पूरी तरह तकनीक, गुणवत्ता और पारदर्शिता पर आधारित होगी। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों के लिए यह सम्मेलन नई संभावनाओं का द्वार खोलता नजर आया, जहां बागवानी और बहु-आयामी खेती के जरिए किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष फोकस रहेगा। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय से कृषि क्षेत्र में स्थायी सुधार की उम्मीद जताई गई।

# हिमाचल में पेट्रोल-डीजल आपूर्ति पर दबाव, सीमित सप्लाई से बढ़ी परेशानी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पर लगी सीमाओं के चलते कई पेट्रोल पंपों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। खासतौर पर भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम से मिलने वाले ईंधन पर पाबंदियों के कारण पंप संचालकों को सीमित भंडार में काम चलाना पड़ रहा है, जिससे स्थिति चिंताजनक बनती जा रही है।

**◆ बीपीसीएल और एचपीसीएल की सीमित आपूर्ति, आईओसीएल से फिलहाल राहत**

जानकारी के अनुसार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से फिलहाल आपूर्ति सामान्य बनी हुई है, जबकि अन्य कंपनियों के डीलरों को तय मात्रा में ही ईंधन दिया जा रहा है। इसके साथ ही निजी क्षेत्र की कंपनियों जैसे रिलायंस जियो-बीपी और नायरा एनर्जी के पंपों पर भी दबाव बढ़ने लगा है। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में परिवहन पूरी तरह पेट्रोल-डीजल पर निर्भर है। ऐसे में सीमित आपूर्ति भविष्य में बड़ी समस्या का रूप ले सकती है। जिन डीलरों के पास अपने टैंकर नहीं हैं, उन्हें अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है, क्योंकि टैंकरों की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है।

वर्तमान स्थिति में कंपनियां पंपों को पूरी तरह खाली होने से बचाने के लिए सीमित मात्रा में आपूर्ति कर रही हैं। हालांकि, इससे उपभोक्ताओं की सुविधा और उनकी पसंद प्रभावित हो रही है। कई स्थानों पर यदि किसी एक कंपनी के पंप पर ईंधन खत्म हो जाता है तो अन्य पंपों पर अचानक दबाव बढ़ जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में असंतुलन की स्थिति बन जाती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि कंपनियों का 'सूखा न होने देने' वाला यह मॉडल हिमाचल जैसे राज्य के लिए पूरी तरह उपयुक्त नहीं है। यदि किसी एक कंपनी की आपूर्ति बाधित होती है तो पूरे इलाके में ईंधन संकट खड़ा हो सकता है। ऐसे में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और डीलरों के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी हो गया है।

### क्या कहते हैं हिमाचल पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष

**हिमाचल** पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुकुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान में उत्पाद सीमित मात्रा में मिल रहा है। इंडियन ऑयल से आपूर्ति सामान्य है, लेकिन भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की ओर से सीमित सप्लाई दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन डीलरों के पास अपने टैंकर नहीं हैं, उन्हें सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्थिति को देखते हुए डीलरों ने प्रशासन से मांग की है कि जमीनी हालात को समझते हुए आपूर्ति व्यवस्था में बेहतर तालमेल स्थापित किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न झेलनी पड़े।

# कांगड़ा-चंबा के 8 हजार सरकारी बिजली कनेक्शन प्रीपेड में कन्वर्ट

## स्वास्थ्य और जल शक्ति विभाग में डिस्कनेक्शन पावर सेंट्रलाइज्ड

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा और चंबा में लगे आठ हजार के करीब सभी सरकारी बिजली कनेक्शन को प्रीपेड कर दिया गया है। हालांकि सभी सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शन प्रीपेड कर दिए गए हैं, लेकिन आम जनता से सीधे तौर पर जुड़े होने के चलते स्वास्थ्य विभाग और जल शक्ति विभाग में प्रीपेड व्यवस्था के तहत डिसक्नेशन पावर को सेंट्रलाइजड रखा गया है, क्योंकि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जनता स्वास्थ्य विभाग पर, जबकि पेयजल के लिए जल शक्ति विभाग पर आश्रित होती है, ऐसे में प्रीपेड व्यवस्था के तहत यदि इन दोनों विभागों के मीटर डिसकनेक्ट होते हैं तो इसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पड़ेगा, ऐसे में प्रीपेड व्यवस्था में इन दो विभागों को डिसकनेक्शन में छूट का प्रावधान किया गया है।

### दोनों जिलों में लगेंगे साढ़े सात लाख स्मार्ट मीटर: अजय



**विद्युत** बोर्ड कांगड़ा जोन के चीफ इंजीनियर ई. अजय गौतम ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में बताया कि जिला कांगड़ा और चंबा में साढ़े सात लाख के लगभग स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं, जिनका कार्य आगामी छह माह में पूरा कर लिया जाएगा, क्योंकि यह केंद्र की योजना है, जिससे विद्युत बोर्ड की ग्रांट बंधी हुई हैं। उन्होंने बताया कि साढ़े सात लाख में से 8 हजार के करीब सरकारी विद्युत कनेक्शन शामिल हैं, जिन्हें प्रीपेड में कन्वर्ट कर दिया गया है। हालांकि सभी सरकारी विभागों के विद्युत कनेक्शन प्रीपेड में कन्वर्ट कर दिए गए हैं, लेकिन जिन विभागों के साथ सीधे तौर पर आम जनता के हित जुड़े होते हैं, उन विभागों को प्रीपेड में छूट भी रहेगी, जिनमें स्वास्थ्य और जल शक्ति विभाग शामिल हैं।

### स्मार्ट मीटरिंग पूरी होने पर जारी की जाएगी ग्रांट

**ई.** अजय गौतम ने बताया कि विद्युत बोर्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्क जो कि आरडीएसएएस योजना के तहत एक कंपनी ने लिए हैं, जिसकी ग्रांट तभी जारी होगी, जब स्मार्ट मीटरिंग कार्य पूरा हो जाएगा। ऐसे में बोर्ड ने आगामी छह माह में स्मार्ट मीटरिंग कार्य पूरा करने का लक्ष्य तय किया है।

### हेल्थ, जेएसपी का अचानक न हो डिसक्नेशन, इसका रखा ध्यान

**बकौल** चीफ इंजीनियर स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता के लिए जरूरी हैं। वहीं जल शक्ति विभाग की वाटर लिफ्टिंग स्कीम के लिए प्रीपेड कनेक्शन में डिसकनेक्शन की पावर को विद्युत बोर्ड ने सेंट्रलाइजड रखा है, जिससे कि अचानक इन दोनों विभागों का डिसकनेक्शन न हो जाए, क्योंकि दोनों विभागों का आम जनता से सीधा कन्सर्न रहता है। इसके अलावा अन्य विभागों में प्रीपेड मीटरिंग पूरी तरह से लागू की जा चुकी है। आगामी छह माह में कांगड़ा व चंबा में स्मार्ट मीटरिंग कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# अब दूरी के आधार पर तय होंगे गैस सिलेंडर के डिलीवरी चार्ज

अनंत ज्ञान

◆ शाहपुर गैस एजेंसी के लिए घरेलू सिलेंडर डिलीवरी की नई दरें जारी

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला दंडाधिकारी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एचपीएसएससीएसी गैस एजेंसी शाहपुर के अंतर्गत घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की होम डिलीवरी तथा फोकल प्वाइंट डिलीवरी के लिए नई दरें अधिसूचित की हैं। अधिसूचना के तहत शाहपुर एवं 39 मील शहरी क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी पर 24 रुपए अतिरिक्त शुल्क निर्धारित किया गया है। वहीं फोकल प्वाइंट डिलीवरी के लिए दूरी के अनुसार अलग-अलग दरें तय की गई हैं। 0 से 10 किलोमीटर दूरी वाले क्षेत्रों के लिए 26 रुपए, 11 से 15 किलोमीटर के लिए 29 रुपए, 16 से 20 किलोमीटर के लिए 32 रुपए, 21 से 25 किलोमीटर के लिए 40 रुपए, 26 से 30 किलोमीटर के लिए 41 रुपए तथा 30 किलोमीटर से अधिक दूरी वाले क्षेत्रों के लिए 45 रुपए अतिरिक्त कूलिंग शुल्क निर्धारित किया गया है।

अधिसूचना में मंझग्रा, पुहाड़ा, रैत, नेरटी, चुरथा, झरेड़, ड्रेई, भलाना, पक्का टियाला, नेरड, रेहलू, पलवाला, बसनूर, बगरू, डोहब, प्रीतम नगर, सद्दूं क्यारी, भड़ियाल, सहवां, हरनेहरा, दुर्गेला, बडंज, सारनू, भरुण, द्रमण, हटली, योल, डडम्भ, लदवाड़ा, घटनालु, भाली, झोल, चंबी, भौरा, बैसो, बालनू, थुलेट, चड़ी, लंजोट के लिए फोकल प्वाईंट डिलीवरी के लिए 26 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। जबकि झार बल्ला, मोहर, सिरमानी, चड़ी, मट्टी घरोह, भटेच, टूंडू, ठारू, दरगेला, बंडी, ओडर, रजोल, अन्सूई, भाटी, कटेलू, मकरोटी, दरीणी, 32 मील, कोटला, सोल्दा, ठारू, बग्गा, जांगल, त्रिलोकपुर, बडंज, पलूंड, योल तथा टुकराला के लिए 29 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त डिब्बर, मनेई, रिडकमार, लाहडी, बारा, कुटेड, भेडखड्ड, मोलटा, दरमनाला, दुलारा और घरोली के फोकल प्वाइंट डिलीवरी के लिए 32 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा हारचकियां, लपियाणा, गुब्बर सल्ली, कनोल, भरमाड, नडोली, सिरमानी, दुराणा, सरोग, पुंगा, रजैण, चंद्रोबा, मंगियाणा, घरनोटा, बसडू, चिल्लियां, ध्याला तथा सिहूंता के फोकल प्वाइंट डिलीवरी के लिए 40 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त परगोड, बोह, कोहला, कमला, डैंथा, भरयारा तथा खखूं के फोकल प्वाईंट डिलीवरी के लिए 41 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है जबकि हार, टूंडी, खरगेट, टिक्करी, डूगाली, समोट, खनोडा, पटका, रूपियाणा, बीना तथा सिम्बलघटला के फोकल प्वाईंट डिलीवरी के लिए 45 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

# ढलियारा मोड़ पर अनियंत्रित कार बिजली पोल से टकराई, सभी सुरक्षित

अनंत ज्ञान



**पिंकी, डाडासीबा।** मुबारिकपुर-रानीताल मार्ग पर ढलियारा के खतरनाक मोड़ पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं बिजली का पोल भी झुक गया। हादसे के समय गाड़ी में 4 से 5 लोग सवार थे, जो सौभाग्यवश बाल-बाल बच गए। सभी यात्रियों को सुरक्षित बताया जा रहा है और किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, टक्कर के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत सहायता करते हुए स्थिति को संभाला।

यह दुर्घटना एनएच-503 पर हुई, जो इस क्षेत्र का व्यस्त मार्ग माना जाता है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा और वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। बाद में स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से रास्ता बहाल किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ढलियारा के मोड़ पहले भी हादसों के लिए जाने जाते हैं। सड़क की बनावट और तेज रफ्तार के कारण यहां दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। घटना की सूचना संबंधित विभाग को दी गई है और बिजली विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पोल को ठीक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ढलियारा विद्युत उप मंडल के सहायक अभियंता मनीष संधू ने बताया हादसे में विद्युत विभाग का पोल टेढ़ा हो गया है और कुछ घरों की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हुई है विद्युत कर्मचारियों को भेजकर क्षतिग्रस्त पोल को ठीक करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# बगलामुखी जयंती पर कोटला मंदिर में नतमस्तक हुए केवल सिंह पठानिया



प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली/धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कोटला स्थित प्राचीन बगलामुखी मंदिर में बगलामुखी जयंती के पावन अवसर पर मां बगलामुखी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि मां बगलामुखी की आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा समाज में शांति, सद्भाव और एकता को बल मिलता है। उन्होंने कामना की कि माता की कृपा से हिमाचल प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और प्रदेश में समृद्धि का वातावरण बना रहे।

पठानिया ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराएं हमारी आस्था का मूल आधार हैं और ऐसे पावन अवसर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएं ही हमें आपसी भाईचारे, सहयोग और सद्भाव का संदेश देती हैं, जिन्हें हमें सहेजकर आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की और सभी को बगलामुखी जयंती की शुभकामनाएं दीं।

# बेटियों की सुरक्षा को लेकर एबीवीपी का धरना, सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कांगड़ा के धर्मशाला उपायुक्त कार्यालय (डीसी ऑफिस) के बाहर प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था एवं महिला सुरक्षा के मुद्दे को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने के माध्यम से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। आए दिन हो रही आपराधिक घटनाओं ने प्रदेश की छवि को धूमिल किया है और सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि प्रदेश की माताएं, बहनें, छात्राएं एवं छोटी-छोटी बच्चियां स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। जिला संयोजक अंकित गौड़ ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि जब कानून का डर समाप्त हो जाता है, तब अपराध बढ़ते हैं और वर्तमान सरकार इस दिशा में पूरी तरह असफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम देने होंगे। प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का हिमाचल, जो कभी देवभूमि के नाम से जाना जाता था, अब लगातार हो रही घटनाओं के कारण शर्मसार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब बेटियां सुरक्षित नहीं होतीं, तो प्रदेश की सुरक्षा का दावा खोखला साबित होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार पूरी तरह निष्क्रिय और असंवेदनशील दिखाई दे रही है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश की जनता अब केवल आश्वासन नहीं, सीधा जवाब और ठोस कार्रवाई चाहती है।

# कांगड़ा में 'प्रशिक्षण' का ड्रामा, राहुल गांधी पहले सुक्खू सरकार को सिखाएं काम करना: परमार

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** कांगड़ा में आयोजित जिला कांग्रेस अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस पार्टी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह बेहद विडंबना की बात है कि जिस पार्टी की अपनी सरकार हिमाचल प्रदेश में पूरी तरह विफल साबित हो चुकी है, वही पार्टी अब अपने नेताओं को प्रशिक्षण देने का दिखावा कर रही है। परमार ने कहा कि 30 अप्रैल को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी कांगड़ा आ रहे हैं। इस अवसर पर उनका राहुल गांधी से विशेष आग्रह है कि वे केवल जिला अध्यक्षों को ही नहीं, बल्कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल करें, ताकि उन्हें भी यह समझाया जा सके कि शासन कैसे चलाया जाता है और जनता से किए गए वादों को निभाना क्या होता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद आकर देखें कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में हिमाचल की स्थिति क्या हो गई है। प्रदेश का हर वर्ग चाहे वह किसान हो, कर्मचारी हो, व्यापारी हो, महिला हो या युवा आज सरकार से त्रस्त और निराश है। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को विकास की पटरी से उतारकर अव्यवस्था और अस्थिरता के गर्त में धकेल दिया है। परमार ने कहा कि चुनावों से पहले कांग्रेस ने बड़ी-बड़ी गारंटियां देकर प्रदेश की भोली-भाली जनता को गुमराह किया था। उन्होंने कहा कि यदि राहुल गांधी वास्तव में प्रदेश के हितैषी हैं, तो कांगड़ा आने के दौरान



वे केवल भाषण देकर न जाएं, बल्कि मुख्यमंत्री और अपनी सरकार को सख्त निर्देश दें कि वे तुरंत अपनी गारंटियों को पूरा करें। जनता अब खोखले वादों और दिखावटी प्रशिक्षण शिविरों से संतुष्ट नहीं होने वाली है। परमार ने आरोप लगाया कि जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, तब से विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं, प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है और आम आदमी का जीवन संकटों से घिर गया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और अब अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का सहारा ले रही है। परमार ने कहा कि कांग्रेस को अब आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण शिविरों से पहले उन्हें अपनी सरकार को प्रशिक्षित करने की जरूरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### आरएस बाली को इंचार्ज बनाए जाने पर दी बधाई



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नगरोटा बगवां से विधायक एवं पर्यटन विभाग के चेयरमैन आरएस बाली को धर्मशाला नगर निगम चुनावों के लिए पार्टी द्वारा इंचार्ज नियुक्त किए जाने पर युवा कांग्रेस कांगड़ा के जिला उपाध्यक्ष शुभम नागला ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। शुभम नागला ने कहा कि आरएस बाली के पास संगठनात्मक अनुभव और मजबूत नेतृत्व क्षमता है, जिसका लाभ निश्चित रूप से पार्टी को आगामी नगर निगम चुनावों में मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वाली के नेतृत्व में पार्टी धर्मशाला में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और प्रचंड जीत हासिल करेगी। उन्होंने आगे कहा कि युवा कांग्रेस पूरी तरह से पार्टी के साथ खड़ी है और चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करेगी।

### बीबीए के परिणाम में वर्षा मनकोटिया प्रथम

**अनंत ज्ञान, कोटला।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय बीबीए का परिणाम घोषित हुआ है इसमें द्रोणाचार्य शिक्षण महाविद्यालय रैत में बीबीए सत्र 2022-25 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। महाविद्यालय के बीबीए विभाग की छात्रा वर्षा मनकोटिया ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें 6 मई को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कवीन्द्र गुप्ता द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर छात्रा के गांव व कालेज में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक जीएस पठानिया, कार्यकारी निदेशक बीएस पठानिया तथा प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा ने छात्रा वर्षा मनकोटिया को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रा की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। साथ ही, उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि वह आगे भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करती रहेंगी।



### टांडा रेंज में फायरिंग अभ्यास 28 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त (उपायुक्त) कांगड़ा ने जानकारी दी है कि भारतीय सेना द्वारा टांडा फायरिंग रेंज में 28 अप्रैल को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत आसपास के क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित या सीमित रहनी चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए कोहाला, कच्छयारी, खोली और घुरकड़ी गांवों के निवासियों से विशेष अपील की गई है कि वे फायरिंग रेंज के आसपास न जाएं और पूरी तरह सतर्कता बरतें। अधिकारियों ने कहा कि यह अभ्यास नियमित सैन्य प्रशिक्षण का हिस्सा है, लेकिन सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना या खतरे से बचने के लिए लोगों को दिए गए निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। प्रशासन ने सहयोग की अपील की है।

## कांगड़ा में मनाया मानव एकता दिवस, निरंकारी मिशन का संदेश गूंजा

# एक दूजे का सहारा बने मानव: अश्वनी वर्मा

अनंत ज्ञान

**गगल।** संत निरंकारी भवन कांगड़ा में आज सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता रमित के सानिध्यों से कांगड़ा ब्रांच में आज मानव एकता दिवस मनाया गया। संयोजक महात्मा दीनानाथ ने बताया के कांगड़ा में नगरोटा बंगवा, शाहपुर और पांच पुली की ब्रांचो ने मिलकर मानव एकता दिवस मनाया।

सत्संग में प्रवचन देते हुए महात्मा अश्वनी वर्मा ने कहा कि सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा है कि जब हृदय में करुणा प्रेम और एकता की दिव्या चेतना जागृति जागृत होती है तब मानव अपनी अपने सीमित स्वार्थ से ऊपर उठकर संपूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर इस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना जहां मानव को मानव को प्यार एक दूजे का बने सहारा का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदय में जीवंत हुआ । मानव एकता दिवस शुक्रवार को बाबा गुरबचन सिंह जी महाराज की दिव्य स्मृति में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजापिता जी के सानिध्य में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केदो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं बल्कि प्रेम सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवन स्वरुप बनकर उभरा। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि समुच्य भारतवर्ष के लगभग 200 स्थान पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 40000 यूनिट तक संकलित किया जो निष्काम सेवा परोपकार और मान्यता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा।



कांगड़ा में मानव एकता दिवस पर संगत। अनंत ज्ञान

युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन जी की संकलित में यह दिवस वर्ष चलने वाली सेवा सरिता का शुभारंभ है । जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 15,00, 230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है।

## धर्मशाला गोल्ड कप में शाहपुर, तलनू, डीपीएस और सेक्रेड हार्ट की जीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के पुलिस मैदान में चल रहे अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल, कैप्टन दल बहादुर गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत अंडर-19 इंटर स्कूल प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार मुकाबले खेले गए। इनमें शाहपुर, तलनू, डीपीएस कांगड़ा और सेक्रेड हार्ट स्कूल की टीमों ने अपने-अपने मैच जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैच में शाहपुर ने टीसीवी को 2-0 से हराया। दूसरे मुकाबले में तलनू ने हाईलैंड पब्लिक स्कूल को 3-0 से पराजित किया। तीसरे मैच में डीपीएस कांगड़ा ने अचीवर हब स्कूल को 2-0 से मात दी। वहीं चौथे मैच में सेक्रेड हार्ट ने इंटरनेशनल स्कूल शाहपुर को 3-0 से हराकर जीत दर्ज की। तीसरे दिन तीन मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि सेमीफाइनल 2 मई और फाइनल 3 मई को होगा। 27 अप्रैल से सीनियर गोल्ड कप टूर्नामेंट भी शुरू होगा, जिसमें 14 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में उत्साह बना हुआ है।

# धर्मशाला कॉलेज में आज सजेगा 'विरासत' का मंच

अनंत ज्ञान

◆ आधा दर्जन के करीब यूनिवर्सिटीज लेंगी हिस्सा

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सौ वर्ष का ऐतिहासिक सफर पूरा कर चुके धर्मशाला कॉलेज में शनिवार को इंटर यूनिवर्सिटी कल्चयरल फेस्ट विरासत-2026 का मंच सजेगा। जिसमें जिला कांगड़ा व हमीरपुर की करीब आधा दर्जन यूनिवर्सिटीज हिस्सा लेंगी, जिनके सौ से अधिक स्टूडेंटस विरासत-2026 में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यही नहीं धर्मशाला कालेज जल्द ही इंटर यूनिवर्सिटी स्पोटर्स मीट का आयोजन करेगा।

विरासत-2026 में ग्रुप डांस, सिंगिंग, डिक्लामेशन, एड मैड शो का आयोजन होगा। कॉलेज के ऑडिटोरियम में होने वाले कार्यक्रम में सीयू एचपी, एचपीयू, टेक्निकल यूनिवर्सिटी हमीरपुर सहित जिला कांगड़ा स्थित निजी यूनिवर्सिटी भाग लेंगी। धर्मशाला कॉलेज प्रिंसिपल प्रो. राकेश पठानिया ने कालेज प्रिंसिपल ने बताया कि विरासत 2026 की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन से बच्चों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

### इंटर यूनिवर्सिटी आयोजनों का मिलता है रैंकिंग में लाभ

**कॉलेज** प्रिंसिपल ने बताया कि इंटर यूनिवर्सिटी इवेंट से नैक रैंकिंग में ऐसे आयोजनों की अहम भूमिका रहती है, क्योंकि नैक रैंकिंग के दौरान इस तरह के आयोजनों के अंक मिलते हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही कालेज की ओर से इंटर यूनिवर्सिटी स्पोटर्स मीट भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रमों के आयोजन का फायदा नैक रैंकिंग में अगली बार कॉलेज के आवेदन के दौरान अंकों के रूप में लाभ मिलेगा।

# सरकारी अधिसूचना के बाद भी परागपुर तहसील में नहीं हो रही जमीन की रजिस्ट्री

अनंत ज्ञान

> जल्द ही दोनों महाल बलाहर व मसोट को एनजीडीआरएस के पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है। इस संदर्भ में परागपुर तहसील से संबंधित विभाग को ईमेल भेजकर आवश्यक पत्राचार भी किया गया है ताकि पोर्टल पर तकनीकी बदलाव जल्द पूरा हो सके।
>
> -कुलवंत सिंह पोटन, एसडीएम, देहरा।

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** दीपक तले अंधेरा वाली कहावत आज परागपुर तहसील के इन दो गांवों पर सटीक बैठ रही है। प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों पर तकनीकी सुस्ती किस कदर भारी पड़ती है, इसका सीधा प्रमाण परागपुर तहसील में देखने को मिल रहा है।

प्रदेश सरकार ने 13 अगस्त, 2025 को एक अधिसूचना जारी कर महाल मसोट व बलाहर को देहरा तहसील से अलग कर परागपुर तहसील में सम्मिलित किया था। इस निर्णय का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों को प्रशासनिक सुगमता प्रदान करना था, लेकिन धरातल पर यह बदलाव अभी भी आधा-अधूरा ही नजर आ रहा है। वर्तमान स्थिति यह है कि इन दोनों गांवों का राजस्व रिकॉर्ड और अन्य आवश्यक सेवाएं तो परागपुर स्थानांतरित हो चुकी हैं, परंतु नेशनल जेनेरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम के पोर्टल पर इन गांवों का डेटा अपडेट न होने के कारण भूमि की रजिस्ट्री का कार्य पूरी तरह से बंद पड़ा है। राजस्व विभाग के दस्तावेजों के अनुसार, देहरा तहसील के पटवार वृत्त से संबंधित समस्त कागजी रिकॉर्ड अब परागपुर तहसील के पटवार वृत्त गढ़ में आधिकारिक रूप से स्थानांतरित किया जा चुका है। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर भी यह गांव परागपुर तहसील का हिस्सा बन चुके हैं, जिसके आधार पर ग्रामीणों के विभिन्न प्रमाण पत्र और नकल जमाबंदी परागपुर से ही जारी की जा रही है। पटवारी द्वारा भी नियमानुसार मैनुअल रिपोर्ट दी जा रही है, लेकिन जब बात भूमि की खरीद-फरोख्त या रजिस्ट्री की आती है, तो ऑनलाइन सिस्टम में इन गांवों के नाम परागपुर तहसील के अंतर्गत प्रदर्शित नहीं होते। इस तकनीकी विसंगति के कारण ग्रामीण न तो देहरा तहसील में रजिस्ट्री करवा पा रहे हैं और न ही परागपुर में, जिससे वे अधर में लटक गए हैं। स्थानीय निवासियों रुपिंद्र सिंह डैनी, कुलदीप सिंह, मस्तान सिंह, विजय जसवाल, करनैल सिंह, वीरेंद्र सिंह और सेंटी जसवाल ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की अधिसूचना के आठ महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें अपनी ही भूमि के हस्तांतरण के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। रजिस्ट्री प्रक्रिया बाधित होने से न केवल व्यक्तिगत संपत्तियों से जुड़े कार्य रुके हैं, बल्कि विकास कार्यों और ऋण संबंधी प्रक्रियाओं में भी बाधा आ रही है। ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस गंभीर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए व एनजीडीआरएस पोर्टल को अविलंब अपडेट करवाया जाए ताकि इन दोनों महाल के लोग पूर्ण रूप से परागपुर तहसील की सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

**रोजगार** युवाओं के सपनों को मिली रफ्तार, प्रदेश के आठ युवाओं को भी दी नौकरी की स्पांसरशिप

# पराशर ने 26 युवाओं को मर्चेंट नेवी में दिलाई नौकरी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कैप्टन संजय पराशर ने एक बार फिर कई परिवारों में उम्मीद की नई किरण जगाई है। शुक्रवार को मुंबई स्थित अपनी कंपनी वीआर मेरीटाइम के प्रधान कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मर्चेंट नेवी के विभिन्न पदों के लिए 26 युवाओं को नौकरी की स्पांसरशिप प्रदान की। इस पहल के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से चयनित युवाओं को समुद्री क्षेत्र में करियर बनाने का अवसर मिला है।

चयनित युवाओं में हिमाचल प्रदेश के आठ युवा भी शामिल हैं, जिनमें से छह का संबंध जसवां-प्रागपुर क्षेत्र से है। यह क्षेत्र लंबे समय से प्रतिभाशाली युवाओं के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन रोजगार के सीमित अवसरों के कारण यहां के युवाओं को अक्सर बाहर का रुख करना पड़ता है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर इस तरह की पहल का विशेष महत्व है। जिन युवाओं का चयन हुआ है, उनमें कूहना से अनीश शर्मा, बणी से अरमान ठाकुर, बलेहड़ा गरली से आदित्य, अलोह से अनमोल चंबियाल, गरली से रजत चौधरी और जोल से विक्रम शामिल हैं। इसके अलावा सुजानपुर से विशाल कुमार और आशीष को भी स्पांसरशिप प्रदान की गई है। इन युवाओं के चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और उनके परिवारों में उत्साह देखा जा रहा है।





कैप्टन संजय पराशर के साथ मर्चेंट नेवी के विभिन्न पदों के लिए चयनित हुए युवा। अनंत ज्ञान


हिमाचल के अलावा अन्य राज्यों के युवाओं को भी इस अवसर का लाभ मिला है। पंजाब से चार युवाओं का चयन किया गया है, जबकि महाराष्ट्र, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान और उड़ीसा से एक-एक युवा चुना गया है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु से तीन-तीन तथा केरल से दो युवाओं को स्पांसरशिप दी गई है। यह विविधता इस बात का प्रमाण है कि चयन प्रक्रिया में क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर योग्यता और क्षमता को प्राथमिकता दी गई है।

मर्चेंट नेवी में चयनित इन युवाओं को ट्रेनी ओएस, ट्रेनी ईटीओ, डेक कैडेट, वाइपर और ट्रेनी जीएस जैसे विभिन्न पदों पर अवसर मिलेगा। ये सभी पद समुद्री सेवाओं के महत्वपूर्ण अंग हैं और इनमें करियर की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इस अवसर पर संजय पराशर ने कहा कि वर्तमान समय में बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कई युवा विभिन्न संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बावजूद रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उनका मानना है कि केवल शिक्षा या प्रशिक्षण ही पर्याप्त नहीं है। युवाओं को सही दिशा और अवसर उपलब्ध कराना भी उतना ही जरूरी है। समारोह के दौरान चयनित युवाओं और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। अभिभावकों विपिन कुमार, केहर सिंह, संजीव कुमार, शमशेर सिंह और राकेश कुमार ने भावुक होकर कहा कि यह अवसर उनके बच्चों के जीवन को नई दिशा देगा और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ बनाएगा। युवाओं ने भी इस अवसर के लिए संजय पराशर का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे पूरी मेहनत और लगन से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# शहीद स्मारक धर्मशाला का किया जाएगा सौंदर्यीकरण, बहेगी जलधारा

## वॉटर बॉडी तैयार करने की कवायद शुरू, पियूंगल नाला से लिफ्ट कर पहुंचाया जाएगा पानी

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला स्थित शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण करने के साथ यहां जलधारा बहाई जाएगी, जिसकी कवायद शुरू हो गई है। इसके लिए पियूंगल नाला से पानी लिफ्ट कर शहीद स्मारक पहुंचाया जाएगा। नगर निगम द्वारा तैयार योजना के तहत जल शक्ति विभाग को 88 लाख रुपए की राशि जारी की गई है।

जल शक्ति विभाग के अनुसार इस काम को लेकर व्यापक प्रस्ताव तैयार कर काम को पूरा करने के लिए टेंडर किया जाएगा। जानकारी के अनुसार शहीद स्मारक में वाटर बॉडी तैयार करने के अलावा जलधारा बहाने की व्यवस्था की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक पर्यटक आकर्षित होंगे। हालांकि इसको लेकर अभी व्यापक योजना बनाने का काम पहले चरण में किया जाएगा तो वहीं बजट का प्रावधान होने से इस काम के जल्द ही सिरे चढ़ने की उम्मीद बन गई है। दूसरी तरफ शहीद स्मारक प्रबंधन समिति की ओर से पहले ही सौंदर्यीकरण के लिए एक परियोजना का मास्टर प्लान दिल्ली की प्रसिद्ध संस्था ग्रीन एज लैंडस्केप की मदद से तैयार किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य स्मारक को विश्वस्तरीय आकर्षण बनाकर पर्यटन को बढ़ावा देना है।

समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह प्रोजेक्ट न केवल शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देगा, बल्कि धर्मशाला को पर्यटन के नक्शे पर और मजबूती से स्थापित करेगा। समिति के प्रस्तावित प्रोजेक्ट के अनुसार करीब 50 करोड़ के बजट वाले इस प्रोजेक्ट के तहत शहीद स्मारक में ग्लास ब्रिज, मल्टी स्टोरी पार्किंग, भारी भरकम वाहनों में फूड वैन, नेवी तथा एयरफोर्स के डेक, बंकर, चिल्ड्रन पार्क, सब मेरिन तथा समुद्री शिप को शामिल किया जाएगा। नगर निगम की ओर से यहां पानी लिफ्ट करने की योजना के लिए पैसा ट्रांस्फर करने से सौंदर्यीकरण की दिशा में बड़ी पहल कर दी है।

**शहीद** स्मारक के सौंदर्यीकरण को लेकर पियूंगल खड्ड से पानी लिफ्ट कर स्मारक में पहुंचाने तथा अन्य कार्यों के लिए नगर निगम ने 88 लाख रुपए का बजट जलशक्ति विभाग के खाते में डाल दिया है। जरूरत पड़ने पर और धनराशि का प्रावधान भी किया जाएगा।

**-जफर इकबाल, आयुक्त, नगर निगम धर्मशाला**

**जल शक्ति** विभाग को नगर निगम धर्मशाला की ओर से 88 लाख रुपए का फंड उपलब्ध करवाया गया है। इस योजना के तहत पियूंगल खड्ड से पानी लिफ्ट कर स्मारक में पहुंचाने की योजना है। जल्द ही सर्वे कर प्रस्ताव बना कर इस काम का टेंडर किया जाएगा।

**सुमित विमल कटोच, एक्सईएन, जलशक्ति विभाग धर्मशाला**

# एनएच-03 पर कार-पिकअप ट्रॉला की टक्कर में 3 घायल, टांडा रेफर

अनंत ज्ञान



**पिंकी, डाडासीबा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-03 पर रक्कड़ से कलोहा की ओर जाते समय शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, इसमें कार और पिकअप ट्राला के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार नादौन से कलोहा की ओर जा रही थी, जिसमें एक महिला सहित तीन लोग सवार थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ट्राला ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क के बीचों-बीच पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान डाडा सीबा सेवानिवृत्त प्रिंसिपल कुलदीप सपेहिया, उनकी पत्नी एवं जसवां-प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र की महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराधा सपेहिया तथा उनके बेटे रूपेश के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रक्कड़ पहुंचाया गया। यहां डॉ. राजेश शर्मा ने प्राथमिक उपचार देने के बाद बताया कि तीनों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हालत को देखते हुए उन्हें आगे के उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं पिकअप ट्राला चालक की पहचान शाहिद पुत्र रमजान निवासी वणे दी हट्टी के रूप में हुई है, जो कथित रूप से तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसपी देहरा मयंक चौधरी ने की है।

# घासनी में लगी आग में झुलसी महिला की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला देहरा के पुलिस थाना मझीण के अंतर्गत वीरवार को आग में झुलसने के कारण एक महिला की मौत होने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय कमला देवी अपनी घासनी में बूटी तथा जंगली घास आदि जला रही थी। इस दौरान आग की चपेट में आने से वे बुरी तरह झुलस गई। परिजनों ने महिला को तुरंत ज्वालामुखी अस्पताल पहुंचाया जहां डयूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने महिला की मौत को लेकर किसी प्रकार का शक नहीं जताया है। पुलिस थाना मझीण ने इस को लेकर बीएनएसएस की धारा 194 के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम नागरिक चिकित्सालय देहरा में करवाकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने घटना की पुष्टि की है।

## जंगल में मिला घर से लापता महिला का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला कांगड़ा के तहत घर से लापता हुई बुजुर्ग महिला का शव जंगल में मिलने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बीड़ के अंतर्गत एक बुजुर्ग महिला बिगत दो दिनों से लापता थी। वहीं वीरवार देर शाम को उक्त महिला का शव घर से करीब 300 मीटर दूर जंगल में बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार अन्दरली मलाह गांव में सरी नाला से करीब 50 मीटर उपर स्थित जंगल में ढांक में काथी की झाड़ियों के बीच में मृतका का शव मिला। वहां 70 वर्षीय महिला की मौत को लेकर परिजनों ने किसी प्रकार का शक नहीं जताया है। महिला की मौत ढांक से पैर फिसलने के कारण होने की आशंका है। वहीं पुलिस ने इस घटना को लेकर बीएनएसएस की धारा 194 के तहत पुलिस थाना बीड़ में दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। एसएसपी कांगड़ा राजेंद्र जसवाल ने मामले की पुष्टि की है।

# तीन माह से इंसेंटिव लंबित होने पर आशा कार्यकर्ताओं ने उठाई आवाज



मांगों को लेकर कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपती आर्शा वर्कर्स। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊषा जरियाल, जवाली।** आशा कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल क़ृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार से उनके निवास स्थान पर मिला। उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उन्हें फिक्स सैलरी तो मिल रही है, लेकिन हर महीने मिलने वाला इंसेंटिव पिछले तीन महीनों से नहीं मिल रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि लंबित इंसेंटिव राशि को जल्द जारी किया जाए ताकि उनकी आजीविका पर असर न पड़े। आशा कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की अहम कड़ी हैं और कठिन परिस्थितियों में काम करती हैं, ऐसे में समय पर भुगतान होना बेहद जरूरी है।

मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और तुरंत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ विवेक करोल को फ़ोन करके निर्देश दिया कि आशा कार्यकर्त्ता को शीघ्र इनसेटिव दिया जाए और आशा कार्यकर्त्ताओं को आश्वासन दिया कि आशा कार्यकर्ताओं की मांगो को शीघ्र पूरा किया जाए।

# सोने की चेन सहित लाखों की नकदी चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला देहरा के पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत एक महिला ने जेवर व नकदी चुराने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज करवाई है। वोहल खालसा निवासी महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि वगेहड निवासी व्यक्ति ने गाड़ी से पर्स चुरा लिया है। पर्स में 30 ग्राम सोने की चेन व लाखों रुपए थे। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस थाना ज्वालामुखी में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि की है।

# एसओएफ परीक्षा में महाराणा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल का उम्दा प्रदर्शन



महाराणा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल के होनहार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** हाल ही में आयोजित एसओएफ परीक्षा में महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धर्मगिरी पठियार के 12 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें कक्षा दूसरी से इनाया, अमायरा, अरनब डोगरा, शिवांश, कृंषाग, हर्ष, कक्षा पांचवी से आन्या, सातवी कक्षा से रुदांश , कक्षा चौथी से यदुराज अभिनव कक्षा पांचवी विराज सातवीं कक्षा से तथा आठवीं कक्षा से अर्शित ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें द्वितीय कक्षा की छात्रा इनाया ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक कुलदीप ठाकुर, प्रबंधक सुभाष पठानिया तथा प्रधानाचार्या ऐश्वर्या सम्बयाल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लंबित एफसीए मामलों का शीघ्र करें निपटारा

## जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक में डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त हेमराज बैरवा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को गति देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के अंतर्गत लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला के सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित विकास परियोजनाओं में वन स्वीकृति एवं अन्य आवश्यक मंजूरियों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में बाधा बन रहे एफसीए मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनहित से जुड़ी परियोजनाएं समयबद्ध रूप से धरातल पर उतर सकें। उपायुक्त ने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति विभिन्न विभागों के बीच संवाद और तालमेल को मजबूत करने का कार्य कर रही है, जिससे वन स्वीकृति, अंतर विभागीय तथा अन्य प्रक्रियाओं में आ रही बाधाओं का त्वरित समाधान संभव हो सके। उन्होंने विभागवार लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से क्लीयरेंस की वर्तमान स्थिति, लंबित मामलों के कारण, प्राप्त आपत्तियों तथा उनके निराकरण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपत्तियों के निस्तारण के लिए समयबद्ध कार्ययोजना अपनाई जाए तथा मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने की दिशा में प्रशासन सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को सरल एवं प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इससे पूर्व डीएफओ मुख्यालय राहुल शर्मा ने उपायुक्त का स्वागत करते हुए एफसीए से संबंधित लंबित और प्रगति पर चल रहे मामलों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

# हिमाचल में करीब 14 हजार शिक्षक पद खाली, जल्द भर्ती-पदोन्नति की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में शिक्षकों के करीब 14000 पद रिक्त हैं। ऐसे में शिक्षकों की भर्ती पदोन्नति प्रक्रियाएं जल्दी पूर्ण करना आवश्यक हो गया है। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा की एक तरफ राज्य सरकार सीबीएसई स्कूलों में रिक्त हुए हर पद को भरने की कोशिश कर रही है जिसके लिए हुए इन सर्विस स्क्रीनिंग टैस्ट का परिणाम कोर्ट केस के चलते लंबित है और राज्य चयन आयोग से हो रही भर्ती की प्रक्रिया में भी समय लगेगा। ऐसे में अब आचार संहिता लगने वाली है और रिक्त पदों को राज्य सरकार प्रमोशन से भर सकती है मगर सत्र के शुरू में होने वाली पदोन्नति सूचियां आज तक जारी नहीं हुई जिसमें टीजीटी से प्रवक्ता, टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता से हेडमास्टर, जेबीटी और सीएंडवी से टीजीटी आदि प्रमोशन सूचियां लंबे समय से जारी नहीं हुई हैं।इनको आगामी दो दिनों में क्लीयर किया जाए ताकि आचार संहिता से पहले कुछ रिक्त पद भरे जा सकें। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में हुई स्टाफ की कमी है जिसमें मिडल स्कूल सबसे अधिक पीड़ित हैं। मिडल स्कूलों में ड्राइंग मास्टर, भाषा शिक्षक और पीईटी के पद समाप्त हैं।

इसके चलते दो टीजीटी और एक शास्त्री को इनके हिस्से के विषय पढ़ाने पड़ते हैं। पहले ये विषय हिंदी में थे, मगर इस सत्र से छठी कक्षा से सामाजिक अध्ययन, योग और हिमाचल की संस्कृति और ड्राइंग विषय अंग्रेजी माध्यम में आया है । ड्राइंग विषय से कोण गायब हैं और संगीत और नृत्य, हस्तशिल्प पर अंग्रेजी में ज्ञान देना है। इसके लिए विभाग ड्राइंग मास्टर को ट्रेनिंग देगा मगर मिडल स्कूलों में ड्राइंग मास्टर ही नहीं हैं। कई मिडल स्कूलों में पद भी रिक्त हैं जिससे हालात और मुश्किल हो चुके हैं। ऐसे में उपलब्ध शिक्षकों और हिंदी माध्यम में पढ़े बच्चों पर कार्य का बोझ बढ़ रहा है। ऐसे में प्रदेश सरकार हिंदी माध्यम विकल्प जारी रखे और इच्छुक विद्यार्थी अपनी समझ और सुविधा अनुसार हिंदी या अंग्रेजी मीडियम पढ़ सके। इसकी व्यवस्था अगले सत्र से की जाए।

### पाठ योजना बारे जारी करें स्पष्ट निर्देश

**संघ** ने राज्य शिक्षा सचिव से अपील की है कि शिक्षक डायरी की तर्ज पर ही पाठ योजना लिखने का कार्य बंद किया जाए, जिसके लिखित आदेश कई प्रिंसिपल अपने स्टाफ को दे रहे हैं। यह काम विद्या समीक्षा केंद्र से करवाया जाए और स्विफ्ट चैट पर सारी पाठ योजनाएं अपलोड की जाएं ताकि शिक्षक उनका इस्तेमाल कर सकें।

# चंबा खास गांव में स्वास्थ्य क्रांति की दस्तक

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता के तहत कैंप आयोजित




शिविर में 69 लोगों की मुफ्त जांच कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश दिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सालविया शर्मा, गरली।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को ग्राम पंचायत नाहन नगरोटा के गांव चंबा खास में बड़ा स्वास्थ्य अभियान चलाया गया।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक रहा। शिविर में 69 लोगों की मुफ्त जांच कर उन्हें स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश दिया गया। कैंप के दौरान लोगों के बीपी, शुगर, हाइट, वेट, खून टेस्ट, साई टेस्ट और चेस्ट एक्स-रे किए गए। विशेषज्ञों ने लोगों को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के लक्षण, बचाव और समय पर इलाज के महत्व के बारे में जागरूक किया।

ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी जांच करवाई। यह शिविर ब्लॉक डाडा सीबा के बीएमओ डॉ. सतीश फोतेदार के दिशा-निर्देशों पर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पूरे समर्पण और मेहनत से शिविर को सफल बनाया। इस दौरान फीमेल हेल्थ सुपरवाइजर शशि बाला, सीएचओ सोनिका, सगुण, आशा वर्कर शशि लता, रीना देवी और रीता देवी ने घर-घर जाकर लोगों को कैंप में आने और जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व प्रधान शशि लता ने कहा कि जब स्वास्थ्य विभाग खुद गांव-गांव पहुंचकर जनता को मुफ्त सुविधाएं दे रहा है, तो लोगों को भी आगे आकर इसका लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर जांच ही गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

# पंचायत चुनाव से पहले एआई से बने पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव नजदीक आते ही संभावित दावेदार पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। चुनावी माहौल गरमाते ही उम्मीदवार गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क साध रहे हैं और मतदाताओं की नब्ज टटोलने में जुटे हैं। हर वर्ग तक पहुंच बनाने के लिए प्रचार-प्रसार तेज कर दिया गया है। इस बार चुनावी सरगर्मी के बीच एक नया ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है। संभावित उम्मीदवार आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स से आकर्षक पोस्टर और बैनर तैयार करवा रहे हैं। इन पोस्टरों में उम्मीदवारों की तस्वीरों को एडिट कर प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे वे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। युवा मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिए फेसबुक, व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। उम्मीदवार अपने प्रचार संदेश, उपलब्धियां और भविष्य के वादे डिजिटल माध्यमों के जरिए लोगों तक पहुंचा रहे हैं। इसका असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ दिखाई दे रहा है। जहां पहले चुनावी प्रचार दीवारों पर पोस्टर लगाने और नुक्कड़ सभाओं तक सीमित रहता था, वहीं अब मोबाइल फोन के जरिए हर घर तक चुनावी संदेश पहुंच रहा है। खासकर युवाओं में डिजिटल प्रचार का प्रभाव अधिक देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार पंचायत चुनावों में तकनीक की भूमिका काफी अहम रहने वाली है, जिससे चुनावी मुकाबला और भी रोचक हो सकता है। डाडा सीबा क्षेत्र में भी सोशल मीडिया पर चुनाव प्रचार जोरों पर है और उम्मीदवार डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटे हैं।

### ◆ गांव-गांव मतदाताओं की नब्ज टटोलने में जुटे संभावित उम्मीदवार

# धनोटू में टैंक में गिरने से व्यक्ति की मौत

## पठानिया पहुंचे मौके पर

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** कुटेहड़ (पंचायत लदवाड़ा) निवासी मलकीत सिंह की धनोटू स्थित टैंक में गिरने से दर्दनाक मृत्यु हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की सूचना मिलते ही विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी भी की। जलशक्ति विभाग और स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी प्रयासों के बाद मलकीत सिंह के पार्थिव शरीर को टैंक से बाहर निकाला गया।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर इसे हादसा माना जा रहा है, लेकिन सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। पठानिया ने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार सृजन करना मेरा दायित्व : बाली

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** विकास पुरुष स्वर्गीय जीएस बाली अपने कार्यकाल दौरान निरंतर युवाओं को रोजगार दिलाने की लड़ाई लड़ते रहे उन्हीं से प्रेरणा लेकर अब मैंने युवाओं को रोजगार दिलाने का लक्ष्य लिया है और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा हूं। यह उद्गार हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली ने बड़ोह में नामी कंपनी हीरो मोटर कंपनी द्वारा साक्षात्कार दौरान युवाओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात करते हुए कहे। हीरो मोटर कंपनी द्वारा बड़ोह में शुक्रवार के दिन युवाओं के चयन के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया जिसमें जिला रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार, खंड रोजगार अधिकारी रमनदीप, आरएस बाली द्वारा नगरोटा में रोजगार मुहिम के कोऑर्डिनेटर अमित सूद और कंपनी के एचआर मनोज मेहता और साक्षात्कार के लिए आए बच्चे मौजूद रहे। कंपनी द्वारा साक्षात्कार उपरांत 31 युवाओं का चयन किया गया जिन्हें लुधियाना में अपनी उपस्थिति देनी होगी। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं को 18500 रुपए से 22500 रुपए दिए जाएंगे। साक्षात्कार में आए हुए बच्चों से बाली ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हीरो मोटर कंपनी के अधिकारियों का भी आभार जताया जो रोजगार दिलाने की उनकी मुहिम में अपना पूरा सहयोग दे रहे हैं। बाली ने कहा कि साक्षात्कार में चयनित 31 युवाओं को लुधियाना ले जाने के लिए 27 अप्रैल को कंपनी द्वारा बड़ोह में बस भेजी जाएगी और इस दिन आरएस बाली स्वयं मौके पर पहुंचकर युवाओं को लुधियाना के लिए रवाना करेंगे।

### ◆ हीरो मोटर कंपनी ने बड़ोह में 31 युवाओं का किया चयन

### आरएस बाली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की बस




**आरएस** बाली ने चामुंडा में शिवम बस सर्विस को नई बस को हरी झंडी देकर रवाना किया। यह बस धर्मशाला से टापरी वाया शिमला तक का सुहाना सफर कराएगी। उन्होंने बस के मलिक को बस के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा स्थानीय लोगों को भी इस बस का लाभ होगा और वह अपने घर से सीधे शिमला टापरी तक का सफर कर सकेंगे।

**कार्यक्रम** धर्मशाला में एमएसएमई का एंटरप्रेन्योर अवेयरनेस और वेंडर डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित

# उद्यमियों को योजनाओं की दी जानकारी

अनंत ज्ञान



सरकारी योजनाओं से जुड़ने को प्रेरित किया गया। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत सरकार के माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज (एमएसएमई) मिनिस्ट्री ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी रीजनल सेंटर, खनियारा, धर्मशाला में पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एंटरप्रेन्योर अवेयरनेस और स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम (ईए एंड एसवीडीपी) ऑर्गनाइज किया।

इस प्रोग्राम का मकसद भारत सरकार के एमएसएमई मिनिस्ट्री के अलग-अलग इनिशिएटिव्स के बारे में अवेयरनेस फैलाना था, जिसमें नेशनल एससी-एसटी हब (एनएसएसएच) स्कीम भी शामिल थी। प्रोग्राम का मकसद मौजूदा और नए एंटरप्रेन्योर्स में नेशनल एससी-एसटी हब स्कीम के बारे में अवेयरनेस बढ़ाना था, ताकि सेंट्रल मिनिस्ट्रीज़, डिपार्टमेंट्स और सीपीएसईएस को पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के तहत ज़रूरी 4 फीसदी प्रोक्योरमेंट को पूरा करने में मदद मिल सके। नए और मौजूदा, दोनों एंटरप्रेन्योर्स को एनएसएसएच स्कीम और एमएसएमई मिनिस्ट्री की अलग-अलग स्कीम्स के बारे में पूरी जानकारी मिली। इच्छुक उद्यमियों को विशेष रूप से अपने उद्यमों को औपचारिक रूप देने के लिए उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण के महत्व के बारे में सूचित किया गया था, जबकि मौजूदा उद्यमियों को विक्रेता पंजीकरण प्रक्रियाओं, आवश्यक दस्तावेजीकरण, सीपीएसई द्वारा खरीदे गए आइटम, ई-टेंडरिंग प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी, ऋण सुविधा विकल्प और व्यापार विस्तार और स्थिरता का समर्थन करने के लिए बैंकों के माध्यम से उपलब्ध सब्सिडी घटकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में कांगड़ा जिले और उसके आसपास के 100 से अधिक मौजूदा और महत्वाकांक्षी एससी-एसटी उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, प्रो. कुलदीप अत्री, निदेशक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र, धर्मशाला (एचपी) के साथ कर्नल अनिल कुमार सौंखला, निदेशक, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और अन्य प्रतिभागियों, रणबीर पृथ्वी (एलडीएम), परवीन शर्मा, आईपीओ, डीआईसी, धर्मशाला, राहुल जोशी, मैनेजर, आरबीआई, शिमला, रवि शर्मा, सीनियर ट्रेनर, जीईएम भी मौजूद थे। सूर्य भूषण, ब्रांच इंचार्ज, नेशनल एससी-एसटी हब, लुधियाना ने अपने शुरुआती भाषण में प्रोग्राम के बारे में बताया और भारत सरकार की पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी के बारे में बताया, जिसके तहत एससी-एसटी के मालिकाना हक वाले एमएसई से 4 फीसदी और महिला एमएसइ से 3 फीसदी पब्लिक प्रोक्योरमेंट ज़रूरी था। इस प्रोग्राम ने मौजूदा व नए एंटरप्रेन्योर्स व सीपीएसई, एमएसएमई, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स और दूसरी एमएसएमइ-सपोर्टिंग एजेंसियों जैसे खास स्टेकहोल्डर्स के बीच सीधी बातचीत को आसान बनाया। टेक्निकल सेशन में एमएसएमईएस/बैंकों/सीबीएसईएस/जीईएम के रिप्रेजेंटेटिव्स ने फाइनेंशियल सपोर्ट, वेंडर एम्पैनलमेंट प्रोसेस और उससे जुड़ी सर्विसेज पर इनपुट दिए, जिससे एमएसएमई इकोसिस्टम में कोलेबोरेशन मजबूत हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने भविष्य की संभावनाओं की ली जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के सेंटर फॉर एनर्जी स्टडीज का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरान छात्रों ने डॉ. एनएस ठाकुर, डॉ. ममता अवस्थी और पीएचडी शोधार्थियों के साथ संवाद कर शोध कार्यों, परियोजनाओं और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों ने बायोफ्यूल, रिन्यूएबल ऊर्जा, कंप्यूटेशनल लैब और सोलर ऊर्जा प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। भ्रमण का मुख्य आकर्षण शैवाल (एल्गी) उत्पादन प्रक्रिया को समझना रहा, जिससे बायोफ्यूल और पर्यावरण संरक्षण में इसके उपयोग की जानकारी मिली। विभाग की डॉ. वैष्णव किरण ने इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक अनुभव बताया।

### लोगों को दी टीकाकरण की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** मॉडल बीएससी जंगल बेरी में विश्व टीकाकरण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फीमेल हेल्थ सुपरवाइजर रविंद्र देवी, इंदु धीमान और आशा वर्कर्स ने स्थानीय लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने बताया कि टीके हर पीढ़ी के लिए कारगर हैं और यह गंभीर बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि विश्व टीकाकरण सप्ताह हर वर्ष 24 से 30 अप्रैल तक मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य सभी आयु वर्ग के लोगों को टीकों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में बताया गया कि टीकाकरण न केवल बच्चों बल्कि वयस्कों को भी संक्रामक रोगों से बचाता है और जन स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हुए बीमारियों के प्रसार को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पुस्तकों की आपूर्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की चयनित 19 राजकीय प्राथमिक पाठशालाओं के पुस्तकालयों में पुस्तकों की आपूर्ति के लिए प्रारंभिक शिक्षा विभाग ने निविदाएं आमंत्रित की हैं। इच्छुक प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता और फर्में 20 मई शाम 3 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। प्रारंभिक शिक्षा विभाग हमीरपुर के उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने बताया कि निविदा से संबंधित नियम और शर्तें विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, जहां से फॉर्म डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदक किसी भी कार्य दिवस पर उपनिदेशक कार्यालय से भी प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### अब लोगों को मिलेगी ठंडे पानी की सुविधा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** व्यापार मंडल हमीरपुर ने मां बगलामुखी जयंती के अवसर पर बस स्टैंड के पास सब्जी मंडी क्षेत्र में एक वाटर कूलर और पानी की टंकी स्थापित की। यह सुविधा स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से आम जनता के लिए समर्पित की गई। अध्यक्ष सुमित ठाकुर ने बताया कि इस कार्य में सभी व्यापारियों ने सक्रिय सहयोग दिया। उन्होंने नगर निगम हमीरपुर के कमिश्नर राकेश शर्मा और उनकी टीम का भी आभार जताया, जिनके सहयोग से यह कार्य संभव हो सका। वाटर कूलर लगने से अब सब्जी मंडी आने-जाने वाले लोगों को गर्मी के मौसम में ठंडे और स्वच्छ पानी की सुविधा उपलब्ध होगी। व्यापार मंडल ने इसे जनसेवा का एक सकारात्मक प्रयास बताया।

### भाजपा मातृशक्ति सशक्तिकरण को प्रतिबद्धः नवीन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन नवीन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने 'नारी शक्ति वंदन' संविधान संशोधन विधेयक का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करने के उद्देश्य से लाया गया था, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण इसमें बाधा आई। शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस का यह रवैया महिलाओं के प्रति उसकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2023 में इस दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया था और आगे भी महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए प्रयास जारी रखेगी।

### जमली धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौशाला जमली धाम में मां बगलामुखी जयंती उत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन के उपरांत समाजसेवी रोशन लाल शर्मा द्वारा अपने परिवार की ओर से विशाल लंगर की व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने कतारों में लगकर मां बगलामुखी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी और महिला मंडल भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा।

### कार्यपालिका लोकतंत्र की असली प्रहरीः प्रेम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रेम सिंह भरमौरिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनकी टीम की कार्यप्रणाली की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग के अधिकारियों, पुलिस और प्रशासनिक टीम ने कठिन परिस्थितियों में भी शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए, जो लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। भरमौरिया ने कहा कि बंगाल व तमिलनाडु जैसे संवेदनशील राज्यों में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान होना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसे भारतीय कार्यपालिका की लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका बताया। वहीं उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया गया, लेकिन जनता ने लोकतांत्रिक तरीके से मजबूत संदेश दिया है।

### तकनीकी विवि की परीक्षाएं 29 मई से शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने मई से प्रस्तावित परीक्षाओं की संभावित तिथियां जारी कर दी हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर के अनुसार नियमित सेमेस्टर और री-अपीयर परीक्षाएं 29 मई से शुरू होकर जुलाई के पहले सप्ताह तक चलेंगी। बीटेक, बी फार्मेसी, एमटेक, एम फार्मेसी, बी आर्क, एमबीए, एमसीए, बीएचएमसीटी और एमएससी जैसे सभी कोर्स शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है और संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं। संभावित तिथियों में बदलाव या सुझाव के लिए अभ्यर्थी 14 मई तक विश्वविद्यालय को सूचित कर सकते हैं, जबकि 18 मई को अंतिम डेटशीट जारी होगी। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी 27 अप्रैल तक बिना लेट फीस आवेदन कर सकते हैं, इसके बाद लेट फीस लागू होगी।

### 18 महिला मंडलों को दी 25-25 कुर्सियां

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत गांव संगरोह में आयोजित महिला सम्मान समारोह के अवसर पर एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने संबोधन में विधायक सुरेश कुमार ने महिलाओं की समाज निर्माण में अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। उन्होंने महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने 18 महिला मंडलों को 25-25 कुर्सियां वितरित कीं। इसके साथ ही प्रत्येक महिला मंडल को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई, ताकि वे अपने सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यों को और बेहतर ढंग से संचालित कर सकेंइस अवसर पर विधायक ने स्थानीय लोगों की जन समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम के बाद विधायक सुरेश कुमार ने अवाहदेवी क्षेत्र में प्रस्तावित बस स्टैंड के लिए जमीन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर जल्द से जल्द बस स्टैंड के निर्माण कार्य को शुरू किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिल सके। इस मौके पर भोरंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# बिलासपुर ने फतेहगढ़ साहिब को हराकर जीती बाबा बालकनाथ कबड्डी कप ट्रॉफी

## कबड्डी स्टार अजय ठाकुर ने विजेताओं को ट्रॉफी व नकद इनाम देकर किया सम्मानित



अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डीएसपी अजय ठाकुर के साथ विजेता खिलाड़ी व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बाबा बालकनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा ताल स्टेडियम बिझड़ी में कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के उद्घाटन दौरान विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने भी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। जबकि समापन समारोह में कबड्डी स्टार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डीएसपी अजय सिंह ठाकुर नें शिरकत की। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों नें भाग लिया। टूर्नामेंट की शुरुआत हमीरपुर तथा महारल की महिला खिलाड़ियों के बीच मैच से हुई, जिसमें हमीरपुर की टीम विजेता रही। फाइनल मैच मे बिलासपुर टीम ने पंजाब प्रदेश की फतेहगढ़ साहब की टीम को हराकर ट्रॉफी जीती।

बिलासपुर की टीम ने फतेहगढ़ को एक तरफा मुकाबले में 38-21से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। विजेता टीम को 15000 तथा उपविजेता टीम को 11000 रुपए की इनामी राशि दी गई। फाइनल मैच में के ऐसे मोमेंट भी देखने को मिले कि जब एक अंक के लिए बिलासपुर टीम के खिलाड़ी मैच में अंपायरिंग कर रहे जाने-माने अपायर महेंद्र शर्मा एवं उनके सहयोगी अंपायर से उलझते हुए नजर आए थे तब मैच कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। आखिरकार रिव्यू में वीडियो रिकॉर्डिंग देखकर फैसला किया गया फिर मैच दोबारा शुरू हुआ इस कबड्डी मैच को बिलासपुर में फतेहगढ़ को एक तरफा हराकर बड़ा करिश्मा किया।

कबड्डी कप के आयोजक युवा भाजपा नेता एवं जिला वालीबाल संघ अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर ने बताया कि युवाओं को नशे से दूर रखना तथा खेल भावना बढ़ाने के लिए हमारा ट्रस्ट निरंतर प्रयासरत है इससे पहले ट्रस्ट द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप तथा अन्य माध्यमों से समाज सेवा की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान यशवीर सिंह पटयाल मंडल अध्यक्ष ढटबाल भाजपा नेता संजीव शर्मा साहिल शर्मा रवि कानूनगो, युवा भाजपा नेता सोमी, वन निगम डायरेक्टर कृष्ण चौधरी, संजय शर्मा पूर्व प्रधान बिझड़ी, करतार सिंह ठाकुर, रवि कानूनगो, सुरेंद्र अग्निहोत्री, नरेंद्र ठाकुर तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एनएच-03 पर अंतिम चरण में काम बारी-टौणी देवी जंक्शन हुए पक्के



एनएच-03 पर अंतिम चरण में चल रहा कार्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** एनएच-03 पर कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। लिंक रोड जंक्शन को पक्का करने का काम जारी है और पूरे हाईवे को फाइनल टच देने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। निर्माण कार्य के चलते अब क्षेत्र में सड़क व्यवस्था पहले से अधिक मजबूत और सुगम होती नजर आ रही है।

बारी मंदिर और टौणी देवी क्षेत्र में एनएच-03 के प्रमुख जंक्शन पक्के कर दिए गए हैं, जिससे लोगों को धूल-मिट्टी की समस्या से राहत मिली है। सोसायटी चौक बारी, तहसील के पास पुराना ऊहल चौक रोड, टौणी देवी-कक्कड़ रोड जंक्शन और गब्बा रोड जंक्शन को बेहतर तरीके से विकसित किया गया है, जिससे यातायात में भी सुधार आया है।

हाईवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि एनएच-03 को पूरी तरह तैयार करने के लिए रोड मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही जहां आवश्यकता है वहां डंगे (क्रैश बैरियर) लगाए जा रहे हैं, ताकि सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में माइल स्टोन, बस स्टॉप, स्ट्रीट लाइट और कैट आईज लगाने का कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इन सुविधाओं के जुड़ने से हाईवे पर सफर और अधिक सुरक्षित व सुविधाजनक हो जाएगा।

# मानवाधिकार संस्था के प्रदेश अध्यक्ष बने शिवकुमार वर्मा

- संस्था के राष्ट्रीय प्रभारी राजेंद्र ने औपचारिक रूप से दिया नियुक्ति पत्र

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के बस्सी क्षेत्र में आयोजित एक सादे लेकिन गरिमामय समारोह में समाजसेवी एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य शिवकुमार वर्मा को राष्ट्रीय स्तर की मानवाधिकार संस्था का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह कार्यक्रम एक निजी होटल में संपन्न हुआ, जहां संस्था के राष्ट्रीय प्रभारी राजेंद्र भाटिया ने उन्हें औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर शिवकुमार वर्मा ने अपनी नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरदीप सिंह, कानूनी सलाहकार राजकुमार बलवान सोलंकी तथा राष्ट्रीय प्रभारी राजेंद्र भाटिया का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य समाज में न्याय सुनिश्चित करना, मानवाधिकारों की रक्षा करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना होगा। कार्यक्रम में मानवाधिकार संस्था की महिला विंग की अध्यक्षा रितु नेगी, प्रदेश कार्यकर्ता शांति ठाकुर, प्रदेश सचिव सनी ढिल्लों, सरकाघाट से प्रेम कुमारी ठाकुर, कांगड़ा से राजीव शर्मा, बिलासपुर से राकेश कुमार, हमीरपुर से सोनिया रानी, सीमा कुमारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने शिवकुमार वर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संस्था के कार्यों के और अधिक विस्तार की उम्मीद जताई।

# अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतंत्र के लिए घातकः उषा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री उषा बिरला ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के प्रति इस प्रकार की अभद्र भाषा का प्रयोग करना न तो शोभनीय है और न ही लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है। उषा बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होते हैं और वह केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की गरिमा और सम्मान के प्रतीक हैं। उनके प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना देश की जनता की भावनाओं को आहत करने जैसा है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी यह दर्शाती है कि विपक्ष मुद्दों की राजनीति से भटक चुका है और अब केवल स्तरहीन व्यक्तिगत टिप्पणियों तक सीमित रह गया है। यह लोकतंत्र के लिए स्वस्थ संकेत नहीं है।

# मेवा उत्सव का शुभारंभ, विधायक सुरेश ने की झंडा यात्रा की अगुवाई

अनंत ज्ञान

**जाहू।** तीन जिलों के संगम स्थल जाहू का सात दिवसीय ऐतिहासिक मेला-'मेवा उत्सव' शुक्रवार को आरंभ हो गया। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3 बजे स्थानीय पंचायत कार्यालय से उत्सव के आयोजन स्थल तक निकाली गई झंडा यात्रा की अगुवाई करके और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ मेवा उत्सव का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों और अन्य संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी शुभारंभ एवं अवलोकन किया। सुरेश कुमार ने बताया कि मेवा उत्सव में इस बार कई नई गतिविधियां शामिल की गई हैं और इसको एक भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। उत्सव के दौरान तीन सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश के कई मशहूर कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। पहली सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण हिमाचल प्रदेश पुलिस का प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा 'हॉरमनी ऑफ पाइन्स' रहेगा। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मोहित गर्ग, राखी गौतम और अन्य लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में गौरव कौंडल, कुसुम जस्सी और अन्य कलाकार लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। उत्सव के उद्घाटन अवसर पर कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश आनंद, रोशन लाल शर्मा, पार्टी के अन्य नेता, एसडीएम शशिपाल शर्मा, एएसपी लालमन शर्मा, खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह, बीएमओ डॉ. ललित कालिया, सीडीपीओ सुनील कुमार, अन्य विभागों के अधिकारी, स्थानीय पंचायत के पूर्व पदाधिकारी सहित कई लोग उपस्थित थे।



जाहू में मेवा उत्सव का शुभारंभ करते विधायक सुरेश। अनंत ज्ञान

# हिम अकादमी स्कूल के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में जीते 22 गोल्ड मेडल

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** 'मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है।' इसी विचार को साकार करते हुए हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर के विद्यार्थियों ने एसओएफ अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुल 22 'गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन' तथा 26 'गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस' प्राप्त किए।

गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त करने वाले विद्यार्थी – नक्शिता ठाकुर, गौरिक भाटिया, प्रिशा ठाकुर, निवृति, सौम्या नेगी, काश्वी ठाकुर, आर्यना, सरस भारद्वाज, अस्मी डोगरा, माही हीर, आरिशा, काव्या शर्मा, अयान पटियाल, दिव्यांश धीमान, अनिका शर्मा, अवनि शर्मा, करुल, श्रेया शर्मा, कीर्ति शर्मा, आरव शर्मा, तितिक्षा पटियाल, अक्षय कपूर आदि। गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त करने वाले विद्यार्थी-मीनल, अलिशा, अवनि राणा, वर्दान्या चौहान, वेदार्थ डाबरा, आरव भारद्वाज, लक्ष्य पठानिया, नमन मलकानिया, आयुष्मान सिंह बन्याल, भार्गवी वरिष्ठ, विवान कुमार शर्मा, अर्शिया राणा, विराट सिंह चौहान, निवेदिता शुक्ला, आरुषि, अथर्व चौहान, दिव्यांशी अटवाल, अस्मिता कुकरेजा, नव्या शर्मा, अर्शित मेहरा, आराध्या ठाकुर, आहाना, ऐशानी ठाकुर, अदिति नेगी, सक्षम सुपहिया आदि।

विद्यालय की प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए हिंदी विषय के सभी अध्यापकों के समर्पण, मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट शिक्षण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

इन सभी विद्यार्थियों को विशेष प्रार्थना सभा में विद्यालय की हेडमास्टर कंचन लखनपाल एवं कोऑर्डिनेटर मनीषा मारवाह द्वारा सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि में हिंदी विभाग के अध्यापकों सुषमा शर्मा, मधुबाला, संगीता ठाकुर, रिंकू शर्मा एवं वंदना का विशेष रूप से सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



हिंदी ओलंपियाड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र। अनंत ज्ञान

# लोग स्मार्ट मीटर लगाने में करें सहयोगः अक्षय

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल नादौन के सहायक अभियंता अक्षय कुमार ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगाने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है और इसके लिए उपभोक्ताओं पर कोई अतिरिक्त आर्थिक भार नहीं डाला जा रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 163 के अनुसार अधिकृत अधिकारी को मीटर जांच या बदलने के लिए परिसर में प्रवेश का अधिकार है। बाधा डालने पर 24 घंटे बाद बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से काटी जा सकती है। नादौन क्षेत्र में यह कार्य अधिकृत एजेंसी को सौंपा गया है, लेकिन कुछ उपभोक्ता सहयोग नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्मार्ट मीटर लगने से दरों या सब्सिडी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और सभी से सहयोग की अपील की।

# महिलाओं का हितैषी होने का ढोंग रच रही भाजपाः सुरेश

- पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के पास साक्ष्य हैं तो लोकायुक्त में जाएं

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** भाजपा महिला हितैषी होने का ढोंग रचती है, जबकि वास्तविकता ये है कि भाजपा महिलाओं को उनका हक देने के पक्ष में नहीं है। ये बात भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने यहां आयोजित पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल आया तो उस समय इसे पूर्ण बहुमत से पारित किया गया। अब भाजपा इसे पुनः लाकर इसमें परिसीमांकन को शामिल कर रही है। इससे जाहिर होता है कि भाजपा महिला हितैषी नहीं है।

उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 2026 को यह राजपत्र में प्रकाशित हो चुका है जिससे यह कानून बन चुका है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की महिलाओं के साथ एक छलावा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह चाहती है कि महिलाओं को 542 सीटों पर आरक्षण दिया जाए। भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती इसलिए ढोंग कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि वे महिलाओं के कितने हितैषी है। उन्होंने कहा कि स्व राजीव गांधी ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर चुनाव लड़ने का भागीदार बनाया है, लेकिन भाजपा ऐसा नहीं करना चाहती है और उल्टा कांग्रेस को जबरन दोष दे रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य से तो भाजपा संविधान की भी अवेहलना कर रही है। उन्होंने कहा कि देश भर में जहां-जहां महिलाओं पर अत्याचार हुआ तब भाजपा क्यों मौन रही। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के न प्रदेश की जनता और न हमीरपुर की जनता गंभीरता से लेते हैं। पूर्व विधायक आए दिन कुछ भी बोल देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनके पास ऐसे कोई साक्ष्य हैं तो उन्हें लोकायुक्त में जाना चाहिए। लोकायुक्त में शपथ पत्र दें और जो आरोप हैं जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक मुख्यमंत्री के खिलाफ गलत बयानबाजी न करें।

# नारी शक्ति के विरोध से कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा उजागरः राणा





हमीरपुर में प्रेसवार्ता करते राजेंद्र राणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हमीरपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस और प्रदेश सरकार पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के विरोध से कांग्रेस का महिला-विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। राणा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है, जबकि विपक्ष इस दिशा में बाधा डाल रहा है। उन्होंने बंगाल चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि जनता मौजूदा सरकार से नाराज़ है और भाजपा की जीत तय है। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में निर्माणाधीन बस अड्डे को लेकर उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि 36 करोड़ की परियोजना लागत बढ़कर 130 करोड़ तक पहुंच गई है, जिसमें अनियमितताएं हो रही हैं।

राणा ने मुख्यमंत्री पर झूठ बोलने और वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया गया है और प्रशासन दबाव में काम कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के पास भ्रष्टाचार के ठोस सबूत हैं, जिन्हें समय आने पर सार्वजनिक किया जाएगा।

**सुविधा** 100 करोड़ की परियोजना से नादौन को मिलेगा नया आधुनिक स्वरूप

# आधुनिक बस स्टैंड व शॉपिंग कांप्लेक्स का रास्ता साफ

अनंत ज्ञान

**शशि सोनल, नादौन।** मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र नादौन में मॉडर्न मल्टी स्टोरी बस स्टैंड व शॉपिंग कांप्लेक्स बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। उपायुक्त हमीरपुर ने विभिन्न विभागों की करीब 25 कनाल भूमि शहरी विकास विभाग के नाम हस्तांतरित कर दी है। इसके साथ ही वन विभाग की लगभग 5 कनाल अतिरिक्त भूमि को भी स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जारी है, जिसे पूरा होने में करीब 6 महीने लग सकते हैं। इस तरह कुल लगभग 30 कनाल भूमि पर यह परियोजना विकसित की जाएगी, जिसमें आधुनिक बस स्टैंड, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बहुमंजिला पार्किंग सुविधा शामिल होगी।

यह महत्वाकांक्षी परियोजना लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही है और इसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्राथमिक योजनाओं में शामिल माना जा रहा है। वर्तमान बस स्टैंड, जो इंदपाल मार्केट क्षेत्र में स्थित है, उसी स्थान के विस्तार के रूप में इसे विकसित किया जाएगा।

प्रस्तावित भूमि में कानूनगो व पटवारी कार्यालय परिसर, नगर परिषद कार्यालय, नगर परिषद की भूमि, कृषि विभाग का स्टोर और अन्य सरकारी जमीनें शामिल हैं। वहीं, वर्तमान बस स्टैंड परिसर में मौजूद नगर परिषद का दो मंजिला शॉपिंग कांप्लेक्स, एचआरटीसी का बुकिंग कार्यालय, पुलिस चौकी और अस्थायी दुकानों को भी पुनर्व्यवस्थित किया जाएगा। नया बस स्टैंड पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जिसमें यात्रियों के लिए बेहतर प्रतीक्षालय, व्यवस्थित पार्किंग, व्यावसायिक शॉपिंग स्पेस और सुगम यातायात व्यवस्था शामिल होगी। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि शहर में लंबे समय से बनी पार्किंग की समस्या का भी समाधान होगा। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि यह परियोजना नादौन के शहरी विकास में मील का पत्थर साबित होगी। लोगों का मानना है कि इससे न सिर्फ बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। वे इस पहल के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार भी जता रहे हैं।

कुल मिलाकर, यह परियोजना नादौन के शहरी स्वरूप को बदलने वाली मानी जा रही है और इसके पूरा होने के बाद शहर को एक आधुनिक परिवहन और व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित होने की उम्मीद है।



> **मुख्यमंत्री** के निर्देश पर बस स्टैंड के विस्तार के लिए करीब 25 कनाल भूमि जिलाधीश हमीरपुर द्वारा शहरी विकास विभाग के नाम हस्तांतरित कर दी गई है। इस भूमि में जो सरकार व अर्ध सरकारी कार्यालय हैं उन्हें अस्थाई तौर पर शिफट किया जाएगा। उसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।
>
> **-निशांत शर्मा, एसडीएम, नादौन।**

# मौत के मोड़ों से राहत की राह: डांड-चीखोतर सड़क पर टारिंग से लौटी जिंदगी

अनंत ज्ञान



**सुनील पहाड़ी, सलूणी।** वर्षों से उपेक्षा का शिकार रही डांड-चीखोतर सड़क, जो कभी गड्ढों, धूल व खतरनाक मोड़ों के कारण लोगों के लिए 'मौत का रास्ता' बन चुकी थी, अब आखिरकार बदलती तस्वीर के साथ उम्मीद की किरण बनकर उभरी है।

सड़क पर टारिंग कार्य शुरू होते ही पूरा मार्ग चमचमाने लगा है और क्षेत्र में राहत की लहर दौड़ गई है। इस मार्ग पर सफर करना कभी जोखिम भरा होता था संकीर्ण रास्ते, तीखे मोड़ व खराब हालत के कारण हर दिन दुर्घटना का खतरा मंडराता रहता था, लेकिन अब प्रशासन द्वारा न केवल टारिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है, बल्कि खतरनाक मोड़ों की कटिंग कर सड़क को चौड़ा भी किया जा रहा है। इससे न सिर्फ आवाजाही आसान हुई है, बल्कि लोगों के मन में बैठा डर भी कम होने लगा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क उनके लिए जीवनरेखा है और इसका सुधार लंबे समय से उनकी सबसे बड़ी मांग रही है, अब जब काम जमीन पर दिखने लगा है, तो लोगों में खुशी के साथ-साथ यह उम्मीद भी जगी है कि क्षेत्र को अब उपेक्षा नहीं, बल्कि प्राथमिकता मिलेगी। हालांकि, कुछ ग्रामीणों ने यह भी कहा कि काम की गुणवत्ता व समय पर पूरा होना सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि यह राहत स्थायी बन सके। फिलहाल, डांड-चीखोतर सड़क पर चल रहा यह सुधार कार्य क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात माना जा रहा है, जिसने खौफ भरे सफर को अब सुरक्षित राह में बदलना शुरू कर दिया है।

# साच पास फिर गुलजार: रानीकोट स्नो प्वाइंट तक आवाजाही की अनुमति

अनंत ज्ञान

**चंबा।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बर्फीले स्वर्ग साच पास के दीदार एक बार फिर शुरू हो गए हैं। प्रशासन ने पर्यटकों को बड़ी राहत देते हुए रानीकोट स्नो प्वाइंट तक आवाजाही की अनुमति दे दी है।

भारी बर्फबारी के कारण पिछले कई दिनों से बंद पड़े इस पर्यटन स्थल के खुलने से अब घाटी में रौनक लौटने की उम्मीद है। हालांकि, प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यह राहत सीमित दायरे में ही है। पर्यटक केवल रानीकोट स्नो प्वाइंट तक ही जा सकेंगे, क्योंकि इससे आगे का रास्ता अब भी बर्फ से ढका व खतरनाक बना हुआ है। चुराह उपमंडल प्रशासन ने जिला प्रशासन के निर्देशों पर यह फैसला लिया है। वहीं, बैरागढ़ पुलिस पोस्ट को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर रखा गया है। पर्यटकों की जेब पर बोझ न पड़े, इसके लिए प्रशासन ने टैक्सी यूनियन को सख्त निर्देश जारी किए हैं। बैरागढ़ से रानीकोट तक तय किराया सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। ओवरचार्जिंग की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्राकृतिक सौंदर्य को बचाने के लिए प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।

## 14,500 फुट पर बर्फ का जादू

**करीब** 14,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित साच पास हर साल हजारों पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। सर्दियों में यहां भारी बर्फबारी होती है, जिससे रास्ते बंद हो जाते हैं, ऐसे में प्रशासन चरणबद्ध तरीके से ही आवाजाही की अनुमति देता है।

## हर पर्यटक की होगी एंट्री-एग्जिट ट्रैकिंग

सुरक्षा के मद्देनजर बैरागढ़ पुलिस पोस्ट को निर्देश दिए गए हैं कि हर पर्यटक की एंट्री दर्ज की जाए व उसकी सुरक्षित वापसी भी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।

## सभी पर्यटक नियमों का पालन करें: एसडीएम

**एसडीएम** चुराह राजेश कुमार जरियाल ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने अपील की कि सभी पर्यटक नियमों का पालन करें व स्वच्छता बनाए रखें, अन्यथा सख्त कार्रवाई से बच पाना मुश्किल होगा।

## ◆ पर्यटकों को निर्देश, कचरा वापस लेकर आएं, निर्धारित डस्टबिन में ही डालें

पर्यटकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने साथ लाया गया कचरा वापस लेकर आएं व निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। नियमों की अनदेखी करने वालों पर जुर्माना और अन्य सख्त कार्रवाई तय है।

# मानवाधिकार पर लघु फिल्म प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकार विषय पर आधारित लघु फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सभी नागरिक ऑनलाइन माध्यम से अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली फिल्मों को क्रमशः 2 लाख रुपए, 1 लाख 50 हजार रुपए तथा 1 लाख रुपए की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त निर्णायक समिति की अनुशंसा पर अधिकतम चार फिल्मों को विशेष उल्लेख प्रमाण पत्र सहित 50 हजार रुपए के पुरस्कार का भी प्रावधान है। लघु फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 मिनट तथा अधिकतम 10 मिनट निर्धारित की गई है। फिल्म हिंदी, अंग्रेजी अथवा किसी भी भारतीय भाषा में बनाई जा सकती है, जिसमें अंग्रेजी उपशीर्षक अनिवार्य होंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियां 30 जून तक ऑनलाइन माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं।

# एनएच-154ए पर 'मौत का मोड़' बना चन्नू दी हट्टी, सालों से धंसती सड़क पर अब जागा विभाग

अनंत ज्ञान



**धरवाला।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे-154ए पर चूड़ी पुल के समीप स्थित चन्नू दी हट्टी का हिस्सा अब 'मौत का मोड़' बन चुका है। पिछले कई वर्षों से लगातार धंस रही इस सड़क ने न केवल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ाई हैं, बल्कि हर गुजरते दिन के साथ हादसों का खतरा भी गहरा होता जा रहा है। करीब 100 मीटर का यह संकरा व जोखिम भरा मार्ग इस कदर खराब हो चुका है कि एक समय में सिर्फ एक ही वाहन यहां से गुजर पाता है। जरा सी बारिश होते ही हालात और भयावह हो जाते हैं सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे वाहन फिसलने व अनियंत्रित होने की घटनाएं आम हो गई हैं।

दोपहिया वाहन चालकों व पैदल राहगीरों के लिए यह रास्ता किसी चुनौती से कम नहीं है। लगातार बढ़ते खतरे व जनदबाव के बीच अब विभाग हरकत में आया है। मशीनरी को रावी नदी की ओर उतार दिया गया है, जहां नदी की गहराई से मजबूत कंक्रीट की दीवार खड़ी करने की तैयारी है, ताकि धंसती जमीन को स्थायित्व दिया जा सके व इस 'खतरनाक मोड़' को सुरक्षित बनाया जा सके। सूत्रों के अनुसार, पठानकोट-भरमौर हाईवे की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय विधायक डॉ. जनक राज द्वारा तय की गई डेडलाइन ने भी विभाग की नींद तोड़ी है, जिसके चलते अब काम में तेजी लाई जा रही है। इस हाईवे से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। खासकर पवित्र मणिमहेश यात्रा के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यही मुख्य मार्ग है, ऐसे में इस सड़क का दुरुस्त होना न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि हजारों यात्रियों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है।

# महिला आरक्षण 543 सीटों पर तुरंत लागू करे केंद्र: आशा

अनंत ज्ञान




**राहुल सहगल, चंबा।** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पूर्व शिक्षा मंत्री एवं डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार हमला बोला।

उन्होंने दो टूक कहा कि जब महिला आरक्षण विधेयक 2023 में पारित हो चुका है व उसकी शर्तें भी 16 अप्रैल को अधिसूचित हो चुकी हैं, तो इसे लागू करने में देरी आखिर किस बात की है? आशा कुमारी ने तीखे अंदाज में सवाल उठाया कि 543 लोकसभा सीटों पर महिला आरक्षण को 'जैसा है वैसा' लागू करने से केंद्र सरकार क्यों कतरा रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कानून का नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के सम्मान व अधिकार का सवाल है, जिसे अब और टाला नहीं जा सकता। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने संसद के अंदर और बाहर इस मुद्दे को पूरी मजबूती से उठाया है। आशा कुमारी ने कहा कि जनता को गुमराह करना बंद किया जाए व यह भ्रम न फैलाया जाए कि कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण के खिलाफ है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जनगणना करवाना केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है, लेकिन इसमें हो रही देरी के कारण ही महिला आरक्षण को भी लटकाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी बैकडोर तरीके से किए जा रहे डिलिमिटेशन के सख्त खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यदि डिलिमिटेशन करना है, तो पहले पारदर्शी जनगणना करवाई जाए, उसके बाद विधिवत डिलिमिटेशन आयोग का गठन कर स्पष्ट शर्तों के साथ प्रक्रिया पूरी की जाए। तभी यह तय हो सकेगा कि किस राज्य में कितनी सीटें बढ़नी हैं और आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जा सकता है। आशा ने याद दिलाया कि कांग्रेस पार्टी ने 2010 में ही राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित कर महिलाओं के हक में ऐतिहासिक कदम उठाया था, लेकिन बाद में यह विधेयक किसी कारण वर्ष लोकसभा में लंबित रह गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला सशक्तिकरण की क्षधर रही है और आगे भी रहेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार जैसे अहम मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया। आशा का यह बयान न सिर्फ राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर रहा है, बल्कि महिला आरक्षण के मुद्दे को लेकर एक बार फिर बहस को तेज कर गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सदर विधायक नीरज नैय्यर, जिला कांग्रेस कमेटी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट नरेश राणा, जनरल सेक्रेटरी जितेंद्र सूर्या तथा ब्लॉक कांग्रेस चंबा के अध्यक्ष ओम प्रकाश सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं भी मौजूद रहे।

# चंबा के पुनरुद्धार की बुलंद मांग: नवनीत ने सांसद हर्ष महाजन को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



**राहुल सहगल, चंबा।** चंबा शहर के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण व ऐतिहासिक धरोहरों के पुनर्जीवन को लेकर एक निर्णायक पहल सामने आई है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी नवनीत चौफला ने राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपते हुए शहर के लंबे समय से लंबित और उपेक्षित मुद्दों पर ठोस कार्रवाई की मांग उठाई है।

ज्ञापन में शहर के केंद्र में स्थित उस ऐतिहासिक चौक के कायाकल्प का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया, जो कभी चंबा रियासत के दौर में एक आकर्षक मिनी चिड़ियाघर हुआ करता था, लेकिन आज बदहाल स्थिति में अपनी पहचान खोता जा रहा है। चौफला ने इस स्थल को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और हरित पार्क में तब्दील करने का प्रस्ताव रखा, ताकि आम नागरिकों विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को एक सुरक्षित, सुलभ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके। इसके साथ ही, ज्ञापन में शहर के सूखते प्राकृतिक जल स्त्रोतों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। जुलाखड़ी, तथा ओबड़ी जैसे पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व पुनर्जीवन की मांग करते हुए यह स्पष्ट किया गया कि इनका पुनर्निर्माण बिना सीमेंट के, पारंपरिक व पर्यावरण-अनुकूल तरीकों से किया जाए, जिससे प्राकृतिक संतुलन बरकरार रहे। ज्ञापन में एनएचपीसी से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गोद लेकर इसके संरक्षण व विकास की जिम्मेदारी लेने का आग्रह भी किया गया है। साथ ही 'थिंक ग्रीन' अभियान के माध्यम से शहर में हरित आवरण को कई गुना बढ़ाने व जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। सांसद ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए भरोसा दिलाया कि चंबा के हित में उठाए गए इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी व ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# किलाड़ में गूंजा पीढ़ियों के संवाद का संदेश

## बुजुर्गों का अनुभव व युवाओं की ऊर्जा से ही बनेगा मजबूत समाज

अनंत ज्ञान




**पांगी।** पांगी घाटी के नागरिक चिकित्सालय किलाड़ में आज एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसने समाज के भविष्य की दिशा तय करने का सशक्त संदेश दिया।

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'इंटर जेनरेशनल बांडिंग' एवं डिमेंशिया जागरूकता कार्यक्रम में सहायक आयुक्त (विकास) एवं खंड विकास अधिकारी योगेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। आकांक्षी खंड कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'संपूर्णता अभियान 2026' के समापन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बुजुर्गों और युवाओं के बीच संवाद को नई मजबूती मिली। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीढ़ियों के बीच बढ़ती दूरी को कम कर आपसी समझ, सहयोग और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना रहा। मुख्यातिथि ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव और युवाओं की ऊर्जा समाज के समग्र विकास की आधारशिला है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बुजुर्गों के जीवन अनुभवों से सीख लेकर अपने जीवन को दिशा दें और पारिवारिक व सामाजिक मूल्यों को मजबूत करें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में पीढ़ियों के बीच संवाद की कमी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है, जिसे ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से दूर किया जा सकता है, जब अनुभव व नई सोच साथ आती है, तभी समाज संतुलित और सशक्त बनता है, उन्होंने कहा इस दौरान सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि विभाग वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय पंचायत दिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। योगेश ने आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर सभी मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. सुमित, डॉ. विरेन, राकेश कुमार (आकांक्षी खंड साथी), तारा चंद (कंप्यूटर ऑपरेटर), अमीर चंद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# विश्वजीत मल्होत्रा ने चुनाव से पहले ही दिलाया फायर हाइड्रेंट बहाली का भरोसा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जहां चुनावी मौसम में नेता बड़े-बड़े वादे करते नजर आते हैं। वहीं चंबा शहर में एक अलग ही उदाहरण देखने को मिला है। समाजसेवी विश्वजीत मल्होत्रा ने नगर परिषद चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही अपना पहला वादा जमीन पर उतारकर दिखा दिया है।




चंबा शहर की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा एक बेहद गंभीर मुद्दा बंद पड़ा फायर हाइड्रेंट लंबे समय से अनदेखी का शिकार था। यह समस्या कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इस ओर ठोस पहल नहीं हो पा रही थी। ऐसे में विश्वजीत मल्होत्रा ने आगे आकर न केवल इस मुद्दे को उठाया, बल्कि इसे प्रशासन की प्राथमिकता भी बना दिया। 7 अप्रैल 2026 को डीसी कार्यालय में दिए गए उनके विस्तृत प्रार्थना-पत्र ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय कर दिया। पत्र में उन्होंने साफ तौर पर चेताया था कि यदि किसी बाजार, तंग बस्ती या रिहायशी इलाके में आग लगती है, तो निष्क्रिय फायर हाइड्रेंट स्थिति को भयावह बना सकते हैं। मामले की गंभीरता को समझते हुए डीसी कार्यालय ने तुरंत संज्ञान लिया और जल शक्ति विभाग को सभी बंद पड़े फायर हाइड्रेंटों को जल्द ठीक कर चालू करने के निर्देश जारी कर दिए। साथ ही विभाग को यह भी कहा गया कि कार्रवाई की रिपोर्ट प्रशासन और प्रार्थी दोनों को दी जाए। चंबा जैसे पहाड़ी व घनी आबादी वाले शहर में, जहां कई स्थानों पर सड़कें व गलियां बेहद संकरी हैं, वहां फायर हाइड्रेंट किसी भी आपात स्थिति में जीवनरक्षक भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इस मुद्दे को उठाना केवल एक शिकायत नहीं, बल्कि हजारों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा एक निर्णायक कदम है। मल्होत्रा ने कहा, मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि चंबा की सुरक्षा और विकास है। यह तो बस शुरुआत है आगे भी शहर के हर जरूरी मुद्दे को उठाकर समाधान तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

# लोगों ने पासपोर्ट आवेदन करवाए

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के सर्किट हाउस में 22 से 24 अप्रैल तक चली मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा का शुक्रवार को अंतिम दिन रहा, जहां तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर मौके पर ही अपने पासपोर्ट आवेदन करवाए। पहाड़ी क्षेत्र के लोगों के लिए यह सेवा किसी बड़ी राहत से कम नहीं रही, क्योंकि अब उन्हें पासपोर्ट बनवाने के लिए कांगड़ा व पालमपुर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट मोहम्मद फैसल ने बताया कि प्रतिदिन करीब 50 आवेदनों को सफलतापूर्वक प्रक्रिया के तहत पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार पूरी व्यवस्था काफी हद तक सुचारू रही और इंटरनेट से जुड़ी कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई, जिससे काम बिना रुकावट चलता रहा। उन्होंने जानकारी दी कि इस सेवा के तहत आवेदन करने के बाद पासपोर्ट सीधे आवेदकों के डाक पते पर भेज दिए जाएंगे, जिससे लोगों को लंबी दूरी तय करने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। यह सुविधा खासतौर पर दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रही है।

# बैरा स्यूल में श्रमिकों का प्रदर्शन चौथे दिन भी थमा नहीं गुस्सा

अनंत ज्ञान



**चंबा।** बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में श्रमिकों का आक्रोश अब उफान पर है। दुनी चंद की नौकरी बहाली को लेकर बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले जारी धरना-प्रदर्शन चौथे दिन भी पूरे जोर-शोर से जारी रहा। भारी संख्या में जुटे मजदूरों ने साफ कर दिया है कि यह लड़ाई अब आर-पार की बन चुकी है।

धरने में सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर ने प्रबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एनएचपीसी जैसे केंद्र सरकार के उपक्रम में खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां स्थायी कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष तय है, वहीं ठेका मजदूरों को 58 वर्ष में जबरन बाहर का रास्ता दिखाना सीधा भेदभाव और अन्याय है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की मनमानी इस हद तक बढ़ चुकी है कि एक ठेका मजदूर को 58 वर्ष की आयु में नोटिस थमाकर नौकरी से निकाल दिया गया। यूनियन द्वारा कानून का हवाला देने के बावजूद प्रबंधन ने कोई सुनवाई नहीं की और तानाशाही रवैया अपनाए रखा। यूनियन ने इस फैसले को गैरकानूनी करार देते हुए तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। धरना स्थल पर मजदूरों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रबंधन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया और एकजुटता का दमदार प्रदर्शन किया। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दुनी चंद को बहाल नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। धरने को संबोधित करते हुए धर्म चंद, सुरेश, सुरेंद्र, राकेश, तिलक और लोकी ठाकुर ने दो टूक कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# पेयजल संरक्षण पर विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधिक सेवा प्राधिकरण चंबा के तत्वावधान में संचालित जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को महर्षि दयानंद आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चंबा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एकांश कपिल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पेय जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 20 से 25 अप्रैल तक सात दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की थीम, जल संरक्षित करें, सुरक्षा करें एवं जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करें (सेव अवर वाटर परसिर्व प्रोटेक्ट रीस्टोर) निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पेय जल संरक्षण के महत्व पर विशेष बल दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलवाई।

# दो मामलों में मारपीट व गाली-गलौज के केस दर्ज

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला पुलिस चंबा द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के तहत दो अलग-अलग आपराधिक मामलों में अभियोग दर्ज किए गए हैं।

दोनों ही मामलों में आरोपियों पर रास्ता रोकने, गाली-गलौज करने और एक मामले में मारपीट करने के आरोप लगे हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पहला मामला पुलिस थाना भरमौर में दर्ज किया गया है, जहां सुमना देवी निवासी भरमौर की शिकायत पर ओम प्रकाश निवासी साहनू के खिलाफ मामला पंजीकृत हुआ है। शिकायत के अनुसार 23 अप्रैल को पुराने बस स्टैंड भरमौर में काम के दौरान आरोपी ने महिला का रास्ता रोका, उसके साथ अभद्र व्यवहार किया व डंडे से हमला कर दिया। इस घटना ने महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, दूसरा मामला पुलिस थाना सिहुंता में सामने आया है, जहां साजन निवासी हटली की शिकायत पर महिंदर उर्फ राज करन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने 23 अप्रैल को उसका रास्ता रोककर गाली-गलौज की, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने दोनों मामलों में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक चंबा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं यह सवाल खड़ा करती हैं कि क्या छोटे कस्बों में भी कानून का डर कम होता जा रहा है? स्थानीय लोगों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लग सके।

# वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर डीआरडीए सभागार में एसडीएम, बीडीओ तथा वन विभाग के अधिकारियों के लिए एकदिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में अधिनियम के तहत दावों की प्रगति, प्रक्रियागत सुधार और जमीनी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को दावों की प्रक्रिया, आवश्यक साक्ष्य और ग्राम सभा की भूमिका की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की।

उन्होंने कहा कि गद्दी, गुज्जर सहित वन-निर्भर समुदायों की उपस्थिति को देखते हुए अधिकारियों का कानून की प्रक्रियाओं से परिचित होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से दावों के निपटान में तेजी आएगी और समुदायों के अधिकारों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशों पर जिले में सभी 12 उपमंडलों में प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियां चल रही हैं। अब तक 2722 वन अधिकार समितियों को पुनः सक्रिय किया गया है, जिनमें निष्क्रिय समितियां भी शामिल हैं। बैठक में ऑनलाइन माध्यम से आयुक्त नगर निगम मंडी रोहित राठौर और अतिरिक्त सचिव राजस्व अनिल चौहान ने भी अधिनियम की बारीकियों पर जानकारी दी।प्रशिक्षण में जिला के वरिष्ठ अधिकारी, एसडीएम, बीडीओ और वन विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

# 20 लाख मुआवजा मिलने पर बद्दी से पाड़छु लाया गया ऋषभ का शव

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** बद्दी में दो दिन पहले फैक्टरी में कंप्रेशर की मुरम्मत करते हुए ब्लास्ट में मारे गए पाड़छु-सजयाओपीपलु निवासी 22 वर्षीय ऋषभ का आज उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए और इस दुर्घटना में मारे गए युवक के परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और इस सदमे को झेलने कि शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## ◆ सैंकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी विदाई

युवक की अंतिम यात्रा एवं संस्कार में पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह, रणताज राणा, रमेश ठाकुर, रत्तन चंद, भाग सिंह, सोहन सिंह, दूनी चंद, जगदीश चंद्र,नानक चंद आदि शामिल हुए। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि ऋषव की मृतयु का मुआवजा कंपनी परसों दो-तीन लाख रुपए ही दे रही थी, लेकिन नालागढ़ के स्थानीय विधायक, मजदूर संगठन सीटू, सरकाघाट एवं धर्मपुर कल्याण सभा व परिवार के लोगों ने परसों से ही वहां डेरा डाला था और आज सुबह शव के साथ कंपनी गेट पर धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया था जिसे मजदूर संगठन सीटू ने भी समर्थन दिया जिसके चलते आज कंपनी ने इसका 20 लाख रुपए मुआवजा दिया तब जाकर शव वहां से लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया।


**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं,** कृष्णी देवी उम्र 48 वर्ष पत्नी श्री रंजन चंदेल, निवासी घर क्रमांक- 41/3 गांव चखारा डाकघर भोजपुर तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम कृष्णा से बदलकर कृष्णी देवी रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

मैं, श्री पीताम्बर सिंह पुत्र भीमे राम गांव एवं डाकघर पंजाई, तहसील बालीचौकी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश का स्थाई निवासी हूं। मैं अपने पुत्र का नाम आधार कार्ड संख्या 4221 2406 5571 में गेवंश ठाकुर से बदल कर रिहान ठाकुर करना चाहता हूं। कृपया इसे शुद्ध कर रिहान ठाकुर किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**न्यायालय तहसीलदार, सहायक समाहर्ता प्रथम वर्ग एवं तहसीलदार, ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.)।**

दावा संख्या 42/1/24

इश्तहार मुशत्री मुनादी जेर धारा-23 भू- राजस्व अधिनियम 1954

**राज कुमार आदि बनाम कुलदीप कुमार आदि**

1. राज कुमार पुत्र स्व. अमर सिंह 2. श्रीमती उर्मिला कुमारी विध्वा स्व. श्री अमर सिंह निवासी बहल पटवार वृत्त कोहाला तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**वनाम**

2. कुलदीप कुमार पुत्र अमर चन्द 2. अशोक कुमार पुत्र अमर चन्द 3. संजीव कुमार पुत्र अमर चन्द 4. अजित कुमार पुत्र अमर चन्द 5. बलदेव राज पुत्र ओंकार सिंह 6. सागर सिंह पुत्र ओंकार सिंह 7. परदीप कुमार पुत्र ओंकार चन्द निवासी वहल पटवार वृत्त कोहाला तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**वजरिया जमादार तहसील कार्यालय ज्वालामुखी**

उपरोक्त मुकदमा अनुबान बाला में प्रार्थि श्री राज कुमार पुत्र स्व. अमर सिंह निवासी बहल पटवार वृत्त कोहाला तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने भूमि खाता/तकसीम खेवट नं.31 खतौनी नं. 32 खसरा नंबर 366 रकवा 00-11-22 हैक्ट. जमाबन्दी साल 2018-19 मोहाल वहल तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.) की तकसीम करने का प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें उपरोक्त प्रतिवादीगण का समन की तामील साधारण तरीके से न हो पा रहे हैं। प्रतिवादी नंबर 3. संजीव कुमार पुत्र अमर चन्द 5. बलदेव राज पुत्र ओंकार सिंह 6. सागर सिंह पुत्र ओंकार सिंह 7. परदीप कुमार पुत्र ओंकार चन्द निवासी बहल पटवार वृत्त कोहाला तहसील ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.) अतः इस अदालत द्वारा इश्तहार समाचार पत्र के माध्यम से उपरोक्त प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 28-05-2026 को दोपहर 02:00 बजे इस अदालत में असालतन या वलाकतन हाजिर आवे । अन्यथा गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कारवाई अमल में लाई जायेगी। आज दिनांक 21-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित द्वारा जारी हुआ

**तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम वर्ग ज्वालामुखी जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगडा।**

मिसल न. /2026(RMS)

ता0 दा0 04-04-2026

ता0 पेशी 25-05-2026

**अनुमान मुकदमा**

प्रार्थी श्री अर्मी चन्द पुत्र सिया राम निवासी गाव भाटी डाकधर सकोट तहसील नगरोटा वगवां जिला कांगडा हि. प्र.। ........प्रार्थी पक्ष

**वनाम**

**आम जनता** **प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषयः-** प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13 (3) अन्तर्गत श्री अमी चन्द की जन्म तिथि 15-06-1962 ग्राम पंचायत भाटीकेरिकार्ड में दर्ज करने वारे।

***अखवारी ईस्तहार***

प्रार्था श्रीअमीं चन्द पुत्र सिया राम निवासी गाव भाटी डाकधर सकोट तहसील नगरोटा वगवां जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 15-06-1962 को ग्राम पंचायत भाटी में हुआ था परन्तु किसी कारणवस सम्वधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आग्रह किया है।

अतः इस अदालती नोटिस अखवारी ईस्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 25-05-2026 अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्मतिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक 24/04/2074 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा**

**ख्याति** नदी की भांति अपने उद्गम स्थल पर क्षीण ही रहती है, किंतु दूर जाकर विस्तृत हो जाती है।

-भवभूति

## संपादकीय

# संकट में आम आदमी पार्टी

भारतीय राजनीति में पिछले एक दशक में तेजी से उभरी आम आदमी पार्टी (आप) आज एक बड़े संगठनात्मक संकट से गुजर रही है। लगातार हो रहे इस्तीफे, नाराजगी और नेताओं के पाला बदलने की घटनाओं ने पार्टी के भीतर अस्थिरता पैदा कर दी है। जिस पार्टी ने कभी भ्रष्टाचार विरोधी छवि और नई राजनीति के वादे के साथ जनसमर्थन हासिल किया था, वह आज अपने ही अस्तित्व की चुनौती से जूझती नजर आ रही है।

राज्यसभा स्तर पर सामने आए घटनाक्रम ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। पंजाब से जुड़े कुछ सांसदों के कथित रूप से पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में जाने की खबरों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इसमें सबसे चर्चित नाम राघव चड्ढा का सामने आना पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। उनके साथ जुड़े कुछ अन्य सांसदों संदीप पाठक और अशोक मित्तल के रुख ने भी पार्टी की एकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह घटनाक्रम व्यक्तिगत असंतोष नहीं, बल्कि संगठनात्मक खामियों का परिणाम है। पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया, नेतृत्व शैली और संवाद की कमी जैसे मुद्दे लंबे समय से चर्चा में रहे हैं। जब किसी राजनीतिक दल में नेताओं को पर्याप्त मंच या सम्मान नहीं मिलता, तो असंतोष धीरे-धीरे विभाजन का रूप ले लेता है।

दूसरी ओर, कुछ पर्यवेक्षक इसे विपक्षी रणनीति का हिस्सा भी मान रहे हैं, जिसे 'ऑपरेशन लोटस' से जोड़ा जा रहा है। धारणा यह बन रही है कि भाजपा कमजोर होती पार्टियों के नेताओं को अपने पाले में शामिल कर लेती है। हालांकि, इस तरह के दावे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का हिस्सा भी हो सकते हैं और इनकी स्वतंत्र पुष्टि कठिन होती है।

पार्टी के भीतर यह भी चर्चा का विषय रहा है कि कई नेता हाल के समय में सक्रिय भूमिका से दूरी बनाते दिखे हैं। संसद में मुद्दों पर कम उपस्थिति, पार्टी कार्यक्रमों से दूरी और व्यक्तिगत ब्रांडिंग पर अधिक ध्यान देने जैसी बातें संगठनात्मक अनुशासन की कमजोरी की ओर संकेत करती हैं। जब किसी दल के भीतर सामूहिकता की जगह व्यक्तिगत राजनीति हावी होने लगती है, तो उसका असर लंबे समय तक संगठन पर पड़ता है। कुछ अन्य घटनाएं भी राजनीतिक विश्लेषण का हिस्सा बनी हैं, जिनमें जांच एजेंसियों की कार्रवाई और उसके बाद नेताओं की राजनीतिक दिशा बदलने की चर्चाएं शामिल हैं। हालांकि, इन मामलों में किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा, लेकिन यह सच है कि राजनीतिक वातावरण में ऐसी घटनाएं अक्सर निर्णयों को प्रभावित करती हैं।

आम आदमी पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती अब विश्वास और संगठनात्मक स्थिरता को बनाए रखना है। जिस पार्टी ने कभी नई राजनीति, ईमानदारी और पारदर्शिता का दावा किया था, उसे अब अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। नेताओं के बीच संवाद, जिम्मेदारी का स्पष्ट वितरण और आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत किए बिना कोई भी राजनीतिक दल लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकता।

आज की स्थिति यह संकेत देती है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो यह असंतोष और बढ़ सकता है। किसी भी राजनीतिक संगठन के लिए सबसे बड़ा खतरा बाहरी विरोध से अधिक आंतरिक टूटन होता है। इसलिए आवश्यक है कि पार्टी नेतृत्व ऐसे सभी मुद्दों को गंभीरता से समझे और संगठन को पुनः मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

यह स्पष्ट है कि भारतीय राजनीति में कोई भी दल स्थायी रूप से कमजोर या मजबूत नहीं होता। परिस्थितियां, नेतृत्व और संगठनात्मक क्षमता ही उसका भविष्य तय करती हैं। आम आदमी पार्टी के सामने भी यही परीक्षा है। क्या वह अपने बिखरते ढांचे को फिर से जोड़ पाएगी या यह घटनाएं उसके राजनीतिक भविष्य को नई दिशा देंगी, यह आने वाला समय तय करेगा? ■

## अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — आज की प्रमुख हस्ती

### उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री

**हेमवती नंदन बहुगुणा** उत्तर प्रदेश के प्रमुख राजनीतिज्ञों में गिने जाते हैं। उनका जन्म 25 अप्रैल 1919 को उत्तराखंड के बुघाणी गांव में हुआ था और 17 मार्च 1989 को उनका निधन हुआ। वे अपने समय के प्रभावशाली नेता थे और दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।



हेमवती नंदन बहुगुणा
जन्म : 25 अप्रैल, 1919
मृत्यु : 17 मार्च, 1989

बहुगुणा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए तक की शिक्षा प्राप्त की। राजनीतिक जीवन की शुरुआत समाजसेवा से की और 1952 में पहली बार उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। इसके बाद 1957 से 1969 तक तथा 1974 से 1977 तक लगातार विधानसभा सदस्य रहे।

वे अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य और बाद में महासचिव भी रहे। 1957 में डॉ. संपूर्णानंद के मंत्रिमंडल में सभासचिव बने। 1958 में उद्योग विभाग के उपमंत्री और 1962 में श्रम विभाग के उपमंत्री नियुक्त हुए। 1967 में वे वित्त और परिवहन मंत्री बने। वे 1971, 1977 और 1980 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। 2 मई 1971 को केंद्रीय मंत्रिमंडल में संचार राज्य मंत्री बने। 8 नवम्बर 1973 से 29 नवम्बर 1975 तक वे दो कार्यकालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 1977 में केंद्र सरकार में पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री तथा 1979 में वित्त मंत्री बने।

उन्होंने इंग्लैंड, जर्मनी, इटली और मिस्र जैसे देशों की यात्राएं भी कीं। उनकी पुत्री रीता बहुगुणा भी जानी-मानी राजनीतिज्ञ उनका जीवन राजनीति में सक्रिय नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमता का महत्वपूर्ण उदाहरण है। ■



कविता

## अपाहिज

राज कुमार कौंडल, गांव व डा. अमरपुर त., घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

**नशे** के जाल ने कितना अंधा बना दिया,
भले चंगे इंसान को इसने हैवान बना दिया।
सोच समझ की शक्ति को नशे ने कुंद कर दिया,
इस नशे ने न जाने कैसा क्रूर विनाश कर दिया
चिरागे नशेमन थे जो कई घरों के,
उन्होंने अब अपने घर को ही जला दिया।
बांटनी थी सबको अथाह खुशियों की सौगात
बेदर्द नशे ने सबको जहर का घूंट पिला दिया।
जानवर से बदतर हालात कर दिए इस नशे ने,
मासूम सी बच्ची का जीवन खत्म कर दिया।
क्या क्या सपने संजोए थे उन मां-बाप ने,
जिनके अरमानों पर इस दरिंदे ने पानी फेर दिया।
काफिर नशे ने किस कदर काफिर बना दिया,
चलते फिरते इंसान को पल में लाश बना दिया।
यूं भी पत्थर दिल जिंदा लाश बनकर भी क्या,
अपनों को भी जीते जी लाश ही बना दिया।
किससे कहें किसको अपना दुखड़ा सुनाएं,
छीन सहारा सदा के लिए अपाहिज बना दिया।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रियाएं सुझाव, आलेख और कविताएं *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# शांति वार्ता का मोहरा बना आतंक का सरपरस्त पाकिस्तान



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

'मुझे हारे हुए लोग पसंद हैं, क्योंकि वे मेरी सफलता की तारीफ करते हैं।' यह टिप्पणी 27 मार्च, 2026 को अमेरिका के मियामी में एक इजलास के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने की थी। ट्रंप ने यह भी जिक्र किया कि उन्हें हारे हुए लोगों के साथ रहने में बेहतर महसूस होता है। अपनी विवादास्पद बयानबाजी के लिए मशहूर ट्रंप ने गुफ्तगू के दौरान किसी मुल्क का नाम नहीं लिया, मगर उनका इशारा शायद अपनी कठपुतली पाकिस्तान के लिए था। भारतीय सेना द्वारा चार बड़े युद्धों में शर्मनाक शिकस्त के दंश झेल चुके पाकिस्तान की आबरू बचाने के लिए अमेरिका हमेशा एक मखसूस किरदार अदा करता आया है। मिडिल ईस्ट की जंग में बुरी तरह फंसे अमेरिका ने ईरान के साथ मुजाकरात के लिए हारे हुए पाकिस्तान को अपना तर्जुमान बनाया है, मगर 'बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना' ये कहावत पाकिस्तान पर ठीक बैठती है।

पाकिस्तान की भिखारी वाली औकात तथा मक्कारी से लबरेज फितरत से दुनिया भलि-भांति वाकिफ है। अमेरिका जानता है कि खरात व जकात पाने के लिए पाकिस्तान के हुक्मरानों का ईमान व जमीर डगमगा जाता है। इसीलिए 28 फरवरी, 2026 को ईरान पर हमला करने से पहले अमेरिका ने खाड़ी देशों के साथ पाकिस्तान के हुक्मरानों को भी एतमात में लेकर अपने पक्ष में कर लिया था। नतीजन ईरान मैदान-ए-जंग में अकेला रह गया। अमेरिका की यही कूटनीति ईरान पर काफी हद तक भारी पड़ी। जगजाहिर है कि पाकिस्तान आतंक का मरकज है। जनवरी 2002 में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का अपहरण करके उसे हलाक करने वाली आतंकी जमात का ताल्लुक पाकिस्तान से ही है। अमेरिकी वित्त विभाग ने सन् 2010 से पाकिस्तान के कई लोगों को आतंकी घोषित किया है। अक्वाम-ए-मुत्तहिदा की सलामती काउंसिल द्वारा घोषित सबसे ज्यादा आतंकी तंजीमों का ताल्लुक पाकिस्तान से ही है। हाल ही में 25 मार्च, 2026 को अमेरिकी कांग्रेस की नई रिपोर्ट में पाकिस्तान को आतंकवाद की शरणास्थली बताया है।

इस रिपोर्ट में कुछ आतंकी संगठन सन् 1980 के दशक से पाकिस्तान में पनाह लेकर बैठे हैं। सन् 1980 के दौर में अफगानिस्तान की सरजमीं पर जंग लड़ रहे सोवियत संघ के खिलाफ पाकिस्तान तथा सऊदी अरब ने कई आतंकी जमातों को खड़ा करके अमेरिका की पूरी मदद की थी। पाकिस्तान के मजहबी रहनुमाओं ने सैंकड़ों युवाओं को मुजाहीदीन करार देकर उन्हें जेहाद के लिए उकसा कर अफगानिस्तान में सोवियत सेनाओं के खिलाफ लड़ने के लिए भेजा। मुजाहीदीनों की वही जमातें तालिबान बनकर उभरीं। कुख्यात आतंकी ओसामा बिन लादेन की




तखलीक सऊदी अरब की धरती पर उसी सोवियत-अफगान जंग के दौरान हुई थी। सन् 1990 के दशक में सोवियत सेनाओं ने अफगानिस्तान को छोड़ दिया।

ओसामा बिन लादेन की आतंकी तंजीम अल कायदा के आंतकियों ने सितंबर 2001 में न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर तथा पेंटागन पर हमले करके अमेरिका को आतंक का असली चेहरा दिखाया। उस हमले के सरगना ओसामा बिन लादेन की तलाश में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर बारूद बरसाकर करोड़ों डॉलर तबाह कर दिए, मगर मई 2011 में अमेरिकी नेवी सील्स के कमांडो ने ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के एबटाबाद में हलाक किया था यानी पूरा शहर जिस नागिन की तलाश में परेशान था वो सपेरे की बीन में ही थी। गौर करने वाली बात यह है कि एक तरफ अमेरिका की इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गेबार्ड को पाकिस्तान के परमाणु हथियारों तथा बैलिस्टिक मिसाइलों से डर लग रहा है, लेकिन बेहद मशकूक किरदार के लिए कुख्यात आतंकीस्तान के लिए अमेरिका की उल्फत कम नहीं हो रही। 23 मार्च 2026 को रावलपिंडी में एक इफ्तार पार्टी के दौरान पाक जनरल आसिम मुनीर ने बयान दिया था कि जिन लोगों को शिया ईरान से इतनी मोहब्बत है उन्हें वहीं चले जाना चाहिए।

पाकिस्तान के शिया मजहबी रहनुमाओं की काउंसिल ने उस बयान को शिया संप्रदाय की तौहीन मानकर आसिम मुनीर को अमेरिका तथा इसराइल का गुलाम करार दे दिया। चुंकि दुनिया में शिया संप्रदाय की आवाम ईरान के मरहूम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई को अपना 'मरजा-ए-तकलीद' मानते हैं, मगर शिया मजहबी रहनुमाओं को ईरान जाने का मशविरा देने वाला आसिम मुनीर शांतिदूत का नकाब ओढ़कर 15 अप्रैल 2026 को खुद तेहरान पहुंचकर ईरान की हुकूमत के आगे नतमस्तक हो गया ताकि शिया आवाम के आक्रोश पर कुछ हद तक मरहम लग जाए तथा शिया-सुन्नी का तनाव भी शांत हो जाए।

अमेरिका और ईरान की जंग के मौजूदा हालात में आसिम मुनीर का शांतिदूत के तौर पर सामने आना यह जाहिर करता है कि पाकिस्तान की जम्हूरियत पर आज भी फौज की हुक्मरानी कायम है। इस्लामाबाद में 10 अप्रैल 2026 को हुई लंबी मुजाकरात, जिसमें जेडी वेंस और मुहम्मद गालिबाफ शामिल थे, बेनतीजा रही। अमेरिका ईरान पर अपनी शर्तें थोपना चाहता है, लेकिन ईरान उन्हें मंजूर करने को तैयार नहीं, खासकर परमाणु कार्यक्रम, हिजबुल्ला और होर्मुज जलमार्ग जैसे मुद्दों पर इत्तेफाक नहीं बन पा रहा।

डोनाल्ड ट्रंप की सख्त पॉलिसी के बावजूद ईरान मुस्तकबिल की जंग के लिए तैयार नजर आता है। खाड़ी देशों का भरोसा भी कमजोर हो रहा है। पाकिस्तान की बढ़ती भूमिका और सऊदी अरब की हिमायत से कूटनीतिक बिसात और पेचीदा हो गई है। इन हालात में अमन की कोशिशें जारी हैं, मगर जंग के साये अब भी मंडरा रहे हैं और मुस्तकबिल अनिश्चित बना हुआ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परिवार की रीढ़ महिला का अदृश्य, लेकिन सबसे मजबूत योगदान



कमलेश ठाकुर
गांव भैला, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश

हर परिवार में महिलाओं की एक विशेष भूमिका होती है। परिवार को सुखी और सफल बनाने में एक महिला का महत्वपूर्ण योगदान होता है। हर सफल और कामयाब परिवार के पीछे महिलाओं का हाथ होता है। महिलाएं अलग-अलग भूमिका निभाकर एक सुखी परिवार का निर्माण करती हैं जोकि एक सशक्त समाज का आधार है।

एक महिला, एक बेटी, एक बहू और एक सास बनकर घर परिवार को संभालती है और परिवार को जोड़े रखने के लिए एक ओर बांध बनाकर अपनी भूमिका अडिग रहकर निभाती है। मां के रूप में महिला बच्चों को बोलना, चलना, सच और झूठ में फर्क करना, व सही और गलत निर्णय में अंतर सिखाती है। बच्चों का स्कूल में सीखना बाद का क्रम है लेकिन सबसे पहली गुरु मां ही होती है। पत्नी के रूप में महिला एक सच्चा साथी बनकर अपने पति का हर सुख दुख बांटती है और परिवार को एकजुट रखने के लिए लगातार संघर्ष करती रहती है। मुसीबत आने पर पति के साथ एक सच्चा साथी बनकर खड़ी रहती है और परिवार की ढाल बनती है।

महिला, बहू और बेटी के रूप में परिवार को संपूर्ण बनाती है साथ ही साथ मायके और ससुराल दोनों को जोड़कर रखती है। निःसंदेह वह दोनों परिवारों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करती है। अगर घर संभालने की बात की जाए तो महिलाएं न केवल सामाजिक बल्कि आर्थिक और भावनात्मक रूप से भी अपने परिवार की मदद करती है चाहे फिर वह महीने के बजट प्रबंधन की बात हो, समय प्रबंधन की बात हो या अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेने की बात हो, महिलाएं इसमें अत्यंत सराहनीय योगदान देती हैं। युगांतर से महिलाओं को त्याग की मूर्ति और बलिदान की देवी कहा गया है। अपनी जरूरत को हाशिए पर रखकर महिलाएं



परिवार के हितों को सर्वोपरि रखती हैं और यह सहनशीलता की ही शक्ति है जो उन्हें सबसे अलग करती हैं।

मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि जिस घर में महिलाओं के फैसलों की कदर होती है, वहां झगड़े और तनाव 70% तक कम हो जाते हैं, क्योंकि महिलाएं घर को भावनात्मकता और संवेदनशीलता से चलाती हैं न कि हिसाब से। वैसे भी परिवार में आर्थिक पैमाने से कहीं ज्यादा जरूरी पैमाना भावनात्मक और दिल का पैमाना होता है। आज के संदर्भ में देखें तो समाज बहुत बदल चुका है। मीडिया और इंटरनेट के इस युग में निःसंदेह समाज ने बहुत तरक्की कर ली है। महिलाएं भी देश की आर्थिकी में अपना योगदान दे रही हैं और कुछ क्षेत्रों में तो महिलाएं पुरुषों से भी आगे बढ़कर भाग ले रही हैं जिससे महिलाओं ने अपने परिवार, प्रदेश, देश और विश्व को गौरवान्वित किया है। समाज के बहुत से लोगों का मानना है कि कमाई की जिम्मेदारी पति-पत्नी दोनों की होनी चाहिए, लेकिन यह जानकर बहुत हैरानी और दुख होता है कि कुछ लोग इस युग में भी यह मानते हैं की परिवार में सिर्फ पुरुष ही प्रधान है जो कि संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। अर्थव्यवस्था सर्वे 2024 कहता है कि महिलाओं का बिना वेतन वाला देखभाल का काम जीडीपी का 3.1% है जो की अत्यंत महत्वपूर्ण है तो कल्पना कीजिए, अगर यह काम रुक जाए तो देश की आर्थिकी को सीधा-सीधा नुकसान होगा।

अतः अब तो हम समझ ही गए हैं कि गृहणियों का भी देश की आर्थिकी में कितना महत्वपूर्ण योगदान है।

एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं का काम सिर्फ घर परिवार में मदद करना ही नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग होना है। घर परिवार तभी सफल होता है जब महिलाओं को घर में सम्मान मिले, महत्वपूर्ण विषयों में साझेदारी, बराबरी का दर्जा मिले, हर चर्चा में शामिल किया जाए जिसमें परिवार का उज्जवल भविष्य निहित हो, क्योंकि यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि जिस घर में महिलाएं खुश रहती हैं उस घर में साक्षात लक्ष्मी माता निवास करती हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# गांव की सरकार : वादों की चमक और गांव की जमीनी हकीकत



रविंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक, चुवाड़ी, चंबा

भारत की आत्मा गांवों में बसती है, और पंचायत चुनाव उस आत्मा को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। जब शहर में बड़े चुनाव होते हैं, तो मुद्दे अक्सर राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय होते हैं, लेकिन पंचायत चुनाव में मुद्दा 'बगल वाली नाली' और 'स्कूल की टूटी दीवार' होती है।

हम देखते हैं कि जब चुनाव आता है तो गांव के चुनाव में आज भी सबसे बड़ा मुद्दा सड़क, बिजली और पानी है। चुनाव से पहले दावों की झड़ी लग जाती है, लेकिन हकीकत यह है कि कई गांवों में आज भी पक्की सड़कें खेतों तक नहीं पहुंच पाई हैं। जल जीवन मिशन के तहत पाइप तो बिछ गए, लेकिन क्या हर नल में जल पहुंच रहा है? यह सवाल वोट मांगने आने वाले प्रत्याशी के सामने सबसे बड़ा होता है। गांव का प्राथमिक विद्यालय सिर्फ मिड-डे मील का केंद्र बनकर न रह जाए और स्वास्थ्य केंद्र पर केवल ताला न लटका मिले-यह जागरूक मतदाताओं की मुख्य मांग होती है। युवाओं के लिए गांव में पुस्तकालय और खेल के मैदान की कमी एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर अब ग्रामीण युवा मुखर होकर बात करने लगा है।

पंचायत चुनाव में किसान की समस्याएं जैसे खाद की समय पर उपलब्धता, आवारा पशुओं से फसलों का बचाव और सिंचाई के साधन—सीधे तौर पर मतदान को प्रभावित करती हैं। ग्राम प्रधान की भूमिका यहां महत्वपूर्ण हो जाती है कि वह सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री-किसान या नरेगा का लाभ पात्र व्यक्ति तक कितनी ईमानदारी से पहुंचाता है। पंचायत चुनाव की एक कड़वी सच्चाई जातिवाद और आपसी गुटबाजी है।

अक्सर विकास पीछे छूट जाता है और 'अपना आदमी' आगे आ जाता है। इसके अलावा, चुनाव की पूर्व संध्या पर शराब, दावत और नकदी का वितरण लोकतंत्र की इस सबसे छोटी इकाई को कमजोर करता है।




आरक्षण के कारण महिलाओं की भागीदारी तो बढ़ी है, लेकिन आज भी कई गांवों में प्रधान-पति का चलन है। सीट महिला के नाम पर होती है, लेकिन निर्णय और शक्ति पुरुष के हाथ में।

असली बदलाव तब आएगा जब महिला प्रतिनिधि स्वयं अपनी पंचायत का नेतृत्व करेंगी। हम देखते हैं कि जब महिला प्रधान या वार्ड मेंबर बन जाती है, लेकिन पंचायत या वार्ड का काम उनके पति जिनको की हम प्रधान पति कह सकते हैं। आज के समय में अगर हम महिला सशक्तिकरण की बात करते हैं जब तक महिला अपने निर्णय स्वयं नहीं लेगी तब तक उस सशक्तिकरण का कोई मतलब नहीं है इसलिए जो भी सीट महिला के आरक्षित है उसमें खुद का नाम ही लिखना चाहिए न कि अपने पति है कि फलानी देवी पत्नी फलाना इस तरह से पोस्टर से उनको बचना होगा तभी हम महिला के सशक्तिकरण के बात कर सकते हैं। आज के समय में समाजसेवा के नाम पर चुनाव मैदान में उतरने वाले कई प्रत्याशी वास्तव में पंचायत के विकास से अधिक अपने निजी हितों पर ध्यान देते नजर आते हैं। चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जीत के बाद प्राथमिकता अक्सर बदल जाती है। यह आम तौर पर देखा गया है कि जैसे ही कोई व्यक्ति प्रधान या वार्ड सदस्य बनता है, सरकारी योजनाओं का लाभ पहले उसके अपने घर और करीबी लोगों तक पहुंचता है, जबकि आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करती रह जाती है।

ऐसी स्थिति लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है, क्योंकि पंचायत का उद्देश्य सामूहिक विकास और समाज के हर वर्ग तक सुविधाएं पहुंचाना होता है। जब प्रतिनिधि अपने पद का उपयोग निजी लाभ के लिए करने लगते हैं, तो विकास बाधित होता है और जनविश्वास टूटता है। ऐसे में मतदाताओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। पंचायत चुनाव औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि गांव के भविष्य का निर्णय है। यह वह अवसर है, जब जनता अपने अगले पांच वर्षों की दिशा तय करती है। यदि वोट जाति, प्रलोभन या व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर दिया जाएगा, तो परिणाम भी उसी अनुरूप होंगे। जरूरी है कि मतदाता समझदारी से निर्णय लें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पंचायत चुनाव में जातिवाद, क्षेत्रवाद और लोकतंत्र की चुनौती



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक, नूरपुर, जिला कांगड़ा

लोकतंत्र की प्रथम इकाई माने जाने वाले पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखने को मिलता है। यह चुनाव स्थानीय स्तर पर नेतृत्व चुनने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं, लेकिन इसके साथ ही जातिवाद और क्षेत्रवाद का प्रभाव भी गहराई से देखने को मिलता है।

मतदाता कई बार प्रत्याशी की योग्यता को दरकिनार कर केवल उसकी जाति या क्षेत्रीय पहचान के आधार पर मतदान करते हैं, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचती है। पंचायत चुनावों में यह प्रवृत्ति आम हो गई है कि मतदाता अपने समुदाय के प्रत्याशी को जिताने के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। बढ़ते प्रचार-प्रसार और सामाजिक दबाव के कारण कई बार अयोग्य उम्मीदवार भी जीत जाते हैं। इस महादंगल में केवल प्रत्याशी ही नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक आकाओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी रहती है। हालांकि ये चुनाव औपचारिक रूप से राजनीतिक दलों के प्रतीकों पर नहीं लड़े जाते, फिर भी मतदाता अक्सर उम्मीदवार की पार्टी पृष्ठभूमि को ध्यान में रखकर ही निर्णय लेते हैं। जातिवाद के आधार पर चुनाव होने से यह प्रश्न उठता है कि क्या भविष्य में आरक्षण समाप्त करने की कल्पना संभव है?

आजादी के दशकों बाद भी यदि मतदाता योग्यता की बजाय जाति को प्राथमिकता देंगे, तो सामाजिक एकता कैसे स्थापित होगी? आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य कमजोर वर्गों को राजनीतिक भागीदारी का अवसर देना है, लेकिन इसका विरोध करने वाले अक्सर स्वयं जातिवाद को बढ़ावा देते नजर आते हैं। क्षेत्रवाद भी चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि मतदाता अपने क्षेत्र के प्रत्याशी को ही प्राथमिकता देते हैं, भले ही अन्य क्षेत्र का उम्मीदवार अधिक योग्य क्यों न हो। इसके अलावा बड़े पदों के प्रत्याशी छोटे




स्तर के उम्मीदवारों के साथ गठजोड़ कर चुनावी समीकरण साधते हैं, जिससे राजनीति और अधिक जटिल हो जाती है। पंचायतों की कार्यप्रणाली में भी समय के साथ बदलाव आया है। पहले गांवों में चौपाल लगती थी, जहां प्रतिनिधि जनता की समस्याएं सुनकर समाधान करते थे।

आज कई पंचायतें गुटबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र बन गई हैं। कुछ प्रतिनिधि केवल सरकारी फंडिंग पर ध्यान देते हैं और सामाजिक सरोकारों की अनदेखी करते हैं। यहां तक कि कई स्थानों पर गैर-जिम्मेदार और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त लोग भी पंचायत प्रतिनिधि बन जाते हैं, जो लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है।

वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि पंचायतों का सशक्तिकरण केवल नीतियों से नहीं, बल्कि जागरूक मतदाताओं से संभव है। यदि प्रतिनिधि जाति, क्षेत्रवाद और व्यक्तिगत स्वार्थ के आधार पर चुने जाएंगे, तो उनसे बेहतर शासन की अपेक्षा करना व्यर्थ होगा। पंचायत प्रतिनिधियों में निर्णय लेने की क्षमता और नैतिक जिम्मेदारी का अभाव गांवों में बढ़ते विवादों और अव्यवस्था का कारण बन रहा है। प्रदेश सरकार लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए इन चुनावों पर करोड़ों रुपए खर्च करने बाली है। यह मतदाताओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने मत का सही उपयोग करें। उन्हें योग्य, ईमानदार, मेहनती और समाजहित में कार्य करने वाले उम्मीदवारों को चुनना चाहिए। तभी पंचायत स्तर पर लोकतंत्र मजबूत होगा और समाज में एकता, सद्भाव तथा विकास की राह प्रशस्त होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### रखेड़ा में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर में 74 लोगों की जांच

**◆ सांसद मोबाइल हेल्थ सेवा के तहत ग्रामीणों को मिली राहत**

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत ग्राम पंचायत सरसकान के गांव रखेड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डॉ. पंकज पटियाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में 74 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 13 के रक्त नमूने लिए गए। जांच के दौरान 15 लोग उच्च रक्तचाप, 4 मधुमेह, 2 गायनी और 17 हड्डी रोगों से पीड़ित पाए गए, जबकि अन्य 38 लोगों की सामान्य बीमारियों के लिए जांच की गई। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को आवश्यक परामर्श देने के साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित कीं। शिविर में लैब टेक्नीशियन अजय कुमार, स्टाफ नर्स रीना गुलेरिया और ड्राइवर शशि पाल ने भी सेवाएं दीं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए टीम और आयोजकों का आभार जताया तथा भविष्य में भी ऐसे शिविर जारी रखने की मांग की।

### 26 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** विद्युत उप-मंडल-1 मंडी के सहायक अभियंता नरेश ठाकुर ने आज यहां बताया कि कि आगामी 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक यू-मॉल के लिए 11 केवी एचटी लाइन का कार्य निर्धारित किया गया है। इस कारण 11 केवी जेल रोड एचटी लाइन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों जेल रोड, टुंगल कॉलोनी, भंगोहली, जिला कारागार परिसर, पैलेस, अधीक्षण अभियंता (लोक निर्माण विभाग) कार्यालय, एग्रो इंडस्ट्रीज कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय (जेल रोड), सुहड़ा मुहल्ला, रवि नगर, नर्सिंग हॉस्टल, महाजन बाज़ार, पैलेस, स्कोडी पुल, कुसुम थिएटर, मांडव हॉस्पिटल व इसके आस-पास के क्षेत्रों में 26 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बिंद्रावणी फोरलेन पर चरस समेत युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला मंडी पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ सेंट्रल रेंज मंडी की टीम ने बिंद्रावणी फोरलेन पर नाकाबंदी के दौरान एक टैक्सी कार को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान वाहन में सवार नवेन्द्र धुप्पर (उम्र 31 वर्ष), निवासी महाराष्ट्र के कब्जे से 407 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस थाना सदर मंडी में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है। पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### हरियाणा रोडवेज बस में युवक से 245 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर की टीम ने एनएच-21 पर सुखदेव वाटिका के समीप नाकाबंदी के दौरान हरियाणा रोडवेज की बस को जांच के लिए रोका। बस की तलाशी के दौरान कोमल चंद (उम्र 22 वर्ष), निवासी जिला मंडी के कब्जे से 245 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है। पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### पंडोह में 8 ग्राम चिट्टे समेत युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सदर मंडी की टीम ने गश्त और नशा विरोधी अभियान के दौरान बीबीएमबी हेलिपैड पंडोह के पास अजय कुमार, निवासी पंडोह जिला मंडी के कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है। पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### पधर में अवैध अफीम के 6275 पौधे किए नष्ट

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना पधर की टीम ने गश्त के दौरान गांव लच्छयाण बोचिंग क्षेत्र में खेतों में अवैध रूप से अफीम की खेती पकड़ी है। जांच में विभिन्न खसरा नंबरों में कुल 6275 अफीम के पौधे पाए गए, जिनमें से 10 पौधे नमूने के तौर पर सुरक्षित रखे गए और शेष 6265 पौधों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस मामले में अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और भूमि सीमांकन की प्रक्रिया के साथ जांच जारी है। पुष्टि एसपी मंडी विनोद कुमार ने की है।

### सरदार पटेल विवि के छात्रों ने वृद्धजनों संग साझा किए पल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय के एमबीए विभाग ने कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में एक सराहनीय सीएसआर गतिविधि के तहत स्थानीय वृद्धाश्रम का दौरा किया। विभागाध्यक्ष डॉ. करण गुप्ता के नेतृत्व में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की टीम ने वहां रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात की और उनकी आवश्यकताओं का आकलन किया। इस दौरान टीम ने बुजुर्गों को दैनिक उपयोग की जरूरी सामग्री भेंट की। विद्यार्थियों ने उनके साथ समय बिताया, बातचीत की और उनके जीवन अनुभवों को ध्यान से सुना। इस आत्मीय संवाद से वृद्धजनों को अपनापन और सम्मान का भाव मिला। कुलपति प्रो. अवस्थी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, मानवीय संवेदनाएं और नैतिक मूल्यों को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशील नागरिक तैयार करना भी है।

### पूर्व सैनिकों व वीरनारियों के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के सौजन्य से सिटीहार्ट सुपरस्पेशलिटी (भाकेरी) अस्पताल की ओर से शुक्रवार को सरकाघाट सैनिक विश्राम गृह में पूर्व सैनिकों और वीरानारियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान हृदय रोग और अन्य चिकित्सा संबंधी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा ईसीजी, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न जांचें निशुल्क की गईं। इस अवसर पर लीग के चेयरमैन कैप्टन प्यार चन्द बन्याल और सचिव कैप्टन बलदेव राज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कन्या स्कूल बंद होने से सरकाघाट में शिक्षा व्यवस्था पर छाया संकट

## सीबीएसई दर्जे के बीच छात्रों-अभिभावकों में असमंजस

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** सरकाघाट में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला को सीबीएसई का दर्जा मिलने के बाद क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव सामने आया है। नए सिस्टम के तहत सीबीएसई पैटर्न लागू किया गया है, जिसके चलते नजदीकी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला को बंद कर दिया गया है। इस फैसले ने छात्रों और अभिभावकों को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है।

गौरतलब है कि कन्या स्कूल का भवन करोड़ों रुपए की लागत से बना हुआ है और पुराने भवन भी अच्छी स्थिति में हैं। शांत और एकांत वातावरण के कारण छात्राएं यहीं पढ़ाई करना पसंद करते थीं। अभिभावकों का भी मानना है कि यह स्थान पढ़ाई के लिए अधिक उपयुक्त है। इसके बावजूद स्कूल को बंद करने के निर्णय से नाराजगी बढ़ती जा रही है।

कन्या स्कूल के अधिकांश शिक्षकों को पीएम श्री स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया है, और यहां अध्यापक सरप्लस हो गए है और कन्या स्कूल खाली हो गया है। हालात यह हैं कि कई छात्र-छात्राओं ने दाखिला तो ले लिया है, लेकिन वे स्कूल नहीं जा रहे और घरों में स्कूल खोलने का इंतजार कर रहे हैं। बच्चों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि उनका स्कूल आखिर कब खुलेगा। और पढाई भी प्रभावित हो रही है स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और प्रदेश सरकार से मांग की है कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार किया जाए।

उनका कहना है कि सरकाघाट में सीबीएसई के साथ-साथ एनसीईआरटी पैटर्न भी जारी रहना चाहिए, ताकि छात्रों को विकल्प मिल सके। और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या को पुनः खोला जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

# करसोग अस्पताल को कायाकल्प अवार्ड में मिला दूसरा स्थान

अनंत ज्ञान



**◆ ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार, पीएचसी चुराग को जिला में पहला स्थान**

**करसोग।** प्रदेश सरकार के प्रयासों और स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के चलते नागरिक चिकित्सालय करसोग ने कायाकल्प अवार्ड (कैटेगरी-2) में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए अस्पताल को 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

दूरदराज क्षेत्र करसोग में स्थित यह अस्पताल अब आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में उभर रहा है। यहां मेडिसिन, गायनी, सर्जरी, आर्थोपेडिक्स, डेंटल, मनोरोग और शिशु रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति से अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू हो चुकी है, जबकि डिजिटल एक्स-रे और सीटी स्कैन जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

ंभीर मरीजों के लिए वेंटिलेटर सुविधा, आधुनिक आईसीयू और एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की व्यवस्था से आपातकालीन सेवाएं मजबूत हुई हैं। वहीं 12 बेड की एसएनसीयू यूनिट भी स्थापित की जा रही है, जिससे नवजात शिशुओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार मिलेगा।

अस्पताल में डिजिटल प्रिस्क्रिप्शन, ऑनलाइन पर्ची और आभा आईडी आधारित पंजीकरण प्रणाली लागू कर सेवाओं को पारदर्शी बनाया गया है। प्रतिदिन हेल्थ बुलेटिन जारी कर ओपीडी और अन्य सेवाओं की जानकारी सार्वजनिक की जाती है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान ने बताया कि पीएचसी चुराग ने भी मंडी जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2 लाख रुपए का पुरस्कार हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क, बेहतर प्रबंधन और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों का परिणाम है, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार मजबूत हो रही हैं।

# भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

अनंत ज्ञान



बैठक में उपस्थित नरेंद्र कटोच व अन्य। अनंत ज्ञान

**◆ शिक्षकों के मुद्दे उठाने और चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा**

**सुंदरनगर।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक जिला संयोजक नरेंद्र कटोच की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, शिक्षकों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश संयोजक पुरुषोत्तम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि विधायक एवं भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। राकेश जमवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है और सकारात्मक परिवर्तन लाने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वहीं, पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि शिक्षक प्रकोष्ठ शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी समस्याओं को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। जिला संयोजक नरेंद्र कटोच ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक शिक्षकों को जोड़ने और पार्टी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# शहीद भगत सिंह स्मृति संघ महादेव ने देवेंद्र सिंह को बनाया प्रधान

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** शहीद भगत सिंह स्मृति संघ महादेव का पुनर्गठन श्री राम हनुमान मंदिर प्रांगण में महादेव पंचायत के पूर्व प्रधान पदम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सर्वसम्मति से प्रधान देवेंद्र सिंह ठाकुर,उप प्रधान मुख्तयार सिंह, सचिव वीरेंद्र ठाकुर,तथा मिलाप सिपैहिया को कोषाध्यक्ष चुना गया।इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान देवेंद्र सिंह ठाकुर ने खासतौर पर कहा कि भविष्य में संघ के सब पदाधिकारियों को विश्वास में लेकर तय किए जाने वाले देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों से ओतप्रोत कर समाज में एकजुटता का पाठ पढ़ाने सहित अन्य जनहित के कार्यक्रमों को अमली जामा पहनाया जाएगा।



नवगठित कार्यकारिणी। अनंत ज्ञान

# अंडर-16 टूर्नामेंट में वृशांक शर्मा का जलवा

## किक बॉक्सिंग में भी जीत चुका है रजत पदक

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के जिला स्तरीय अंडर-16 टूर्नामेंट में बिलासपुर के लुहनू क्रिकेट मैदान में खेले गए मुकाबले में मंडी और लाहौल की टीमों के बीच रोमांचक मैच देखने को मिला। इस मैच में जिला मंडी के होनहार युवा खिलाड़ी वृशांक शर्मा ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

वृशांक ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 83 रनों की शानदार पारी खेली। इसके साथ ही उन्होंने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 6 अहम विकेट झटके और टीम की जीत में निर्णायक भूमिका निभाई। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मंडी की टीम ने यह मुकाबला पारी और 192 रनों के बड़े अंतर से जीता।

वृशांक शर्मा सरकाघाट के प्रसिद्ध समाजसेवी और राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग संघ के उपाध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा के पुत्र हैं। खेल के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वे किक बॉक्सिंग में भी देश का नाम रोशन कर चुके हैं।

वृशांक इससे पहले इटली में आयोजित वर्ल्ड किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुंच चुके हैं और देश के लिए रजत पदक भी जीत चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# वित्तीय लाभों में देरी पर कर्मचारी सख्त, कोर्ट की लेंगे शरण

अनंत ज्ञान

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लंबित वित्तीय लाभों के भुगतान में हो रही लगातार देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो महासंघ न्यायालय की शरण लेने को मजबूर होगा।

प्रदेशाध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि महंगाई भत्ता (डीए), वेतन आयोग के एरियर तथा मेडिकल बिलों के भुगतान में हो रही देरी से कर्मचारियों और पेंशनर्स की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। बढ़ती महंगाई और दैनिक खर्चों के बीच कर्मचारियों के लिए परिवार का भरण-पोषण करना कठिन होता जा रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा डीए की पिछली दो किस्तें तो जारी कर दी गई हैं परंतु उन किस्तों का एरियर अभी तक कर्मचारियों और पेंशनर्स को नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बार-बार आश्वासन दिए जाने के बावजूद अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेंशन और वेतन कर्मचारियों का अधिकार है, न कि कोई दया या सुविधा। उन्होंने लंबित डीए, एरियर एवं मेडिकल बिलों व डीए की पिछली दो किस्तों के एरियर का शीघ्र भुगतान करने, पेंशनर्स विशेषकर छोटे एवं मध्यम वर्ग को प्राथमिकता देने, सभी लंबित भुगतानों के लिए स्पष्ट समय सीमा तय करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाती है तो महासंघ कानूनी विकल्प अपनाते हुए न्यायालय की शरण लेगा।

# सरदार पटेल विवि का यूट्यूब चैनल लॉन्च

## कुलपति बोले-डिजिटल प्लेटफॉर्म से बढ़ेगी पारदर्शिता और संवाद

अनंत ज्ञान



यूट्यूब चैनल का लॉन्च करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने कुलपति सचिवालय में विश्वविद्यालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सूचना के त्वरित प्रसार के लिए ऐसे मंच बेहद महत्वपूर्ण हैं।

कुलपति ने बताया कि यह चैनल विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आम जनमानस तक विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक गतिविधियों की लाइव जानकारी पहुंचाने में सहायक होगा। इससे विश्वविद्यालय की पारदर्शिता और संवाद को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने सभी विभागों, प्रकोष्ठों और विद्यार्थियों से इस मंच का सकारात्मक उपयोग करने और विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल विश्वविद्यालय और समाज के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेगी। इस अवसर पर सह-अधिष्ठाता (अकादमिक) एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने इसे समयानुकूल पहल बताया।

उन्होंने कहा कि कुलपति के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू हुआ यह चैनल गतिविधियों के प्रसार के साथ-साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक कार्यों के दस्तावेजीकरण को भी सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम में इतिहास सोसायटी और मीडिया क्लब के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मौवी सेरी स्कूल में शिक्षा व्यवस्था राम भरोसे

**◆ प्रवक्ताओं और स्टाफ के पद खाली, बच्चों का भविष्य अंधकार में**

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** गोहर उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवी सेरी में स्टाफ की भारी कमी के कारण विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लगा हुआ है। स्कूल में पिछले एक वर्ष से अंग्रेजी प्रवक्ता का पद खाली पड़ा है, जिसके चलते जमा-एक और जमा-दो के लगभग 110 छात्रों की पढ़ाई पूरी तरह से ठप हो गई है। स्कूल में आर्ट्स, कॉमर्स और नॉन-मेडिकल तीनों संकाय चल रहे हैं, लेकिन अनिवार्य विषय अंग्रेजी के लिए पिछले एक साल से कोई शिक्षक नहीं है। स्कूल में शारीरिक शिक्षक का पद पिछले 5 सालों से रिक्त है, जिससे बच्चों की खेलकूद गतिविधियां और शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है।

स्कूल शिक्षा प्रबंधन समिति के सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, कांग्रेस नेता लाल सिंह, नरेश चौहान और स्थानीय भाजपा विधायक विनोद कुमार को कई बार अवगत करवा चुके हैं, लेकिन अभी तक सरकार और विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। एसएमसी अध्यक्ष और अभिभावकों ने कहा कि अगर जल्द ही अंग्रेजी प्रवक्ता और अन्य स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। अभिभावकों ने मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा विभाग से मांग की है कि मौवी सेरी स्कूल में रिक्त पड़े पदों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत भरा जाए, ताकि बच्चों का कीमती शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो।

# फोरलेन पर पैदल पारपथ अधर में, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, महादेव।** कीरतपुर-मनाली फोरलेन पर फ्लाईओवर की तर्ज पर यानी उचित स्थान पर सुरक्षा हेतु परिगामी पैदल पार पथ की मांग कई स्थानों कनैड, डडौर इत्यादि स्थानों पर लंबित पड़ी है। मगर जहां इससे संबंधित सामग्री रखी है वह कछुआ चाल के चलते काफी हद तक अपने संपूर्ण प्रयोग का इंतजार कर रही है।



यहां बढ़ते जा रहे यातायात के मद्देनजर गांव नौलखा में भी यह प्रयास अवश्य किया गया था मगर लंबे समय से यह कार्य अधर में लटका पड़ा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अभी तक इस दिशा में किसी किस्म की कार्रवाई अमल में नहीं ला सका है। केवल बोर्ड लगाने की ही जल्दी की है, जबकि इस जनहित के कार्य को सुस्त कार्यप्रणाली करार दिया जा रहा है।

पैदल पार पथ आज के भागदौड़ भरी जिंदगी में जरूरी ही नहीं है बल्कि समय की भी मांग है, ताकि पदयात्रियों आदि को सहूलियत हो। लोगों ने मंडी की सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग की है कि वह इस कार्य को अति शीघ्र पूरा करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निर्देश जारी करे।

**दिक्कत** — चूहों द्वारा निकाली जा रही मिट्टी के भी लगे हैं गेट के पास ढेर

# पीजीआई के नेहरू अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था चरमराई

अनंत ज्ञान



पीजीआई चंडीगढ़ के नेहरू अस्पताल परिसर में फैली गंदगी के दृश्य।

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव/चंडीगढ़।** पीजीआई चंडीगढ़ के परिसर के एक बड़े भाग में सफाई व्यवस्था चरमराई हालत में देखी जा सकती है। सफाई के मामले में वाहनों की आम पार्किंग के एक बड़े भाग का हाल बेहाल है, साथ ही अन्य स्थानों पर बास मारते कूड़े-कचरे के फैलने से दूषित वातावरण बना हुआ है। हैरानी की बात है कि भारत के इस स्नातकोत्तर चिकित्सा के महान संस्थान विशाल स्तर पर अत्याधुनिक तरीके का इलाज होता है।

यहां नेहरू अस्पताल परिसर का एक बड़ा भाग इसी प्रकार की गंदगी से अटा पड़ा है, जिसमें अस्पताल का पश्चिमी द्वार जहां सुरक्षाकर्मियों के बावजूद भी द्वार का किनारा फालतू के विक्रय सामान के कब्जे में रहता है और पान थूकने से लाल रंग में देखा जा सकता है। यही थूकने का लाल रंग न्यू ओपीडी के एक तल की खिड़की से ढुलका देखा जा सकता है। प्राप्त सूचना के अनुसार यही नहीं नेहरू अस्पताल के पश्चिमी द्वार से सटी पौड़ियों पर साथ की दीवार से चूहों द्वारा मिट्टी निकाली जा रही है। यह सब चुपचाप यहां खड़े होकर चूहों द्वारा ताजी हालत में देखा जा सकता है, यानी द्वार के अंदर एक ओर दीवार से सटे पौड़ी स्थल पर चुपचाप खड़े रहकर चूहों का काम देखा जा सकता है।

बताते चलें तो यह मिट्टी दीवार की दरार से ढुलकती हालत में देखी जा सकती है और चूहे परिसर में भी दौड़ते देखे जा सकते हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि पीजीआई प्रशासन इस दिशा में गंभीर दिखाई नहीं देता,

**◆ पान थूकने की लाली देखी जा सकती है साफ-साफ**

जिससे वातावरण अशुद्ध होता जा रहा है, जबकि ऐसे संस्थानों का कोना-कोना एकदम से चकाचक होना चाहिए और गंदगी फैलाने वालों के साथ सख्ती से पेश आना चाहिए।

ऐसी पैनी नजर रखना जरुरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। लोगों ने संबंधित प्रशासन तथा केंद्र सरकार से पुरजोर मांग की है कि पीजीआई के तमाम हिस्सों की जांच कर मुकम्मल सफाई व्यवस्था को लेकर कारगर कदम उठाए जाएं।

# कमरूनाग देवता के दरबार में शीश नवाकर चमन राही ने जारी किया अपील पत्र

अनंत ज्ञान



देव कमरूनाग मंदिर के बाहर अपने पापा की जीत के लिए अपील जारी करते हुए। अनंत ज्ञान

**◆ खिलड़ा-21 से दावेदारी, सड़कों की हालत और विकास को लेकर उठाए मुद्दे**

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी के रोहांडा स्थित आराध्य देव कमरूनाग के दरबार में माथा टेककर पूर्व जिला परिषद सदस्य, ब्लॉक समिति सदस्य और पंचायत प्रधान रह चुके चमन राही ने अपनी बेटी पीएचडी स्कॉलर दिव्या राही के साथ खिलड़ा-21 क्षेत्र से जिला परिषद चुनाव लड़ने की दावेदारी पेश की। उन्होंने अपील पत्र जारी करते हुए क्षेत्र के लोगों से समर्थन मांगा।

राही ने कहा कि कमरूनाग मंदिर तक पहुंचने के लिए विभिन्न मार्गों से सड़कें तो बनाई गई हैं, लेकिन कोई भी सड़क पक्की नहीं है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। उन्होंने सरकार से इन सड़कों को शीघ्र पक्का करने की मांग की। साथ ही पंडोह बाखली की तर्ज पर रोहांडा से कमरूनाग तक रोपवे निर्माण की आवश्यकता भी जताई, ताकि हर साल आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सीमित सराय क्षमता, सौर ऊर्जा लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी है, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाना चाहिए। राही ने युवाओं को नशे से दूर रखने की भी अपील की। राही ने कहा कि खिलड़ा-21 क्षेत्र की कई पंचायतों और गांवों के लोगों ने उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के विकास के लिए अब तक प्रभावी पैरवी नहीं हुई, जिसके चलते कई इलाके आज भी पिछड़े हुए हैं। अपने पूर्व कार्यकाल का जिक्र करते हुए राही ने कहा कि उन्होंने जनहित में कई कार्य किए और आगे भी केंद्र व प्रदेश सरकार के साथ समन्वय कर क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगे, ताकि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। देव कमरूनाग मंदिर के बाहर अपने पापा की जीत के लिए अपील जारी करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 बोतलें देसी शराब बरामद; दो पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में हरोली व मेहतपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो मामलों में कुल 14 बोतल देसी शराब बरामद कर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 23 अप्रैल को हरोली थाना के एसआई राजपाल अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान धर्मपुर क्षेत्र में एक दुकान की तलाशी ली गई, जहां से 7 बोतल देसी शराब (वीआरवी संतरा) बरामद हुई। इस मामले में आरोपी विजय कुमार निवासी धर्मपुर, तहसील हरोली के खिलाफ हिमाचल प्रदेश एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, मेहतपुर थाना पुलिस ने भी उसी दिन कार्रवाई करते हुए गुरुद्वारा देहलां के पास एक व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 7 बोतल देसी शराब (सुपर संतरा) बरामद की गईं। आरोपी की पहचान बलदेव सिंह निवासी देहलां अप्पर, जिला ऊना के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों मामलों में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला घायल

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** भरवाईं में एक सड़क हादसे में एक महिला के घायल होने का मामला सामने आया है। घायल महिला की पहचान गंगोट पंचायत के गुरल गांव निवासी आरती के रूप में हुई है, जिन्हें हादसे में गंभीर चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरती अपने पति के साथ दुकान से सामान लेकर सड़क की ओर जा रही थीं। इसी दौरान ज्वालाजी की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के सुरक्षा एयरबैग तक खुल गए, जिससे हादसे की तीव्रता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हादसे में महिला के हाथ, पैर व बाजू में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व कार्रवाई करते हुए कार चालक का खतरनाक ड्राइविंग के आरोप में 3500 रुपए का चालान किया। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौता हो जाने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### स्थानीय कलाकारों के नाम रही पहली सांस्कृतिक संध्या



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बैहरन ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय बैसाखी नलवाड़ी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या स्थानीय कलाकारों के नाम रही। मेले के पहले दिन यह संध्या स्थानीय प्रतिभाओं से सजी रही, जिसमें बड़ी संख्या में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। तीन दिवसीय मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों ने लोक गीत, नृत्य व विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कलाकारों ने हिमाचली लोक संस्कृति की सजीव झलक दिखाते हुए उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों की उत्साहजनक भागीदारी ने मेले के माहौल को और भी जीवंत बना दिया। यह मेला बैसाखी व नलवाड़ी परंपराओं को समर्पित है, जिसमें बैल पूजन, शोभायात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं व स्टॉल भी लगाए गए हैं। मेले में स्थानीय कला, संस्कृति व परंपराओं का सुंदर मेल देखने को मिल रहा है। आगामी दिनों में भी विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के ढांचे की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर के राजकीय महाविद्यालय जुखाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2026-27 से लागू की जा रही इस नीति के तहत शिक्षक क्षमता-निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में एनईपी के ढांचा प्रारूप और तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने नीति के प्रमुख बिंदुओं, क्रेडिट प्रणाली और विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब छात्र अपनी रुचि अनुसार विषय चुन सकेंगे तथा मल्टी-एंट्री-एग्जिट व्यवस्था से विभिन्न स्तरों पर प्रमाण-पत्र, डिप्लोमा और डिग्री प्राप्त कर सकेंगे।

### एक्सईएन के साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के कनिष्ठ अभियंता संघ ने जिला मंडी के धर्मपुर स्थित पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन के साथ स्थानीय नेताओं द्वारा उनके कार्यालय में किए गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। प्रेस को जारी बयान में संघ के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र शामटा, महासचिव अनूप गौतम, वरिष्ठ उपप्रधान शिव चंदेल, सचिव पुष्पराज, राजेंद्र ठाकुर, धनीराम, मुख्य संरक्षक राजीव शर्मा, विजय धीमान, उमेंद्र व अतिरिक्त महासचिव दिनेश शर्मा आदि ने कहा कि इस प्रकार के माहौल में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्य करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह घटना सीधे तौर पर सरकारी नियमों का उल्लंघन है व किसी अधिकारी को धमकाना व डराना अपराध की श्रेणी में आता है। संघ ने चेतावनी दी कि इस मामले को लेकर जल्द ही प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित कर आगामी रणनीति तय की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र और पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मांग की है कि वे व्यक्तिगत रूप से इस मामले में हस्तक्षेप करें व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो तथा अधिकारी व कर्मचारी निर्भय होकर अपना कार्य कर सकें।

# श्रमिकों के लिए सहारा बना कामगार कल्याण बोर्ड

## 1,166 कामगारों को 6.26 करोड़ की सहायता, शिक्षा से लेकर आवास तक योजनाओं का लाभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिले में निर्माण श्रमिकों के लिए, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड एक मजबूत सहारा बनकर उभरा है। बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों और उनके परिवारों को शिक्षा, विवाह, चिकित्सा, आवास और पेंशन जैसी योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे उनके जीवन में सीधा बदलाव देखने को मिल रहा है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने बताया कि जिला ऊना में 31,575 पंजीकृत श्रमिक बोर्ड से जुड़े हैं। दिसंबर 2022 से अब तक 1,166 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 6,26,31,049 रुपए की सहायता दी जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि श्रमिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शिक्षा सहायता योजना के तहत 740 लाभार्थियों को 3,37,55,900 रुपए की आर्थिक मदद दी गई। इससे अनेक परिवारों के बच्चों को स्कूल, कॉलेज, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा जारी रखने में सहायता मिली है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि श्रमिक परिवारों की बेटियों एवं बच्चों के विवाह के लिए लाभार्थियों को 1,75,95,000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। इससे जरूरतमंद परिवारों का आर्थिक बोझ कम हुआ है और सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिली है।

### चिकित्सा व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ

**वहीं,** मेडिकल सहायता योजना के तहत 9 श्रमिकों को 96,649 रुपए की सहायता दी गई, जबकि मृत्यु सहायता योजना के अंतर्गत 41 परिवारों को 96,20,000 रुपए की राहत राशि प्रदान की गई। इससे कठिन परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को बड़ा सहारा मिला है।

### आवास योजनाओं से पूरा हो रहा घर का सपना

**प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री** आवास योजना के तहत 10 श्रमिकों को 7,32,500 रुपए की सहायता दी गई, जिससे पात्र परिवारों को घर निर्माण में मदद मिली। इसके अतिरिक्त पेंशन योजना, छात्रावास सुविधा, मातृत्व-पितृत्व लाभ तथा बेटी जन्म सहायता जैसी योजनाओं का लाभ भी श्रमिक परिवारों को दिया जा रहा है। जिला श्रम कल्याण अधिकारी अमन शर्मा ने बताया कि लाभार्थियों को पारदर्शी एवं सरल प्रक्रिया के तहत योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्ड के तहत स्वयं के विवाह तथा दो बच्चों के विवाह के लिए 51-51 हजार, चिकित्सा सहायता में 50 हजार से 5 लाख तक तथा शिक्षा सहायता में पहली कक्षा से पीएचडी तक 8,400 से 1.20 लाख तक आर्थिक मदद प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 1,000 मासिक पेंशन, सदस्य की मृत्यु पर आश्रितों को 2 लाख से 4 लाख, अंतिम संस्कार के लिए 20 हजार, बेटी जन्म उपहार योजना के तहत 51 हजार, विधवा पेंशन, हॉस्टल सुविधा तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भी आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### श्रमिक हित को प्रतिबद्ध

**हिमाचल** प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर कहते हैं कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में बोर्ड श्रमिकों के कल्याण के लिए तत्परता से कार्य कर रहा है। इसी दिशा में योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। श्रमिकों के पंजीकरण, नवीनीकरण तथा योजनाओं का लाभ सरलता से उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। कंवर का कहना है कि सरकार और बोर्ड श्रमिक वर्ग के कल्याण और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने, उनके बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने और परिवारों को आर्थिक संबल देने को प्रतिबद्ध है। वहीं, बोर्ड के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशानुसार योजनाओं को पारदर्शी और सरल बनाया गया है, ताकि पात्र श्रमिकों तक बिना किसी बाधा के लाभ पहुंच सके। डीसी ऊना जतिन लाल ने कहा कि जिला स्तर पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी पात्र श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे जिससे अधिक से अधिक परिवार इनसे लाभान्वित हो सकें।

# हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित डॉ. बृज शर्मा का पलासला गांव में भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल गौरव से सम्मानित डॉ. बृज का उनके पैतृक गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों व परिवारजनों द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मानित किया गया। अटल सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान, चमियाणा शिमला के प्रिंसिपल और प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. बृज शर्मा को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं और चिकित्सा में उनके विशेष योगदान के लिए हिमाचल गौरव पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया है।

रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत डॉ. बृज शर्मा के प्रयासों से ही चमियाणा संस्थान में हिमाचल प्रदेश की पहली रोबोटिक सर्जरी सेवा शुरू हो सकी है, जो राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है, जैसे ही वे अपने पैतृक गांव पलासला पहुंचे, तो गांव में खुशी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने बैंड-बाजों और फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया और खुशी जाहिर की। ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त नगर नियोजन विभाग सेवानिवृत्त एक्जन संख्यान, डॉ. रतन लाल शर्मा, रिखी राम, सुरेंदर शर्मा, अमर नाथ, प्रधानाचार्य पवन संख्यान, धर्म पाल, श्याम लाल, रोशन लाल, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार, रणजीत शर्मा, विद्यासागर, रति राम शर्मा, प्रवीण शर्मा, शशि पाल, केशव, मुंशी राम शर्मा, पंचायत पूर्व प्रधान व शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित संदेश शर्मा, महिला मण्डल प्रधान पलासला संतोष, केशवनंद आदि ने कहा कि डॉ. बृज लाल ने अपनी मेहनत व लगन से न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलेगी।

## रैली निकालकर दिया पृथ्वी संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय उच्च विद्यालय बध्यात में विश्व पृथ्वी दिवस के मौके पर जहां पेंटिंग, भाषण, नारा लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। वहीं, रैली निकालकर जागरूकता का संदेश भी दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में मन्नत, आरव, केशव, अफरा, जयंतिका, आश्ना, आहिल, अंश, जानवी, जतिन, जयदीप, आयान, विहान, सपना, वंशिका आदि और वरिष्ठ वर्ग में रितिका, सारा, वरुण, अक्षित, आशीष, इरफान, मन्नत, आलिया आदि ने भाग लिया।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में आश्ना, अंश, मन्नत, वरिष्ठ वर्ग में आलिया, सारा, वरुण ने क्रमश प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए विद्यार्थियों को 3 टीमों इको वॉरियर्स, ग्रीन डिफेंडर्स व प्लांट प्रोटेक्टर्स में बांटा गया, जिसमें ग्रीन डिफेंडर्स टीम के सारा व वरुण विजेता रहे।

## मां बगलामुखी प्रकटोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया, हजारों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

अनंत ज्ञान



**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश के नारी स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में 'बगलामुखी प्रकटोत्सव' का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस विशेष अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण दिव्यता से भर उठा। सुबह की पहली किरण के साथ ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहा। इस धार्मिक आयोजन में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि पंजाब, हरियाणा व अन्य पड़ोसी राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। माता के जयकारों से गूंजते परिसर में भक्तों की लंबी कतारें उनकी अटूट आस्था का प्रतीक बनी रहीं। प्रकटोत्सव का मुख्य आकर्षण मंदिर की स्थायी कमेटी द्वारा आयोजित विशाल हवन यज्ञ रहा। मंदिर संरक्षक व मुख्य पुजारी यशपाल कौल की अध्यक्षता में हवन व पूजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। खास बात यह रही कि हवन कुंड में आहुतियां डालने के लिए श्रद्धालुओं से कोई शुल्क नहीं लिया गया, जिससे अधिक से अधिक भक्तों ने भाग लेकर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर कमेटी द्वारा भव्य लंगर का आयोजन किया गया। इस बार लंगर में पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ फास्ट फूड, चाय व कोल्ड ड्रिंक की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। सेवादारों ने पूरे दिन समर्पण भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। दर्शन के उपरांत भक्तों ने मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आनंद लिया व इस पावन अवसर पर माता का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

# सुई-सुरहाड़ स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से बढ़ी छात्र संख्या

अनंत ज्ञान



स्कूलों का निरीक्षण करती टीम। अनंत ज्ञान

**जुखाला।** जिला शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता) बिलासपुर, निशा गुप्ता के नेतृत्व में एक विशेष निरीक्षण टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुई-सुरहाड़, राजकीय उच्च पाठशाला दिगथली व उनसे संबंधित प्राथमिक विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि विद्यालयों का शैक्षणिक स्तर व अभिलेख (रिकॉर्ड) रखरखाव बहुत ही शानदार है। टीम ने स्कूलों की स्वच्छता व अनुशासन की भी खुले मन से प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान सबसे विशेष उपलब्धि राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला सुई-सुरहाड़ में देखी गई, जहां चालू सत्र में छात्र नामांकन में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। इस उल्लेखनीय प्रगति के लिए निरीक्षण टीम ने स्कूल के शिक्षकों की कड़ी मेहनत की विशेष रूप से सराहना की। विद्यालय संरक्षक बुद्धि सिंह ठाकुर द्वारा स्कूल के प्रति दिखाए गए समर्पण व अपनेपन की भावना से निरीक्षण दल अत्यंत प्रभावित हुआ व उनका धन्यवाद किया। राजकीय उच्च पाठशाला दिगथली में छात्रों व शिक्षकों द्वारा किए गए गरिमापूर्ण स्वागत की प्रशंसा की गई।

प्रधानाचार्य संजय ने निरीक्षण टीम का आभार व्यक्त किया। टीम की मुखिया निशा गुप्ता ने स्कूलों के बहुमुखी विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। निश्चित रूप से इस तरह के निरीक्षण व सराहना से स्थानीय जनता, शिक्षकों व विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ेगा व क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार आएगा। निशा गुप्ता ने शिक्षकों से नवाचार छात्र केंद्रित शिक्षण व तकनीक के माध्यम से शिक्षा अधिक प्रभावशाली बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास शैक्षणिक मानसिक व नैतिक पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम अनुशासन व सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डायट राकेश कुमार मनकोटिया, प्रधानाचार्य निर्भय मधु महाजन, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी निरीक्षण सदर हेमराज सहायक अविनाश उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दिग्विजय मल्होत्रा ने दी।

# पार्टी के हर कार्यकर्ता की आवाज बनकर काम करूंगा : विवेक मिंका

अनंत ज्ञान

**ऊना।** कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष विवेक मिंका ने कहा की पार्टी के हर कार्यकर्ता का सम्मान और उनकी आवाज बनकर कार्य करूंगा।



उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी हाई कमान का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताकर अहम जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाऊंगा व लगातार 28 वर्ष तक पार्टी में अलग-अलग ओहदों पर रहकर सेवा करने का मुझे जो मौका मिला और कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार दो बार चुनावों में पार्टी कार्यकर्ताओं की बदौलत जीत का परचम लहराया गया, आगे भी इसी तरह पार्टी को लगातार जीत को बढ़ाना उनका प्रथम लक्ष्य है। उन्होंने कहा की पार्टी की जिम्मेदारी देने पर राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष विनय कुमार, मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, विधायक विवेक शर्मा, संगठन महासचिव विनोद जिंटा, उपाध्यक्ष बंबर ठाकुर, महासचिव धर्मेंद्र धामी, अमित भरमौरी, विकास ठाकुर का आभार बताया। खासकर विवेक शर्मा का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जो विश्वास विधायक ने जताया उस विश्वास को पूरा करने के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर विधायक के साथ चट्टान की तरह खड़े होकर हर समस्याओं का समाधान करके क्षेत्र में लोगों की और कार्यकर्ताओं की भावनाओं का ख्याल रखा जाएगा।

## धरा गांव में जांचा 60 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी जी विधानसभा के अंतर्गत आने वाली पंचायत स्वाहण के गांव धरा में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 60 लोगों का निशुल्क इलाज किया गया तथा दवाइयां भी वितरित की गईं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में चल रही स्वास्थ्य सेवा की टीम के द्वारा धरा गांव में 60 लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फायदा उठाया। इस दौरान लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी टेस्ट करवाए व दवाइयां भी मुफ्त प्राप्त की। इस शिविर में लगभग 60 तरह की बीमारियों के टेस्ट किए गए, जिसमें शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल तथा यूरिक एसिड शामिल थे। आधे घंटे में लोगों को टेस्ट की रिपोर्ट सौंप दी गई और साथ में दवाइयां भी दी गई। इस शिविर में डॉ. अशोक, सीमा धीमान, मोनिका और बंटी स्वास्थ्य टीम की ओर से शामिल रहे। श्री नयना देवी जी से को-ऑर्डिनेटर अभी कौशल ने बताया कि सभी लोगों ने स्वास्थ्य शिविर की सराहना की और आगे भी इस तरह के कैंप आयोजित करने का आग्रह किया।

# नगर परिषद घुमारवीं चुनाव के लिए मतदान केंद्र अधिसूचित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश के जारी निर्देशों के अनुपालन में नगर परिषद घुमारवीं के सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत विभिन्न वार्डों के लिए मतदान केंद्र अधिसूचित कर दिए गए हैं।

जारी अधिसूचना के अनुसार वार्ड संख्या 1 (बड्डू) के लिए सीआरसी भवन, सेरीकल्चर बड्डू, कक्ष संख्या 1 को मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड संख्या 2 (इंदिरा) के लिए शहीद विजय पाल मेमोरियल पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं (लीड), राजीव भवन, कक्ष संख्या 1 (जीएसएसएस बॉयज ओल्ड) निर्धारित किया गया है। वार्ड संख्या 3 (अंबेडकर) के लिए इसी विद्यालय के अटल भवन, कक्ष संख्या 2 (जीएसएसएस बॉयज ओल्ड) में मतदान केंद्र स्थापित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड संख्या 4 (कल्याण) के लिए शहीद विजय पाल मेमोरियल पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं (ब्रांच), कक्ष संख्या 2 (जीएसएसएस गर्ल्स ओल्ड) को मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड संख्या 5 (हरकुकर) के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला हरकुकर, कक्ष संख्या 2 निर्धारित किया गया है। वार्ड 6 (जगदंबा) के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला घुमारवीं, कक्ष संख्या 2 को मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड संख्या 7 (बाजोहा) के लिए ग्राम पंचायत घुमारवीं के बैठक हाल, शिव मंदिर के समीप को मतदान केंद्र बनाया गया है। वार्ड संख्या 8 (टिक्करी) के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला अबधानीघाट, कक्ष संख्या 1 तथा वार्ड संख्या 9 (दकडी) के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला अबधानीघाट, कक्ष संख्या 3 को मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है।

## 'बाडा दा घाट' में 53 ग्रामीणों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायत भराड़ी के गांव बाडा दा घाट में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस कैंप में कुल 53 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। ग्रामीणों ने इस मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया व विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाई। कार्डिनेटर आशीष ठाकुर ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से नियमित रूप से ऐसे कैंप आयोजित करती है। यह सेवा दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित हो रही है, जहां अस्पताल पहुंचना मुश्किल होता है।

## उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर देने जाएं, तो मौके पर ही ई-केवाईसी सुनिश्चित करें गैस एजेंसियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, बिलासपुर बृजेंद्र पठानिया ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से हो रही है तथा विभाग द्वारा नियमित रूप से एलपीजी सिलेंडरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिले में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिसके अंतर्गत जिले में कार्यरत 14 गैस एजेंसियों में 3287 घरेलू सिलेंडर उपलब्ध हैं, जो जिले की दैनिक खपत के अनुसार पर्याप्त हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कार्यरत सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी (इलेक्ट्रानिक नो योर कस्टमर) पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस संबंध में गैस एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं कि जब भी वह गैस रिफिल के वितरण के लिए फोकल प्वाइंट पर जाएं, तो वहीं मौके पर ही उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी भी सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने जानकारी दी कि ई-केवाईसी न होने की स्थिति में भी उपभोक्ताओं के गैस कनेक्शन को ब्लॉक नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जिले के सभी एलपीजी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जब भी गैस एजेंसी के कर्मचारी आपके फोकल प्वाइंट पर गैस आपूर्ति के लिए आएं, तो अपने कनेक्शन की ई-केवाईसी अवश्य पूर्ण करवाएं।

# भारत की सांस्कृतिक शक्ति उसकी असली पहचान : जीत राम कटवाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक शक्ति उसकी असली पहचान है।

यह शक्ति भारत को प्रतिष्ठा और मान-सम्मान को पूरे विश्व में नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। भारत विविधताओं का देश है, जिसमें अनेकता में एकता के दर्शन बखूबी होते हैं। इसी वजह से इसे रंग-बिरंगे फूलों का गुलदस्ता भी कहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का संकल्प भी इसी पर आधारित है। उनके नेतृत्व में देश भर के धार्मिक स्थलों, सांस्कृतिक धरोहरों और परंपराओं के संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जा रही है। शुक्रवार को जीतराम कटवाल ने गेहड़वीं, बलघाड़, मरोतन और जेजवीं पंचायतों में सामाजिक सरोकार के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर लोगों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। बलघाड़ पंचायत के पपलाह गांव में आयोजित भागवत कथा में सहभागिता के दौरान उन्होंने आयोजन स्थल पर शेड निर्माण के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा भी की, ताकि भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम और भी अधिक व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास केवल सड़कों या भवनों के निर्माण तक सीमित नहीं है। सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विकास भी बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ क्षेत्र के हर गांव तक पहुंचकर जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए ग्रामीणों को बधाई देते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन सनातन परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ ही समाज में आपसी भाईचारे, विश्वास तथा सामूहिकता की भावना को भी और अधिक सुदृढ़ करते हैं। ऐसे आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के प्रेरणास्रोत भी होते हैं। भागदौड़ और व्यस्तता भरी इस जिंदगी में ऐसे आयोजन लोगों को मानसिक शांति देकर उन्हें तनाव से दूर रखने में भी मददगार साबित होते हैं।

## कुटलैहड़ में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की अहम बैठक संगठन सुदृढ़ करने पर जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** कुटलैहड़ क्षेत्र के गांव लंमलेहड़ी में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 'संगठन सृजन कार्यक्रम' के तहत किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष गुरपाल कलसी ने की। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, दलित समाज के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और आगामी रणनीति तय करने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष बलराम महेश उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारों व सम्मान की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाएं तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर गुरपाल कलसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दलित समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है व भविष्य में भी इसी दिशा में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक के दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से नेताओं को अवगत करवाया। आश्वासन दिया गया कि इन मुद्दों को जल्द ही संबंधित विधायक के समक्ष उठाकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश बंगा, ब्लॉक एससी सेल अध्यक्ष सुभाष चंद, गुलजारी लाल, सोमनाथ, राजकुमार, मोनिका, बक्शो और कमला किशन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चिंतपूर्णी में डिजिटल सुविधा की शुरुआत : माइदास सदन में 'सेल्फ सर्विस पेमेंट कियोस्क' स्थापित

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा श्री माईदास सदन में श्रद्धालुओं की सुविधा व मंदिर प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से एक्सिस बैंक के सहयोग से अत्याधुनिक 'सेल्फ सर्विस पेमेंट कियोस्क' मशीन स्थापित की गई है।

इस मशीन का विधिवत उद्घाटन एक्सिस बैंक के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट व रीजनल ब्रांच बैंकिंग हेड (नॉर्थ-2) ललित चोपड़ा, एसडीएम एवं मंदिर आयुक्त पारस अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पारस अग्रवाल ने बताया कि यह मशीन पूरी तरह यूजर-फ्रेंडली है व श्रद्धालु बिना किसी सहायता के इसे आसानी से संचालित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर में अक्सर काउंटरों पर भीड़ व लंबी कतारें लगती हैं, जिनसे बचने के लिए अब श्रद्धालु सीधे इस मशीन का उपयोग कर सकेंगे। इस कियोस्क के माध्यम से



एसडीएम पारस अग्रवाल और अन्य बैंक अधिकारी। अनंत ज्ञान

एक बार में पांच तक दर्शन पास बनाए जा सकते हैं व दान (डोनेशन) की सुविधा भी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।

इसे फिलहाल 'पायलट प्रोजेक्ट' के रूप में शुरू किया गया है। भविष्य में यदि श्रद्धालुओं का अच्छा प्रतिसाद मिलता है, तो ऐसी मशीनों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे व्यवस्थाओं में और अधिक सुगमता व पारदर्शिता लाई जा सके। उद्घाटन समारोह में ललित चोपड़ा, अंब ब्रांच मैनेजर निखिल शर्मा व अनुज विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंदिर प्रशासन की ओर से प्रबंधन अधिकारी संजीव प्रभाकर, चित्र व लेखाधिकारी राजेंद्र कटोच और मंदिर क्लर्क डीके सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इसे डिजिटल पहल से अब श्रद्धालुओं को दर्शन पास बनवाने व दान राशि जमा करने के लिए लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा, जिससे उनकी यात्रा और अधिक सुविधाजनक और सुखद बन सकेगी।

# कुल्लू नप चुनाव: 'टाइगर अभी जिंदा है', अमीना महंत की ललकार से सियासी गलियारों में हड़कंप

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में नगर परिषद चुनावों का काउंटडाउन शुरू होते ही कुल्लू की राजनीति में 'महंत परिवार' का दबदबा एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया है।

वार्ड नंबर 11 की पूर्व पार्षद व नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष दिवंगत विमला महंत की बेटी अमीना महंत राजगौर ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 9 से चुनावी हुंकार भरते हुए अपने इरादे साफ कर दिए हैं। साथ ही उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि वह न केवल वार्ड नंबर 9 में जीत के लिए लड़ रही हैं, बल्कि नगर परिषद के अध्यक्ष पद के लिए भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर रही हैं। गोपाल कृष्ण महंत को अपना राजनीतिक गुरु मानने वाली अमीना का यह तेवर आने वाले दिनों में कुल्लू की चुनावी जंग को और भी दिलचस्प बनाने वाला है। वहीं, महंत परिवार अपनी खोई हुई सियासी जमीन वापस पा पाएगा या नहीं यह भविष्य के गर्भ में छिपा है।



वार्ड नंबर-9 से चुनावी मैदान में उतरी अमीना राजगौड़ महंत अपनी माता की फोटो हाथ में लिए मंदिर में माथा टेकने जाते हुए। अनंत ज्ञान

### विरोधियों को सीधी चुनौती

**अमीना** महंत ने मंदिर परिसर से ही सत्ता पक्ष के उन नेताओं को खुली चुनौती दी, जो महंत परिवार को राजनीतिक रूप से खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने तीखे लहजे में कहा टाइगर अभी जिंदा है। यह राजनीति है और कब, कहां क्या होगा... देखते जाओ। महंत परिवार को दबाने की कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी।

### कांग्रेस की अंदरुनी कलह पर भी प्रहार

**अमीना** ने खुद को कांग्रेस की सच्ची सिपाही बताते हुए अपनी ही पार्टी के बड़े नेताओं पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता अपने ही कार्यकर्ताओं को 'साइडलाइन' कर रहे हैं, जो पार्टी के भविष्य के लिए घातक है।

### आरक्षण का बदला गणित, बदली रणनीति

**इस** बार नगर परिषद कुल्लू के वार्डों के समीकरण बदल गए हैं। नगर परिषद अध्यक्ष का पद इस बार महिला के लिए आरक्षित है। अमीना का पुराना वार्ड (नंबर 11) अब एससी श्रेणी के लिए आरक्षित हो गया है, जिसके चलते उन्होंने वार्ड नंबर 9 को अपनी नई कर्मभूमि चुना है। अमीना के चाचा और पूर्व नप अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत (काका) का वार्ड नंबर 6 भी इस बार एससी महिला के लिए आरक्षित हो गया है, अब सबकी नजरें वार्ड नंबर 1, 2 और 4 पर टिकी हैं, जो 'ओपन' श्रेणी में हैं। चर्चा है कि गोपाल कृष्ण महंत इन्हीं में से किसी एक वार्ड से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

### भावुक शुरुआत, आक्रामक तेवर

**अमीना** महंत जब भगवान वाल्मीकि के मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचीं, तो उनके हाथ में माता की तस्वीर थी व आंखों में विरोधियों के लिए चुनौती। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि भले ही वार्डों के आरक्षण ने समीकरण बदले हों, लेकिन उनकी सेवा का जज्बा नहीं बदला है। वह अपनी माता की विरासत व समाजसेवा के पदचिन्हों पर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि शनिवार से उनके प्रचार अभियान में तेजी लाई जाएगी।


# क्षेत्रीय अस्पताल में हिमकेयर योजना में धांधली के आरोप

## विधायक के हस्तक्षेप के बाद जांच शुरू, संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल विवादों के घेरे में है। अस्पताल में उपचार करा रहे एक मरीज के तीमारदार ने हिमकेयर योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं में अनियमितताओं व अवैध वसूली के गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने मामले का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को कड़ी जांच के निर्देश दिए हैं। जानकारी के अनुसार, तीमारदार तनुज कुमार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। तनुज का आरोप है कि उनकी माता का हिमकेयर योजना के तहत ढालपुर अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था। नियमानुसार, ऑपरेशन के बाद मरीज को 10 दिनों तक की दवाइयां मुफ्त मिलनी चाहिए। तनुज कुमार का आरोप है कि जब वे नागरिक आपूर्ति विभाग के दवा काउंटर पर पहुंचे, तो उन्हें केवल पांच दिन की दवाइयां दी गईं व शेष दवाइयों के लिए पैसों की मांग की गई। आरोप यह भी है कि पैसे न देने पर काउंटर पर तैनात कर्मचारी ने दवाइयां वापस रख लीं व तीमारदार के साथ दुर्व्यवहार करते हुए धमकी भी दी। तीमारदार तनुज कुमार का कहना है कि हिमकेयर जैसी जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अगर गरीब मरीजों को सही ढंग से नहीं मिल पा रहा है, तो यह सीधे तौर पर भ्रष्टाचार है। फिलहाल, नोटिस जारी होने के बाद अब सबकी नजरें विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं कि क्या वास्तव में नियमों का उल्लंघन हुआ है या यह महज एक गलतफहमी का मामला है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और मामले के तूल पकड़ने के बाद कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तुरंत इस मामले की जांच करने के निर्देश दिए। विधायक के हस्तक्षेप के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया है।





नागरिक आपूर्ति विभाग के काउंटर पर मौजूद व्यक्ति व मरीज की पर्ची। अनंत ज्ञान

**क्षेत्रीय** अस्पताल कुल्लू के कार्यकारी एमएस डॉ. हीरा लाल ने पुष्टि की है कि उन्हें इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि दवा के नाम पर पैसे मांगने की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। संबंधित दुकानदार/काउंटर संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### फार्मासिस्ट ने आरोपों को बताया निराधार

**दूसरी** ओर, नागरिक आपूर्ति विभाग के काउंटर पर तैनात फार्मासिस्ट ने इन सभी आरोपों को सिरे से नकार दिया है। फार्मासिस्ट का पक्ष है कि मरीज को पहले ही 28,600 व 1,300 मूल्य का सामान व दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक विशेष प्रोटीन पाउडर स्टॉक में उपलब्ध नहीं था, जिसे बाहर से खरीदने की सलाह दी गई थी, न कि किसी दवा के बदले पैसे मांगे गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### लाहौल-स्पीति में पैट भर्ती, 5 पदों के लिए 3 जून को काउंसलिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** शिक्षा उपनिदेशक स्कूल उच्चतर केलांग रमेश लाल ने बताया कि निदेशालय स्कूल शिक्षा हिमाचल प्रदेश, शिमला द्वारा शारीरिक अध्यापक (पैट) के पदों को बैच वाइज अनुबंध आधार पर भरने के लिए काउंसलिंग आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग 3 जून को प्रातः 10 बजे आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि लाहौल-स्पीति में 5 पद निर्धारित किए गए हैं, जिसमें सामान्य वर्ग के 3, ओबीसी व अनुसूचित जाति के लिए एक-एक पद निर्धारित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को उनके बैच के अनुसार काउंसलिंग के लिए बुलाया जाएगा, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 31.12.2005, ईडब्ल्यूएस के लिए 31.12.2006, सामान्य के लिए 31.12.2021, ओबीसी के लिए 31.12.2007, ओबीसी के लिए 31.12.2008, ओबीसी के लिए 31.12.2025, अनुसूचित जाति के लिए 31.12.2007, एससी के लिए 31.12.2008, एससी के लिए 31.12.2025, अनुसूचित जनजाति के लिए 31.12.2007 तथा एसटी के लिए 31.12.2008 तक के बैच शामिल किए गए हैं। सभी पात्र अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे काउंसलिंग के समय अपने सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र व अन्य संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियां साथ लेकर आएं।

### नामांकन के लिए प्रपत्र संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू तथा नगर पंचायत भुंतर के विभिन्न वार्डों के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतर्गत आवश्यक सभी वैधानिक प्रपत्र संबंधित सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) के कार्यालयों में उपलब्ध करवा दिए गए हैं। यह जानकारी रिटर्निंग अधिकारी-सह-उपमंडल अधिकारी कुल्लू निशांत कुमार ने दी। नप कुल्लू के लिए प्रपत्र तहसीलदार कुल्लू के कार्यालय तथा नगर पंचायत भुंतर के लिए तहसीलदार भुंतर के कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने आग्रह किया कि नामांकन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए संबंधित कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं।

# लाहौल-स्पीति में पर्यटन पर 'ब्रेक', वीरान हुए सिस्सू व कोकसर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** विश्व विख्यात पर्यटन स्थल लाहौल-स्पीति में बीते दो दिनों से सन्नाटा पसरा हुआ है।

सिस्सू व कोकसर, जहां प्रतिदिन हजारों पर्यटकों का जमघट लगा रहता था, वहां अब रौनक गायब है। पर्यटकों की आमद हजारों से घटकर अब मात्र सैकड़ों में सिमट गई है। इस अचानक आई गिरावट के लिए राष्ट्रपति का प्रस्तावित दौरा और डिंफुक नाले पर बनने वाले बांध के सर्वे के खिलाफ स्थानीय लोगों का आक्रोश मुख्य कारण माना जा रहा है। लाहौल घाटी में पर्यटन के इस तरह प्रभावित होने के पीछे दो प्रमुख कारण सामने आ रहे हैं। 29 अप्रैल को राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे के चलते सुरक्षा के मद्देनजर अटल टनल (नॉर्थ पोर्टल) से सिस्सू तक 19 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सभी प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। विधायक अनुराधा ने भी आश्वासन दिया है कि वह गांव की सुरक्षा व ग्रामीणों की चिंताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से रखेंगी। फिलहाल, इन परिस्थितियों ने लाहुल-स्पीति के पर्यटन सीजन पर अनिश्चितता के बादल मंडरा दिए हैं।

### पर्यटन व्यवसायी मायूस, रोहतांग न खुलना भी बनी वजह

**मनाली** के टैक्सी चालकों छजूराम व दयासागर ने बताया कि लाहौल जाने वाले पर्यटकों की संख्या अब न के बराबर रह गई है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि सीजन के समय में इस तरह की मंदी से भारी नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही, समय पर रोहतांग दर्रा का न खुलना भी मनाली और लाहौल के पर्यटन के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है।

### राष्ट्रपति का दौरा और बांध के सर्वे का विरोध पड़ा भारी

केंद्रीय जल आयोग द्वारा डिंफुक नाले पर बांध के सर्वे के विरोध में कोकसर पंचायत ने 4 दिनों तक ढाबे, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रखने का ऐलान किया है। आलम यह है कि घाटी पहुंच रहे पर्यटकों को चाय तक नसीब नहीं हो रही है, जिससे सैलानी अब लाहौल से तौबा करने लगे हैं। कोकसर पंचायत के निवर्तमान प्रधान सचिन मिरूपा और उपप्रधान प्रदीप आजाद ने दो टूक कहा है कि 25 अप्रैल तक पंचायत में सभी गतिविधियां और फूड वेंडर्स पूरी तरह बंद रहेंगे।

**ग्रामीणों** की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। स्थानीय विधायक अनुराधा राणा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलेगा। हम मांग करेंगे कि केंद्र सरकार से बात कर बांध की साइट बदली जाए।

**सचिन मिरूपा, निवर्तमान प्रधान कोकसर पंचायत।**

# क्रिकेट अकादमी आनी में प्रवेश के लिए ट्रायल 26 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, आनी।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध कुल्लू जिला क्रिकेट अकादमी के आनी क्रिकेट सबसेंटर में नए सेशन के लिए क्रिकेट ट्रायल 26 मार्च को आनी में होंगे। क्रिकेट अकादमी आनी के कोच प्रेम पॉल ने बताया कि नए सेशन 2026-27 के लिए आनी में 8 से 19 साल के बच्चों के लिए क्रिकेट के ट्रायल 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शुरू होंगे और शाम 4 बजे तक चलेंगे। यह ट्रायल आनी के हिमालन माडल स्कूल के खेल मैदान में होंगे। ट्रायल में सफल होने वाले खिलाड़ी का क्रिकेट सबसेंटर आनी में पंजीकरण होगा। उन्होंने बताया कि वार्षिक पंजीकरण फीस एक हजार रुपए और प्रतिमाह चार सौ रुपए फीस वसूली जाएगी, जबकि बीपीएल, आईआरडीपी परिवार से संबंधित और लड़कियों आदि प्रशिक्षु खिलाड़ी को मासिक फीस माफ रहेगी।

# अलेना ऑटो इंडस्ट्रीज में 200 पदों पर भर्ती, 27 से 29 अप्रैल तक कैंपस इंटरव्यू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** अलेना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड मोहाली द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए मशीन ऑपरेटर व हेल्पर के कुल 200 रिक्त पदों को भरने के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू को मांग अधिसूचित की गई है।

जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी कि उक्त भर्ती जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू के माध्यम से आयोजित की जाएगी। इन पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता आठवीं, दसवीं, बारहवीं उत्तीर्ण तथा आईटीआई (टर्नर, फिटर, मशीनिस्ट) निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 13,000 से 14,000 प्रतिमाह वेतनमान प्रदान किया जाएगा, इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक पुरुष उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेज जैसे हिमाचली प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित तिथियों पर उपस्थित हों। 27 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय आनी, 28 अप्रैल को उपरोजगार कार्यालय बंजार तथा 29 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग लिया जा सकता है। इच्छुक उम्मीदवार का नाम रोजगार सहायता के लिए हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना आवश्यक है यदि पंजीकरण नहीं है, तो उम्मीदवार ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं तथा इंटरव्यू के लिए आवेदन भी ऑनलाइन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार रोजगार कार्यालय कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902-222522 पर संपर्क कर सकते हैं या विभागीय पोर्टल www.eemis.hp.nic.in पर विजिट कर सकते हैं।

# कुल्लू में जायका परियोजना की रफ्तार तेज



निरीक्षण के दौरान अधिकारी जानकारी लेते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में कृषि परिदृश्य को बदलने के उद्देश्य से संचालित 'फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना' (जायका चरण-II) की गतिविधियों को लेकर विभाग पूरी तरह सक्रिय है।

इसी कड़ी में जिला परियोजना प्रबंधक (मंडी) डॉ. हेम राज वर्मा ने कुल्लू जिले का सघन दौरा कर निर्माणाधीन सिंचाई योजनाओं और कृषि प्रसार गतिविधियों का जायजा लिया। गाहर पंचायत के अपर सेउबाग में लघु सिंचाई प्रणाली (स्प्रिंकलर एवं ड्रिप) का निरीक्षण किया गया। इस तकनीक के लाभ बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि ड्रिप व स्प्रिंकलर सिंचाई से न केवल जल संरक्षण होता है, बल्कि पानी सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचता है। इससे श्रम व लागत में कमी आती है और फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होती है। परियोजना का उद्देश्य केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है। आने वाले समय में मूल्य शृंखला प्रबंधन, कृषि विपणन व किसानों के संस्थागत विकास पर जोर दिया जाएगा ताकि किसानों की आय को दोगुना किया जा सके।

इस दौरान डॉ. जयंत रतना (बीपीएम कुल्लू), डॉ. विनीत कुमार चौधरी (एडीओ मंडी), निर्माण अभियंता भरत भूषण, कनिष्ठ अभियंता शिवांकित धीमान और पर्यवेक्षक साहिल भारद्वाज सहित कृषक विकास संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डॉ. हेम राज वर्मा ने मौहल में 'अपर मौहल जल वहाव सिंचाई योजना' के निर्माण स्थल पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में संलग्न ठेकेदार के प्रतिनिधियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा सभी कार्य डीपीआर के मापदंडों और निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार ही होने चाहिए। परियोजना को तय समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए ताकि किसानों को सिंचाई की सुविधा तत्काल मिल सके। साइट इंचार्ज को हिदायत दी गई कि निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि भविष्य में किसी भी कार्यत्रुटि से बचा जा सके। अधिकारियों ने केवल बुनियादी ढांचे ही नहीं, बल्कि धरातल पर हो रही खेती का भी जायजा लिया। टीम ने छरेहरा योजना के तहत उगाई गई खीरे की उन्नत फसल का निरीक्षण किया। अपर मौहल क्षेत्र में जायका के सहयोग से लहलहा रही टमाटर की फसल की प्रगति देखी। बजौरा में फलटनालह योजना का कार्य पूर्ण पाया गया, जिसे शीघ्र ही किसानों को समर्पित कर दिया जाएगा।

खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू के तहत प्रगति खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू के अंतर्गत जिला कुल्लू तथा लाहुल व स्पीति में अब तक कुल मिलाकर 21 उप-परियोजनाओं का चयन किया गया है, इनमे से 12 उप-परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जिनमे से 5 उप-परियोजनाएं कृषक विकास संघों को सौंप दी गई है।

# राष्ट्रपति के अटल टनल दौरे को लेकर कुल्लू प्रशासन मुस्तैद



डीसी अधिकारियों से चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित अटल टनल रोहतांग दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है।

इस महत्वपूर्ण दौरे की पूर्व तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को कुल्लू के बहुउद्देश्यीय भवन में उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला प्रशासन के साथ-साथ रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन, सीमा सड़क संगठन व दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डीसी ने राष्ट्रपति की सुरक्षा व सुविधा को लेकर व्यापक चर्चा की व संबंधित विभागों को पुख्ता इंतजाम करने के कड़े निर्देश दिए। डीसी ने बैठक के दौरान निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की। राष्ट्रपति के काफिले की सुरक्षा व इस दौरान आम जनता के लिए यातायात प्रबंधन की योजना। अटल टनल और आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध संचार सुविधा सुनिश्चित करना आदि पर चर्चा की। विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, ताकि तैयारियों में कोई कमी न रहे। डीसी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का दौरा गौरव का विषय है इसलिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता व जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने आदेश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं, ताकि दौरे के दौरान व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# सजला गांव में भक्ति व आस्था का सैलाब

अनंत ज्ञान

**मनाली।** कुल्लू जिले के सजला गांव में इन दिनों धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

गांव में आयोजित भव्य मेले के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। मेले में विभिन्न देवी-देवताओं के आगमन से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस पावन अवसर पर भगवान विष्णु, नीलकंठ महादेव, माता पार्वती, कार्तिक स्वामी जी, शंख नारायण, माता दोचा मोचा तथा देवता वनाडी ठाकर के रथ मेले में विराजमान हुए। देवताओं के आगमन के साथ ही पूरे गांव में जयकारों की गूंज सुनाई दी और श्रद्धालु बड़ी संख्या में दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मेले के आयोजन में कारदार पन्नालाल तथा पुजारी योग राज शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए देव संस्कृतियों की झलक भी देखने को मिली।



मेले के दौरान देवी-देवता व लोग आशीर्वाद लेते हुए। अनंत ज्ञान

मेले में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे लोग, पारंपरिक नृत्य-गान और देवताओं की शोभायात्रा ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को भी जीवित रखते हैं। सजला गांव का यह मेला हर वर्ष इसी तरह श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाता है, जो क्षेत्र की पहचान बन चुका है।

# तीन पदों के लिए 31 आवेदन, 16 अभ्यर्थियों ने पास की शारीरिक परीक्षा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, केलांग।** पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशमिता आंनद व डॉ. आयुष ने कहा कि जिला लाहौल-स्पीति के केलांग तथा उदयपुर मंडल के तहत आने वाले उपमंडलीय पशु चिकित्सालय केलांग व उदयपुर में पशुमित्र भर्ती का शारीरिक परीक्षण को लता ठाकुर मेमोरियल स्टेडियम मैदान उदयपुर तहसील उदयपुर जिला लाहौल-स्पीति में आयोजन किया गया है व इस पशुमित्र भर्ती प्रकिया के लिए कुल 3 पदों के लिए 31 आवेदन प्राप्त हुए थे।

इसमें से 20 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण में शामिल हुए हैं। इस शारीरिक दक्षता परीक्षण में 16 अभियर्थियों ने परीक्षण प्रकिया सफलतापूर्वक पास कर ली है। इस शारीरिक परीक्षण का आयोजन उपमंडलाधिकारी उदयपुर अलीशा चौहान व तहसीलदार विकास कुमार, नायब तहसीलदार उदयपुर की उपस्थिति में किया गया है तथा पशुपालन विभाग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशमिता आंनद, डॉ. आयुष, डॉ. मनीषा वर्मा, डॉ. ईशान कश्यप, डॉ. विकास के अतिरिक्त स्वास्थय विभाग, पुलिस विभाग तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजद रहे। साथ ही उन्होंने बताया कि केलांग उपमंडल के अधीन पशु औषधालय दारचा के 1 पद के लिए सफल अभियर्थियों के काऊंसिलिंग तथा मूल दस्तावेजों की जाचं की तिथि दिनांक 27, अप्रैल को उपमंडलाधिकारी कार्यालय केलांग में निर्धारित की गई है तथा उदयपुर मंडल के 2 पदों पशु औषधालय करपट व नालडा के सफल अभियर्थियों के कॉउंसलिंग तथा मूल दस्तावेजों की जाचं की तिथि 25, अप्रैल को उपमंडलाधिकारी कार्यालय उदयपुर में निर्धारित की गई है।

## स्वरोजगार — जिला कुल्लू की दुआड़ा पंचायत का 'रोज गार्डन ट्राउट फिश फार्म' बना मिसाल

# फार्म से उत्तराखंड को भेजे 1.60 लाख बीज

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत दुआड़ा स्थित 'रोज गार्डन ट्राउट फिश फार्म सुजान' इस समय प्रदेश में मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक सफल मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है।

इस फार्म ने न केवल स्थानीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, बल्कि अंतरराज्यीय स्तर पर भी अपनी गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। इसी कड़ी में, इस माह फार्म से उत्तराखंड राज्य को लगभग 1 लाख 60 हजार ट्राउट मछली के बीज भेजे गए हैं, जो इसकी बढ़ती विश्वसनीयता का प्रमाण है। जानकारी के अनुसार, यह फिश फार्म पूरी तरह से आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग करते हुए ट्राउट मछली के बीज का उत्पादन कर रहा है। यहां तैयार किए गए बीजों की गुणवत्ता इतने उच्च स्तर की है कि अन्य राज्यों से भी लगातार मांग बढ़ती जा रही है। फार्म प्रबंधन के रिकॉर्ड के अनुसार, इस महीने भेजी गई खेप पूरी तरह से निर्धारित मानकों के अनुरूप रही है, जिसकी पुष्टि संबंधित विभागीय अधिकारियों और खरीदारों द्वारा भी की गई है। कुल मिलाकर, दुआड़ा का यह ट्राउट फिश फार्म न केवल प्रदेश की जरूरतों को पूरा कर रहा है, बल्कि अन्य राज्यों तक अपनी पहचान बनाकर कुल्लू और हिमाचल का नाम रोशन कर रहा है।





वैज्ञानिक तकनीक और कड़ी मेहनत के संगम से यह फार्म आज मत्स्य पालन के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान बन गया है। मत्स्य अधिकारी कुल्लू राजेंद्र पॉल ने बताया कि दुआड़ा का यह फार्म प्रदेश के अन्य ट्राउट पालकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रहा है। यहां से न केवल बाहरी राज्यों को बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, बल्कि हिमाचल प्रदेश के भीतर भी ट्राउट पालकों की मांगों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा रहा है। इससे प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ावा मिल रहा है और किसानों को अतिरिक्त आय के साधन उपलब्ध हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह पहल क्षेत्र के युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है।

### सफलता का क्या है रहस्य

**फार्म** की सफलता और बीज उत्पादन की बारीकियों पर जानकारी देते हुए फार्म संचालक सरला नेगी ने बताया कि ट्राउट बीज उत्पादन एक बेहद संवेदनशील प्रक्रिया है। इसके लिए साफ-सुथरे जल स्त्रोत, संतुलित तापमान और उचित देखरेख की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, जिसका हमारे फार्म पर विशेष ध्यान रखा जाता है। हम बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच और वैज्ञानिक परीक्षण भी करते हैं। हमारा लक्ष्य न केवल हिमाचल, बल्कि अन्य राज्यों के पालकों को भी सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है।

# मनाली नप : आरक्षण की घोषणा से बिगड़े कई दिग्गजों के समीकरण, 'अध्यक्ष' की कुर्सी के दावेदारों को लगा झटका

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मनाली नगर परिषद चुनावों के लिए वार्डों के आरक्षण की स्थिति साफ होते ही शहर की राजनीति में भारी फेरबदल देखने को मिल रहा है। आरक्षण की नई सूची ने नगर परिषद अध्यक्ष बनने का सपना देख रहे कई कद्दावर नेताओं की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। कुल सात वार्डों में से चार वार्ड आरक्षित होने के कारण अब राजनीतिक समीकरण पूरी तरह से बदल गए हैं।

नगर परिषद के सात वार्डों की स्थिति स्पष्ट होने के बाद अब राजनीतिक दलों में नए चेहरों व 'जोड़-तोड़' की तलाश शुरू हो गई है, जिसमें वार्ड नंबर 1 (अनारक्षित): यह वार्ड अनारक्षित होने के कारण वर्तमान में सबसे हॉट सीट बन गया है। अधिकांश बड़े नेताओं व दावेदारों की नजरें अब इसी सीट पर टिकी हैं। वार्ड नंबर 2 (महिला आरक्षित) पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर का यह गढ़ अब महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित हो गया है। हालांकि, चमन कपूर का इस क्षेत्र में प्रभाव है, लेकिन भाजपा के भीतर उनके खिलाफ रहे अविश्वास प्रस्ताव के इतिहास को देखते हुए उन पर फिर से दांव खेलना पार्टी के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वार्ड नंबर 4 और 7 (आरक्षित) वार्ड नंबर 4 के महिला और वार्ड नंबर 7 के जनजातीय श्रेणी के लिए आरक्षित होने से निवर्तमान पार्षद मनोज लरजे व पूर्व अध्यक्ष नवीन तनवर के चुनाव लड़ने की संभावनाएं लगभग खत्म हो गई हैं। वार्ड नंबर 3 और 6 (महिला आरक्षित) वार्ड नंबर-3 से सुनीता शर्मा व वार्ड नंबर-6 से चंद्रा प्रधान का चुनाव लड़ना लगभग तय माना जा रहा है।

### भाजपा व कांग्रेस में बैठकों का दौर शुरू

**आरक्षण** की स्थिति स्पष्ट होने के बाद अब दोनों ही प्रमुख दलों ने उम्मीदवारों के चयन के लिए मंथन तेज कर दिया है। मनाली भाजपा शहरी अध्यक्ष अजय अबरोल ने कहा कि पार्टी चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा सभी सातों सीटों पर सशक्त उम्मीदवार उतारेगी व जीत हासिल करेगी।

## राजगढ़ चिलिंग प्लांट पर दूध की ओवरलोडिंग, किसान परेशान

# 4500 के मुकाबले 6000 लीटर पहुंच रहा दूध

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** राजगढ़ स्थित मिल्क चिलिंग प्लांट पर इन दिनों क्षमता से अधिक दूध पहुंचने के कारण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। इससे जुड़े दुग्ध उत्पादक किसानों को अब परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मिल्क फेडरेशन राजगढ़ के इंचार्ज अश्वनी कुमार ने बताया कि प्लांट की निर्धारित क्षमता करीब 4500 लीटर प्रतिदिन है, जबकि वर्तमान में यहां लगभग 6000 लीटर दूध पहुंच रहा है। ऐसे में प्लांट प्रबंधन के लिए इस अतिरिक्त दूध को संभालना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि राजगढ़ प्लांट में नौहराधार तहसील के टोंडा, गवाही, पिडियाधार, बोगधार, ब्लायनधार, नोहराधार और देवामानल सहित कई क्षेत्रों से रोजाना दूध की सप्लाई आती है। लगातार बढ़ते उत्पादन के चलते अब प्लांट अपनी सीमा से अधिक भार झेल रहा है। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में सरकार द्वारा गाय का दूध 61 रुपए और भैंस का दूध 71 रुपए प्रति लीटर खरीदने की घोषणा के बाद किसानों ने पशुपालन को बढ़ावा दिया, जिससे दूध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।



राजगढ़ चिलिंग प्लांट में पहुंचे दूध उत्पादक। अनंत ज्ञान

### ऐसे भी हो सकता है समाधान

अश्वनी कुमार ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए दो प्रमुख विकल्प सामने हैं जिसमें पहला विकल्प कि प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाए अथवा नौहराधार क्षेत्र में नए दुग्ध अभिशीतन केंद्र की स्थापना की जाए। स्थानीय लोगों द्वारा नए प्लांट का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिल सकता है।

### मांग : जल्द बढ़ाई जाए प्लांट की क्षमता

**किसानों** का कहना है कि सरकार एक ओर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, वहीं अब खरीद में कटौती की बात सामने आ रही है। उनका आरोप है कि प्लांट की सीमित क्षमता का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। किसानों ने सरकार और संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाए या वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके और किसी प्रकार का नुकसान न उठाना पड़े।

## कालाअंब में दर्दनाक हादसा: क्षेत्र में शोक और आक्रोश

# तेज रफ्तार ट्रॉले की चपेट में आई युवती, मौके पर ही मौत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के कालाअंब क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में करीब 20-22 वर्षीय युवती चंचल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि चंचल अपने पिता के साथ स्कूटी पर काम के लिए जा रही थी। जैसे ही वे नेशनल हाईवे-07 पर मेंथपाल के पास बरगद के पेड़ के समीप पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रॉला को पास देते समय संतुलन बिगड़ गया और चंचल ट्राले के पहियों के नीचे आ गई। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही उसकी जान चली गई, जबकि उसके पिता सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद लोग स्तब्ध रह गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ट्राला को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए नाहन मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं स्थानीय लोगों में भारी रोष है।

लोगों का कहना है कि हाईवे पर अवैध पार्किंग और भारी वाहनों की अनियमित आवाजाही लगातार हादसों को न्योता दे रही है। प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### जेबीटी रोड फ्लैट में आग, बड़ी जनहानि टली

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के जेबीटी रोड स्थित एक फ्लैट में शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि जिस समय आग लगी, उस दौरान फ्लैट में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण लापरवाही बताया जा रहा है।

## रेलवे ट्रैक के समीप मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी सपरून के तहत दोहरी दीवार क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने ट्रैक के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पड़े देखा, जिसके बाद तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। शव को सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे पुलिस को भी सूचित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्रथम दृष्टया शव किसी प्रवासी मजदूर का प्रतीत हो रहा है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और पहचान के प्रयास जारी हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला मुख्यालय नाहन में बनाया गया कंट्रोल रूम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर निकाय और नगर पंचायत के चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयरी अंतिम चरण में है सिरमौर जिला में नगर परिषद और नगर पंचायत के लिए शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है। साथ ही चुनाव से जुड़ी शिकायतों के लिए नाहन में कंट्रोलिंग रूम बनाया गया है। चुनाव के मद्देनजर जिला अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी और अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर एलआर वर्मा ने बताया कि सिरमौर जिला में नगर परिषद नाहन नगर,नगर परिषद पांवटा साहिब और नगर पंचायत राजगढ़ में चुनाव होने है जिसको लेकर शेड्यूल जारी हो चुका है। उन्होंने बताया चुनाव आचार संहिता से लेकर चुनाव होने तक जो भी समस्याएं होंगी उसके मद्देनजर जिला मुख्यालय नाहन में कंट्रोल रूम स्थापित गया है जहां लोग अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्तियां कर दी गई है और यहाँ तय समय के भीतर शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

### पच्छाद युवा कांग्रेस की बैठक में आगामी पंचायत चुनावों पर मंथन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पच्छाद युवा कांग्रेस की बैठक शुक्रवार को युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पच्छाद मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील शर्मा (थून्नु) ने बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विक्रम ठाकुर ने बताया कि बैठक में आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा युवा कांग्रेस में रिक्त पड़े पदों को भरने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त आगामी पंचायत चुनाव बारे विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ राजगढ़ शहरी कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम जैलदार, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्षा ज्योति, अमन ठाकुर, सुमन चौहान एवं अजय चौहान मौजूद रहे। सभी अतिथियों का युवा कांग्रेस के साथियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा अध्यक्ष को टोपी व शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### द सोलन जिला ट्रक ऑपरेटर्स सहकारी परिवहन सोसायटी दाड़लाघाट के चुनाव संपन्न

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** द सोलन जिला ट्रक ऑपरेटर्स सहकारी परिवहन सोसायटी दाड़लाघाट (एसडीटीओ) के निदेशक मंडल के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गए। दाड़लाघाट स्थित यूनियन कार्यालय में चुनाव प्रबंधक नरपत राम शर्मा की अध्यक्षता में वार्ड नंबर 1 से 21 तक की चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाई गई। कुल 21 वार्डों में से 14 वार्डों में सदस्य निर्विरोध चुने गए, जबकि 7 वार्डों में मतदान कराया गया, जिसके परिणाम 23 अप्रैल को घोषित किए गए। निर्वाचन में विभिन्न रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई थी। वार्ड 1 से 7 तक अजेश वर्मा, 8 से 14 तक सुरेंद्र शर्मा, 15 से 18 तक राकेश कुमार तथा 19 से 21 तक अश्विनी कुमार ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। निर्वाचित निदेशकों में कई प्रमुख प्रतिनिधि शामिल रहे, जबकि अधिकांश वार्डों में निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव प्रबंधक नरपत राम शर्मा ने बताया कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई है और शीघ्र ही कार्यकारिणी बैठक बुलाकर प्रधान एवं अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।

### धुंदन में तपेदिक उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन में तपेदिक (टीबी) उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा ने की। प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी पूर्णिमा और जान्हवी ने विद्यार्थियों को तपेदिक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक जीवाणु संक्रमण से होने वाली बीमारी है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहती है या खांसी के साथ खून अथवा बलगम आता है, तो तुरंत जांच करवानी चाहिए। यह रोग संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से तथा हवा के माध्यम से फैलता है। प्रधानाचार्या मनोरमा कुमारी चड्ढा ने कहा कि क्षय रोग पूरी तरह से इलाज योग्य है और इसका उपचार 6 से 9 महीनों तक चलता है।

## सोलन में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सोलन में उपायुक्त मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें बच्चों के संरक्षण और कल्याण से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र बच्चों तक समय पर लाभ पहुंच सके। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत जिले में 324 बेसहारा बच्चों को लाभ मिल रहा है, जबकि 203 लाभार्थियों को अब तक 26.36 लाख रुपए वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालित संस्थानों बाल गृह, स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी और कथेड़ स्थित ओपन शेल्टर की जानकारी देते हुए कहा कि यहां 73 बच्चों की देखभाल की जा रही है और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## सोलन नगर निगम में पांच वर्ष पहले मर्ज क्षेत्रों में विकास का इंतजार

# चुनाव में प्रत्याशियों को जनता की कसौटी पर उतरना होगा चुनौती

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** निकाय चुनावों का बिगुल बजते ही सोलन नगर निगम के मर्ज क्षेत्रों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। पंचायतों से तोड़कर निगम में शामिल वार्ड-16 और 17 में फुट ओवरब्रिज, सड़कें, सफाई, पार्किंग, सीवरेज और फुटपाथ जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इससे नाराज ग्रामीण पहले चुनाव बहिष्कार की धमकी दे चुके हैं, हालांकि अब मामला शांत है। भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में उतरने को तैयार हैं। निगम में विलय के क्षेत्र के लोग वार्ड 16 और 17 के पार्षदों से पांच



साल पुरानी उम्मीदों का हिसाब मांग रहे हैं। ऐसे में उम्मीदवारों को जनता की कसौटी पर खरा उतरना चुनौती से कम नहीं होगा।

वार्ड 16 जो एससी महिला के लिए आरक्षित है जहां भाजपा से सीमा पूर्व में पार्षद रही है। इस बार भी यह वार्ड महिला के लिए ही आरक्षित है। ऐसे में उन्हें पार्टी उन्हें दोबारा मौका दे सकती है, पर मतदाता उनके पांच साल के रिपोर्ट कार्ड जरूर मांगेंगे। वार्ड के रबोण क्षेत्र में लंबित फुट ओवरब्रिज बड़ा मुद्दा बनेगा। हालांकि वार्ड में फुटपाथ, एम्बुलेंस रोड, मिनी पार्क और स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य हुए हैं। वहीं इस वार्ड से कांग्रेस की ओर से अभी तक उम्मीदवार स्पष्ट नहीं है। फिर भी मुकाबला कड़ा होने की संभावना है।

वार्ड 17 महिला आरक्षित होने से सिटिंग कांग्रेस पार्षद सरदार सिंह चुनावी दौड़ से बहार हो गए हैं। पर मतदाता नए उम्मीदवार से विकास कार्यों का जवाब तलब करेंगे। वार्ड 17 की सबसे बड़ी समस्या दोहरी व्यवस्था है। कई परिवारों के घर निगम क्षेत्र में हैं, लेकिन कृषि भूमि पंचायत के अधीन। छोटे-मोटे कार्यों के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। स्थानीय प्रतिनिधिमंडल ने कई बार शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं। जनता अब चुनाव में इसकी जवाबदेही तय करेगी। लोग पंचायतों में लौटने की मांग कर रहे हैं, लेकिन रोस्टर ने राह कठिन कर दी। बहरहाल चुनावी माहौल में उम्मीदवार लुभावने वादे करेंगे, लेकिन जनता काम के आधार पर वोट देगी। चुनाव नजदीक होने के बावजूद यहां अभी तक भाजपा-कांग्रेस से किसी भी महिला प्रत्याशी का नाम सामने नहीं आया है।

## श्रम अधिकारी को तलब कर कार्रवाई में देरी पर मांगा जवाब

**अनंत ज्ञान, सोलन।** लोकायुक्त ने सोलन में श्रम अधिकारी के खिलाफ कर्मचारियों की शिकायत पर गंभीर संज्ञान लिया है। एक निजी कंपनी में लंबे समय से कार्यरत छह कर्मचारियों चमन लाल, जोगिंदर सिंह, हस्ता बहादुर, रमेश चंद, राज वह्न मार और राम आरोप लगाया है कि उनकी शिकायतों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई और श्रम विभाग द्वारा लापरवाही बरती गई। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने अक्टूबर 2024 में पहली शिकायत दी थी, लेकिन बार-बार कार्यालय जाने के बावजूद कोई समन जारी नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और वरिष्ठ अधिकारियों को भी आवेदन दिया, लेकिन समाधान नहीं मिला। अंततः मामला लोकायुक्त तक पहुंचा, जहां सुनवाई के दौरान संबंधित श्रम अधिकारी अनुपस्थित रहे। लोकायुक्त ने मामले को गंभीर मानते हुए अधिकारी को अगली सुनवाई में पेश होने के निर्देश दिए हैं और कार्रवाई में देरी पर विस्तृत जवाब मांगा है।

## विधायक संजय अवस्थी ने कश्यालु स्कूल का किया औचक निरीक्षण

# क्षतिग्रस्त एवं जर्जर छत को असुरक्षित घोषित कर जल्द मरम्मत के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**अर्की।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला कश्यालु में अर्की विधायक संजय अवस्थी ने निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग सीडी बंसल एवं अध्यक्ष एमएलआईएस सोसायटी सोलन विद्या सागर भी उपस्थित रहे। विधायक ने स्थानीय स्तर पर प्राप्त सूचना के आधार पर स्वयं मौके पर पहुंचकर विद्यालय का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय भवन की छत के क्षतिग्रस्त एवं जर्जर होने की जानकारी उन्हें दी गई थी, जिसके पश्चात उन्होंने बिना विलंब के पाठशाला का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।




स्कूल की क्षतिग्रस्त एवं जर्जर छत

निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की छत को हुए नुकसान का बारीकी से आकलन किया गया। विधायक संजय अवस्थी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देते हुए भवन की वर्तमान स्थिति को देखते हुए उसे असुरक्षित घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के आदेश भी दिए। ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। साथ ही, उन्होंने क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। विधायक ने आश्वासन दिया कि मरम्मत कार्य के लिए जितना भी अनुमानित खर्च (एस्टीमेट) तैयार होगा, उतनी ही धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## खंड विकास अधिकारियों के साथ विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने खंड विकास अधिकारियों को लम्बित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा आज यहां खंड विकास अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ज़िला के समस्त गांव को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) मॉडल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में कूड़ा पृथक्कीकरण के लिए शेड के निर्माण के साथ-साथ सोखता गड्ढों का निर्माण करवाना भी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर हिमईरा की दुकानों के निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं, ताकि स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान हो सके।

## बच्ची से छेड़छाड़ मामला: प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# विश्व हिंदू परिषद ने कार्रवाई के लिए हफ्ते का दिया अल्टीमेटम



अनंत ज्ञान,

**सोलन।** विश्व हिंदू परिषद ने सोलन के देऊंघाट क्षेत्र में एक मासूम बच्ची से कथित छेड़छाड़ के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है। परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने एएसपी राज कुमार चंदेल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले विशेष समुदाय के तीन युवक इस घटना में शामिल हैं, जिससे सामाजिक तनाव बढ़ा है।

परिषद के जिला अध्यक्ष देव और मंत्री मनीष कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई आवश्यक है, ताकि कानून व्यवस्था पर लोगों का विश्वास बना रहे। उन्होंने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि तय समय के भीतर गिरफ्तारी नहीं हुई तो परिषद समाज के सहयोग से उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी।

## सुविधा | डिजिटल डाक सेवाओं से विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों को मिलेगा लाभ

# नौणी विवि में न्यू जनरेशन पोस्ट ऑफिस का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मुख्य द्वार पर शुक्रवार को न्यू जनरेशन पोस्ट ऑफिस का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस नई सुविधा से विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आसपास के लोगों को आधुनिक व डिजिटल डाक सेवाएं एक ही स्थान पर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। पारंपरिक डाक के अलावा स्पीड पोस्ट, बैंकिंग, पार्सल, बीमा और अन्य डिजिटल सेवाएं अब तेजी व सुविधा के साथ प्रदान की जाएंगी।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कर्नल राजेश्वर सिंह चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए। उन्होंने कहा कि यह पोस्ट ऑफिस विश्वविद्यालय के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। विद्यार्थी अब कैंपस से बाहर जाने की जरूरत के बिना सभी डाक संबंधी कार्य निपटा सकेंगे, जिससे समय की बचत होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चीफ पोस्टमास्टर जनरल शिमला संजय सिंह ने की, जबकि निदेशक पोस्टल सर्विसेज हितेंद्र सिंह भट्टी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि यह पोस्ट ऑफिस आधुनिक तकनीक से लैस है, जिसमें डिजिटल कियोस्क, ई-पासपोर्ट सेवाएं और आधार सत्यापन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इससे न केवल विश्वविद्यालय समुदाय को लाभ मिलेगा, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को भी डाक सेवाओं का विस्तार मिलेगा। चीफ पोस्टमास्टर जनरल संजय सिंह ने कहा यह भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल का हिस्सा है जो ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवाओं को मजबूत बनाएगा।




विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर न्यू जनरेशन पोस्ट ऑफिस का शुभारंभ करते वीसी। अनंत ज्ञान

# दाड़लाघाट में नशे पर बड़ी कार्रवाई 491 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

## सप्लाई नेटवर्क की जांच के बाद कुल्लू से सप्लायर भी दबोचा

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट/सोलन।** जिला सोलन के दाड़लाघाट क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 491 ग्राम चरस बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सप्लाई नेटवर्क का खुलासा करते हुए जिला कुल्लू से दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल को पुलिस टीम अंबुजा चौक पर गश्त के दौरान थी, तभी सूचना मिली कि गांव खाता में किराए पर रह रहा एक युवक चरस बेचने का धंधा कर रहा है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी इंद्रलाल (22), निवासी नेपाल के कमरे से एक बैग में रखे 5 पैकेटों में 491 ग्राम चरस और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और न्यायालय से 4 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि चरस उसने कुल्लू के जेरी गांव से खरीदी थी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 41 वर्षीय दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी नवीन झाल्टा ने मामले की पुष्टि की है।

### टैंपो से 1104 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद, दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक टैंपो वाहन की तलाशी कर आरोपियों के कब्जे से कुल 1104 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए गए और मौके पर ही दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविकांत उर्फ बंटी पांवटा साहिब और विकास निवासी मरवह, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित कैप्सूल कहां से लाए गए थे और इनकी आपूर्ति किन क्षेत्रों में की जानी थी।

> **नशे** से जुड़े मामलों में पुलिस द्वारा निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में भी सभी तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी और इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान जारी रहेगा।
> **एनएस नेगी, एसपी, सिरमौर**

## 9 मई को नाहन में राष्ट्रीय लोक अदालत: सैकड़ों मामलों के त्वरित निपटारे का अवसर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के नाहन में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का त्वरित और सुलहपूर्ण निपटारा करना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिरमौर के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोगेश जसवाल और सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नव कमल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला के निर्देशों के तहत किया जा रहा है। लोक अदालत में बैंक ऋण विवाद, श्रम मामले, बिजली-पानी के बिल, वैवाहिक विवाद और अन्य सुलह योग्य मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, जो मामले अभी अदालत में दर्ज नहीं हुए हैं, वे भी आपसी समझौते के आधार पर यहां सुलझाए जा सकते हैं। प्राधिकरण ने बताया कि लोक अदालत में दिए गए फैसले अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ अपील का प्रावधान नहीं होता।

# बंगाल में पहले चरण के मतदान से परिवर्तन की लहर हुई स्पष्ट: पीएम

## दमदम रैली में मोदी का दावा: जनता ने दे दिया बदलाव का संकेत, भाजपा की जीत तय

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान समाप्त होने के बाद नरेन्द्र मोदी ने दावा किया है कि राज्य में परिवर्तन की लहर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। कोलकाता के दमदम में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान ने इस बदलाव पर मुहर लगा दी है और उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की जीत का शंखनाद हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लंबे समय से जनता में जो परिवर्तन की भावना थी, अब वह मतदान के जरिए सामने आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किया है, लेकिन जनता ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि आने वाले चरणों में अधिक संख्या में मतदान कर इस परिवर्तन को और सशक्त बनाएं।

सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की भूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि यह चुनाव एक नई क्रांति का संकेत है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले चरण में ही जनता ने उसे नकारने का संकेत दे दिया है और आगे के चरणों में यह रुझान और स्पष्ट होगा। महिलाओं के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस महिला विरोधी मानसिकता वाली पार्टी है, जबकि भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सत्ता में आने पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने और आयुष्मान योजना लागू कर गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने की बात कही।

प्रधानमंत्री ने मध्यम वर्ग, उद्योग और रोजगार के मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सिंडिकेट राज के कारण उद्योगों को नुकसान हुआ है और युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा की सरकार बनने के बाद हर पुरानी फाइल खुलेगी: मोदी

**पश्चिम** बंगाल में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दमदम में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और राजनीतिक बदलाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। इस दौरान उनके मंच पर आरजीकर प्रकरण में पीड़िता की मां और पनिहाटी से भाजपा उम्मीदवार रत्न देबनाथ भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद हर पुरानी फाइल खुलेगी और न्याय होगा।

## ममता बनर्जी के समर्थन में प्रचार करने कोलकाता आएंगे अरविंद केजरीवाल

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आआपा) प्रमुख अरविंद केजरीवाल तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में कोलकाता आएंगे। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस के आमंत्रण पर केजरीवाल आगामी 26 व 27 अप्रैल को कोलकाता के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में ममता बनर्जी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। गौरतलब है कि, राज्य में 23 अप्रैल को पहले चरण का मतदान हुआ। उससे पहले बुधवार को अरविंद केजरीवाल ने ममता बनर्जी से फोन पर बात की थी। बाद में उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। केजरीवाल ने लिखा कि अभी-अभी ममता दीदी से फोन पर बात हुई है। उन्होंने उनके प्रति पूरी एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी एक कठिन और महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ रही हैं, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए भी बहुत अहम है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग सहित विभिन्न संस्थाओं का दुरुपयोग करने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी इस चुनाव में हारेगी। (अनंत ज्ञान)



# बंगाल में अगला मुख्यमंत्री ममता का भतीजा नहीं, भाजपा का कार्यकर्ता होगा: अमित शाह

**एजेंसी, कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में 23 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुई भारी वोटिंग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में दावा किया कि यह परिवर्तन का संकेत है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 152 में से 110 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने इस बार बदलाव के पक्ष में मतदान किया है और पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हुई बंपर वोटिंग स्पष्ट रूप से परिवर्तन के समर्थन में पड़ा मत है। उन्होंने राज्य की जनता का आभार जताते हुए कहा कि मतदाताओं ने भाजपा पर अपना विश्वास व्यक्त किया है।



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह अफवाह फैलाई जा रही है कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो बाहरी लोग शासन करेंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल का अगला मुख्यमंत्री बंगाल में जन्मा, बंगाली माध्यम में पढ़ा-लिखा और बंगाली भाषा बोलने वाला होगा। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भतीजा नहीं, बल्कि भाजपा का कार्यकर्ता होगा। उन्होंने चुनाव के दौरान हिंसा के मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी और दावा किया कि पिछली बारों की तुलना में इस बार मतदान अधिक शांतिपूर्ण रहा। शाह ने कहा कि 2016 के चुनाव में 1278 लोग घायल हुए थे, 2021 में 1681, 2023 के पंचायत चुनाव में 664 और 2024 के लोकसभा चुनाव में 761 लोग घायल हुए थे, जबकि इस बार पहले चरण में 30 से कम लोग घायल हुए हैं और किसी की मृत्यु नहीं हुई। उनके अनुसार यह दर्शाता है कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

उल्लेखनीय है कि, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान हुआ, जिसमें चुनाव आयोग के अनुसार 92.88 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इसे आजादी के बाद राज्य के इतिहास में सर्वाधिक मतदान बताया जा रहा है। भारी मतदान के बाद भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं। राज्य में दूसरे चरण का मतदान 29 अप्रैल को 142 सीटों पर होगा, जबकि चुनाव परिणाम चार मई को घोषित किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# मुजतबा खामेनेई का चेहरा और होंठ जला, प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत

**एजेंसी, तेहरान (ईरान)**

◆ **पैर काटने की नौबत, नकली पैर लगेगा; अब ईरान को सेना के जनरल चला रहे**

28 फरवरी को जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान में मुजतबा खामेनेई के पिता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के ठिकाने पर हमला किया था, तब से वह छिपकर रह रहे हैं। उसी हमले में अयातुल्ला खामेनेई, पत्नी और बेटे की मौत हो गई। मुजतबा खुद भी घायल हो गए और अब डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। उनसे मिलना बहुत मुश्किल है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान जो पेशे से हार्ट सर्जन हैं और स्वास्थ्य मंत्री भी उनके इलाज में शामिल रहे हैं। मुजबता से मिलने बड़े अधिकारी और सेना के कमांडर नहीं जाते, क्योंकि उन्हें डर है कि इजराइल उनके जरिए ठिकाने का पता लगाकर हमला कर सकता है। मुजतबा खामेनेई की हालत गंभीर रही है, लेकिन दिमाग से वह पूरी तरह एक्टिव हैं। उनके एक पैर का तीन बार ऑपरेशन हुआ है और अब उन्हें नकली पैर लगाना पड़ेगा। एक हाथ की भी सर्जरी हुई है और वह धीरे-धीरे ठीक हो रहा है। उनके चेहरे और होंठ बुरी तरह जल गए हैं, जिससे बोलना मुश्किल है और आगे प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ेगी। यह पूरी जानकारी कई वरिष्ठ अधिकारियों, पूर्व अधिकारियों, सेना के लोगों और जानकारों से बातचीत के आधार पर सामने आई है। सभी ने अपनी पहचान छिपाने की शर्त पर यह सूचना दी, क्योंकि मामला बहुत संवेदनशील है।

जब अयातुल्ला अली खामेनेई ईरान के सुप्रीम लीडर थे, तब युद्ध, शांति और अमेरिका से बातचीत जैसे बड़े फैसले वही अकेले लेते थे। उनके पास पूरी ताकत थी। लेकिन उनके बेटे और अब के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का वैसा रोल नहीं है। मुजतबा खामेनेई एक ऐसे नेता हैं, जो सामने नहीं आते। मार्च में पद संभालने के बाद से उन्हें किसी ने देखा नहीं और उनकी आवाज भी सार्वजनिक रूप से नहीं सुनी गई। (अनंत ज्ञान)

# सोना 420 रुपए महंगा होकर 1,51,479 पर व चांदी 3,229 बढ़कर पहुंची 2,40,596 पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोना-चांदी में 24 अप्रैल को तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 420 रुपए महंगा होकर 1,51,479 रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले 23 अप्रैल को इसकी कीमत 1,51,059 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 3,229 रुपए महंगी होकर 2,40,596 रुपए पर आ गई है। इससे पहले वीरवार को इसकी कीमत 2,40,596 रुपए प्रति किलो थी। सोना इस साल 18 हजार और चांदी 10 हजार रुपए महंगी 2026 में सोना अब तक 18 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 10 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.40 लाख रुपए पर पहुंच गई है। 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का हाई बनाया था। यानी पीक से सोना 25 हजार रुपए और चांदी 1.46 लाख सस्ती हुई है। (अनंत ज्ञान)



## आरबीआई ने पेटीएम का बैंकिंग लाइसेंस किया रद्द

**एजेंसी, मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाते हुए, तत्काल प्रभाव से उसके बैंकिंग लाइसेंस को रद्द करने का आदेश जारी किया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है, जिसके बाद से बैंक किसी भी प्रकार की नई जमा स्वीकार नहीं कर सकेगा और न ही किसी भी ग्राहक खाते में क्रेडिट लेन-देन कर पाएगा। इस निर्णय का सीधा असर बैंक के करोड़ों ग्राहकों पर पड़ेगा, जिन्हें अपनी जमा राशि और लेन-देन को लेकर चिंता सता रही है। आरबीआई ने कहा, 'बैंक के प्रबंधन का सामान्य स्वरूप जमाकर्ताओं के हितों के साथ-साथ जनहित के भी विरुद्ध है।' इसके परिणामस्वरूप, पेटीएम पेमेंट्स बैंक को किसी भी प्रकार का बैंकिंग व्यवसाय करने से प्रतिबंधित किया गया है। आरबीआई ने यह भी कहा कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में आवेदन करेगा। आरबीआई ने कहा, 'बैंक के बंद होने पर पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के पास अपनी पूरी जमा देनदारी चुकाने के लिए पर्याप्त तरलता है।' बता दें कि, पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 11 मार्च, 2022 से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## कर्मियों को 3 माह तक विदेश यात्रा न जाने के दिए निर्देश

**एजेंसी, काठमांड।** नेपाल सरकार ने आगामी तीन महीनों तक किसी भी कर्मचारी को विदेश यात्रा पर न जाने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री तथा मंत्रिपरिषद् कार्यालय ने मंत्रालयों, आयोगों और सभी संबंधित निकायों को पत्र भेजकर इस व्यवस्था को लागू करने को कहा है। सरकार के गत 28 मार्च के निर्णय के अनुसार स्वीकृत प्रशासनिक सुधार से संबंधित 100 कार्यसूचियों को उच्च प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह निर्देश जारी किया है। निर्देश में कहा गया है कि कर्मचारियों के विदेश दौरे पर जाने से सरकार की 100 कार्यसूचियों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न हो सकती है, इसलिए अगले तीन महीनों तक किसी भी कर्मचारी को वैदेशिक भ्रमण के लिए नामांकित न करने का अनुरोध किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# मिथॉस एआई से बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमले का खतरा बढ़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

◆ **वित्त मंत्री सीतारमण ने हाई-लेवल मीटिंग की**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों के प्रमुखों के साथ एक हाई-लेवल मीटिंग की। इस बैठक में एंथ्रोपिक के 'क्लॉड मिथॉस' एआई मॉडल से बैंकिंग सेक्टर को होने वाले संभावित खतरों पर चर्चा की गई। यह एआई मॉडल इतना एडवांस है कि हैकर इसका इस्तेमाल दशकों पुरानी अज्ञात खामियों को खोजकर फाइनेंशियल सेक्टर पर साइबर हमले कर सकते हैं।

वित्त मंत्री ने बैंकों को अपने आईटी सिस्टम को सुरक्षित करने और कस्टमर डेटा की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि मिथॉस से पैदा होने वाला खतरा ऐसा है, जो पहले कभी नहीं देखा गया। इसके लिए वित्तीय संस्थानों और बैंकों के बीच बेहतर तालमेल और हाई लेवल की तैयारी की जरूरत है।

वित्त मंत्रालय अब एक ऐसा फ्रेमवर्क बनाने की योजना बना रहा है जो हैकिंग के प्रयासों की पहचान कर उन पर तुरंत कार्रवाई कर सके। बैंकों को सलाह दी गई है कि वे साइबर हमले की जानकारी आपस में साझा करने के लिए एक रियल-टाइम इंटेलिजेंस शेयरिंग मैकेनिज्म बनाएं। इसमें इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) व अन्य एजेंसियां भी शामिल होंगी। (अनंत ज्ञान)

### क्लॉड मिथॉस?

**मिथॉस** एंथ्रोपिक का सबसे शक्तिशाली एआई मॉडल है। कंपनी के मुताबिक मिथॉस ने ऑपरेटिंग सिस्टम और ब्राउजर्स की दशकों पुरानी कमियां ढूंढ निकाली हैं, जिन्हें इंसान नहीं देख पाए। एंथ्रोपिक का कहना है कि इसे सार्वजनिक करना किसी के भी हाथ में एडवांस हैकिंग टूल देने जैसा होगा। एंथ्रोपिक ने इसका एक्सेस सिर्फ अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी चुनिंदा 40 कंपनियों को दिया है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ अनधिकृत यूजर्स ने इसका एक्सेस हासिल कर लिया है।

## सेविंग्स अकाउंट, एफडी व आरडी पर ब्याज दरें बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने सेविंग्स अकाउंट, फिक्स्ड डिपॉजिट और रिकरिंग डिपॉजिट पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की, अब सीनियर सिटिजन्स को टर्म डिपॉजिट पर अधिकतम 7.75% प्रति वर्ष तक ब्याज मिलेगा, जबकि सेविंग्स अकाउंट की ब्याज दरें बढ़ाकर अधिकतम 6.75% प्रति वर्ष कर दी गई हैं। संशोधित ब्याज दरें 23 अप्रैल से प्रभावी होंगी। सामान्य ग्राहकों के लिए FD और RD की ब्याज दरें बढ़ाकर अधिकतम 7.25% प्रति वर्ष कर दी गई हैं। यह संशोधन 12 से 36 महीनों की लोकप्रिय मध्यम अवधि की FD अवधियों और 36 महीनों तक की ७ अवधियों पर लागू होगा। अवधि-वार विस्तृत ब्याज दरों की सूची इस प्रेस विज्ञप्ति के साथ संलग्न है और बैंक की वेबसाइट सभी शाखाओं में भी उपलब्ध है। ये संशोधित ब्याज दरें, SFB के तीन प्रमुख जमा उत्पादों पर लागू होंगी, सेविंग्स अकाउंट, जो दैनिक शेष राशि पर तरलता प्रदान करते हैं; रिकरिंग डिपॉजिट, जो दीर्घकालीन फंड निर्माण के लिए नियमित मासिक बचत को प्रोत्साहित करते हैं; और फिक्स्ड डिपॉज़िट, जो चुनी गई अवधि के लिए एकमुश्त निवेश पर सुनिश्चित रिटर्न प्रदान करते हैं।

## रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं में दिखा भारी उत्साह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में 'मानव एकता दिवस' के उपलक्ष्य में संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन की तरफ से निरंकारी भवन सेक्टर-30 चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में इस फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों ने हिस्सा लेकर मानव सेवा की मिशाल कायम की। इस मौके पर समाजसेवी गुरचरण सिंह, जो पिछले 30 सालों से लगातार रक्तदान करते आ रहे हैं, हमेशा की भांति इस साल भी उन्होंने 35वीं बार रक्तदान किया और संकल्प लिया कि सतगुरु माता सुदिच्छा जी का आशीर्वाद रहा, तो आगे भी ऐसी सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं, ताकि स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता है, बल्कि शरीर को लाभ मिलता है और व्यक्ति निरोग रहता है। उन्होंने आगे कहा कि थैलेसीमिया मरीज छोटे- छोटे बच्चों के जीवन को बचाने के लिए हर एक व्यक्ति को आगे आने की जरूरत है। यह हमारा सामाजिक दायित्व है कि किसी के जीवन को बचाने के लिए आगे आएं। रक्तदान करने से शरीर को लाभ मिलता है और व्यक्ति को किसी भी तरह की बीमारी नहीं होती है।

## अमित शाह राघव चड्ढा को मोहरा बनाकर 'आप' सांसदों को तोड़ने की साजिश रच रहे: बलतेज पन्नू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के जनरल सेक्रेटरी व मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करने व सांसदों से दलबदली करकर आप को कमजोर करने की कोशिश के लिए भाजपा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर करने का तीखा हमला किया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, बलतेज पन्नू ने कहा कि अमित शाह राघव चड्ढा को मोहरा बनाकर आप को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी के अंदर पक्की खबरें हैं कि अमित शाह ने राघव चड्ढा को केंद्रीय मंत्री का पद ऑफर किया है अगर वह कम से कम सात आप सांसद को तोड़कर नई पार्टी बनाने में कामयाब हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरपरस्ती में राघव चड्ढा के जरिए एक नई पार्टी बनाई जा रही है व आप सांसद को इसमें शामिल होने का लालच दिया जा रहा है। हमारे सांसद पर ईडी की नकली रेड और डराने-धमकाने के तरीकों से दबाव बनाया जा रहा है। राघव चड्ढा पर सीधा हमला करते हुए पन्नू ने कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत सम्मान दिया और कम उम्र में संसद भेजा, लेकिन उन्होंने पंजाब की पीठ में छुरा घोंपा है।

## रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में नशे के खिलाफ जागरूकता व विचार क्षमता पर दिया जोर



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** सामाजिक जिम्मेदारी व युवा सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, रयात बाहरा यूनिवर्सिटी ने अपने परिसर में नशा जागरूकता पर एक जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड एजुकेशन द्वारा पंजाब सरकार और अतिरिक्त उपायुक्त (विकास), मोहाली के कार्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया था। 'नशे की लत: नशों को न कहो' विषय के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुरुपयोग के खतरों के प्रति जागरूक करना, साथ ही उनमें आलोचनात्मक सोच और प्रभावी संचार कौशल को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पक्ष एवं विपक्ष में बोलते हुए आत्मविश्वास और विश्लेषणात्मक गहराई के साथ प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड सोशल साइंसेज की डीन डॉ. इंदरप्रीत कौर ने कहा कि विश्वविद्यालय अर्थपूर्ण पहलों के माध्यम से संभावनाओं व अवसरों के बीच की खाई को लगातार भर रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल करियर निर्माण में सहायक हैं, बल्कि एक अधिक समानतापूर्ण समाज के निर्माण में भी योगदान देते हैं। यह कार्यक्रम चांसलर गुरविंदर सिंह बाहरा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्टातिथियों में निरवीर सिंह, अजयपाल सिंह और समाजसेवी दिलावर सिंह शामिल थे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक शब्दों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम प्रभावशाली और यादगार बन गया।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने विवेक त्रिपाठी को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) व पिछले एक दशक में यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से इनप्रिंसिपल स्वीकृति प्राप्त करने वाले पहला संगठन ने आज घोषणा की कि आरबीआई ने विवेक त्रिपाठी की तीन वर्ष की अवधि के लिए बैंक के पूर्णकालिक निदेशक (कार्यकारी निदेशक) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नियुक्ति पर टिप्पणी करते हुए, संजय अग्रवाल, संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, ने कहा, 'विवेक पिछले एक दशक से एयू की नेतृत्व यात्रा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और उन्होंने व्यवसाय, क्रेडिट तथा संस्थागत गवर्नेंस के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जोखिम समझ, पोर्टफोलियो प्रबंधन और निष्पादन अनुशासन की उनकी गहरी समझ ने एयू की बैलेंस शीट की मजबूती को और सुदृढ़ किया है। उनकी नियुक्ति हमारी सुव्यवस्थित उत्तराधिकार योजना को दर्शाती है।

## सीजीसी लांडरां के सीबीएसए ने फिन्टाको ग्लोबल सर्विसेज के साथ किया एमओयू

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** सीजीसी लांडरां के चंडीगढ़ बिजनेस स्कूल ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (सीबीएसए) के कॉमर्स डिपार्टमेंट ने फिन्टाको ग्लोबल सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो भारत और ग्लोबल मार्केट्स में एकाउंटिंग, फाइनेंसियल मैनेजमेंट और बिजनेस कंसल्टिंग सेर्विसेज का एक लीड प्रोवाइडर है।

इस हस्ताक्षर समारोह का नेतृत्व डॉ. रामनदीप सैनी, डायरेक्टर प्रिंसिपल, सीबीएसए, सीजीसी लांडरां और अभिषेक अग्रवाल, फाउंडर व मैनेजिंग डायरेक्टर, फिन्टाको ग्लोबल सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। इस सहयोग का उद्देश्य वर्कशॉप्स, सेमिनार्स, ईएसजी व सस्टेनेबिलिटी ट्रेनिंग, एक्सपर्ट लेक्चर्स व मैनेजमेंट डिसीजन माकिन सेशंस के माध्यम से छात्रों को प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस प्रदान कर अकादमिक व इंडस्ट्री के बीच के फासले को खत्म करना है। यह इंटर्नशिप, प्लेसमेंट ट्रेनिंग व टैक्सेशन, कॉर्पोरेट लॉ व स्ट्रेटेजिक लीडरशिप के स्किल्स के विकास के अवसर भी प्रदान करता है, जिससे छात्रों के प्रोफेशनल स्किल और रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। इस अवसर पर डॉ. रामनदीप सैनी ने कहा, फिन्टाको ग्लोबल सर्विसेज के साथ यह सहयोग हमारे छात्रों को इंडस्ट्री से संबंधित सीखने के अवसर प्रदान करेगा। प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस को शैक्षणिक ज्ञान के साथ जोड़कर, हम ऐसे इंडस्ट्री रेडी प्रोफेशनल्स को तैयार करने का लक्ष्य रखते हैं, जो स्किल और एक्सपीरियंस से सुसज्जित हों और किसी भी बिजनेस सेटअप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। यह एमओयू सीजीसी लांडरां की इंडस्ट्री पार्टनरशिप्स को मजबूत करने और अपने छात्रों के लिए बेहतर सीखने एवं प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# सरकार लोगों के पुराने झगड़ों को सुलझाने के लिए वचनबद्ध: कुलवंत

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार जहां पंजाब के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

वहीं, जनहितकारी योजनाओं को भी जमीनी स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार द्वारा लोगों के लंबे समय से चले आ रहे विवादों का स्थायी समाधान भी किया जा रहा है। यह बात मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने गांव ठसका व दैड़ी से संबंधित 205 लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड वितरित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने गांव दैड़ी के 160 तथा गांव ठसका के 45 लोगों को प्रॉपर्टी कार्ड सौंपे। विधायक ने स्पष्ट किया कि पंजाब के 12 हजार से अधिक गांवों में लाल डोरे की जमीन पर जिन लोगों का कब्जा है, वे अब कानूनी रूप से उस जमीन के मालिक बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि इससे लोग अब अपनी जमीन के आधार पर बैंक से ऋण भी प्राप्त कर सकेंगे, जबकि पहले स्वामित्व का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब में लाल डोरे से जुड़ी जमीनों के प्रॉपर्टी कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और जैसे-जैसे ये कार्ड तैयार होंगे, उन्हें संबंधित लाभार्थियों को सौंपा जाता रहेगा। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कुछ नेता बिना किसी आधार के अपनी उपलब्धियां गिनाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में मोहाली के विकास के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया गया, बल्कि केवल निजी लाभ ही लिए गए। विधायक ने बताया कि मोहाली शहर में सड़कों, सीवरेज, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए व्यापक सर्वे कराया जा रहा है, जहां भी सीवरेज की समस्या होगी, उसे तुरंत दूर किया जाएगा और आवश्यकता अनुसार नई पाइपलाइन भी डाली जाएगी। इस अवसर पर गुरप्रीत सिंह (तहसीलदार), रविंदर सिंह (नायब तहसीलदार), कुलदीप सिंह समाना, मेहमा सिंह (सरपंच ठसका), मलकीत सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), गुरमीत कौर (पार्षद), आरपी शर्मा (ब्लॉक अध्यक्ष), अकबिंदर सिंह गोसल, गुरप्रीत सिंह बरियाली, अवतार सिंह मौली बैदवान, इकबाल सिंह (सरपंच), हरपाल सिंह (सरपंच तरोली), सुरमुख सिंह ठसका, रणजीत कौर, बलजीत सिंह दैड़ी, राजिंदर सिंह (सरपंच बरमाजरा), मनप्रीत सिंह मनी, हरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# विधायक कुलवंत ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत 26वीं बस रवाना की

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मोहाली से विधायक कुलवंत सिंह द्वारा 26वीं बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह बस फेज-10 से धीरज कुमार, नीतू सहोता, पंकज हांडा, रिक्की शर्मा, मिनी मार्केट प्रधान राज कुमार, दर्शन सिंह जौली और पूर्व पार्षद हरपाल सिंह चन्ना की मौजूदगी में श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए यह योजना शुरू की गई है, जिससे उन्हें अपने धार्मिक स्थलों के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि तीर्थ यात्रा से वापस लौटने वाले श्रद्धालु अपने अनुभव साझा कर रहे हैं, जिस कारण योजना के लिए पंजीकरण की संख्या लगातार बढ़ रही है।

यह इस योजना की लोकप्रियता और इसके वास्तविक उद्देश्य को दर्शाता है। विधायक ने कहा कि पंजाब के लोगों ने आम आदमी पार्टी को बड़े भरोसे के साथ सत्ता में लाया था व सरकार द्वारा लगातार जन-हितैषी योजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिससे लोग संतुष्टि महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि विपक्षी नेताओं में इस कारण बेचैनी देखी जा सकती है। उन्होंने यह भी दोहराया कि सरकार लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के स्थायी समाधान व पंजाब के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## नेस्ले इंडिया ने लगभग एक दशक में सबसे मजबूत तिमाही वृद्धि दर्ज की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नेस्ले इंडिया ने मार्च 2026 तिमाही में लगभग एक दशक की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज की। कंपनी की घरेलू बिक्री 6,445 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची, जिसे डबल-डिजिट वॉल्यूम ग्रोथ और विज्ञापन खर्च में 50% से अधिक वृद्धि का समर्थन मिला। चेयरमैन एवं एमडी मनीष तिवारी ने बताया कि कुल बिक्री में 23.4% और घरेलू बिक्री में 23.1% की बढ़ोतरी हुई, जबकि 26.3% का मजबूत ईबीआईटीए मार्जिन भी बना रहा। कंपनी के प्रमुख ब्रांड्स जैसे मैगी नूडल्स, किटकैट और नेस्केफे ने बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में अहम योगदान दिया। ग्रामीण पहुंच का विस्तार कर कंपनी ने अपनी मौजूदगी 2.16 लाख गांवों तक पहुंचाई। नेस्ले इंडिया ने डिजिटल और टेक्नोलॉजी आधारित क्षमताओं को मजबूत करते हुए लागत दक्षता में सुधार किया, जिससे ब्रांड निवेश और उपभोक्ता-केंद्रित गतिविधियों को बढ़ावा मिला।

# गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आठ उम्मीदवारों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपे



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब के कृषि व किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बरसट के साथ ए.एएस नगर स्थित पंजाब मंडी बोर्ड के मुख्य कार्यालय में आठ उम्मीदवारों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस अवसर पर खुड्डियां ने बताया कि ये नियुक्तियां मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की उस नीति के तहत की गई हैं, जिसके अंतर्गत मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार प्रदान किया जाता है, ताकि उन्हें कम से कम समय में आर्थिक और सामाजिक सहायता मिल सके। नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ केवल मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां प्रदान कर रही है और अब तक 65,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। उन्होंने उम्मीदवारों को अपनी जिम्मेदारियां ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह कदम प्रभावित परिवारों के लिए बड़ा सहारा साबित होगा और ये युवा अब पंजाब मंडी बोर्ड के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस मौके पर पंजाब मंडी बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# स्मार्ट सिटी धर्मशाला में 27 अप्रैल से शुरू होगा फुटबॉल टूर्नामेंट

## अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा मेमोरियल गोल्ड कप में होंगे जबरदस्त मुकाबले

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में 27 अप्रैल से देश भर के फुटबॉल खिलाड़ी जुटेंगे। वीर शहीदों की स्मृति और खेल भावना को समर्पित अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का 38वां संस्करण 27 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित किया जा रहा है।

वर्ष 1989 से निरंतर आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट न केवल देश भर की श्रेष्ठ टीमों को एक मंच प्रदान करता है, बल्कि यह आयोजन हमारी आजादी के वीर नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। प्रतियोगिता का शुभारंभ धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी करेंगे। वहीं, 3 मई को समापन समारोह के दौरान सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और स्थानीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

### ◆ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी करेंगे शुभारंभ



एसोसिएशन के अध्यक्ष पालम जंग प्रधान ने बताया कि आजादी के अमृत काल में इस आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं को देशभक्ति और अनुशासन से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

इस कड़ी में एक मई को राजकीय धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कला को बढ़ावा देते हुए नेपाली-गोरखाली नृत्य और कांगड़ा का प्रसिद्ध झमाकड़ा प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके अलावा वीर शहीदों के जीवन और बलिदान पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी।

### टूर्नामेंट में देश की 14 बेहतरीन टीमें लेंगी हिस्सा

**टूर्नामेंट** में इस बार देश की 14 प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें आरबीआई मुंबई, कस्टम दिल्ली, सीआईएसएफ, राजस्थान पुलिस, 16 गढ़वाल राइफल्स, 2 गढ़वाल राइफल्स, 3/5 गोरखा राइफल्स, 5/5 गोरखा राइफल्स, खालसा क्लब अमृतसर, डू-लाइक स्पोर्टस क्लब जालंधर, जेसीटी फगवाड़ा, आरसीएफ कपूरथला और एचपीएफए शामिल हैं। मेजबान टीम के रूप में धर्मशाला की स्थानीय टीम भागसू इलेवन भी मैदान में उतरेगी।

### अंडर-19 इंटर स्कूल मुकाबले भी हो रहे

**एसोसिएशन** के अध्यक्ष ने बताया कि गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के साथ इस वर्ष धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में स्थित 11 स्कूलों के बीच अंडर-19 प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र बनी है। इसमें इंटरनेशनल सहज पब्लिक स्कूल (टालनू), सेक्रेड हार्ट स्कूल (सिद्धपुर), अचीवर्स हब (दाड़ी), आधुनिक पब्लिक स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, टीसीवी स्कूल, दयानंद पब्लिक स्कूल, हाइलैंड पब्लिक स्कूल, डीपीएस कांगड़ा और जीएसएसएस खनियारा खास व शाहपुर के युवा खिलाड़ी अपना कौशल दिखा रहे हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज सिडल का बिग बैश लीग में वापसी का रास्ता साफ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पीटर सिडल के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी का रास्ता अब साफ हो गया है। अनधिकृत 'वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग' में खेलने के कारण उन पर लगाया गया छह महीने का प्रतिबंध उन्हें इस साल काउंटी क्रिकेट से दूर रखेगा, लेकिन वे अगले सीजन में मेलबर्न स्टार्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। जनवरी-फरवरी में गोवा में आयोजित वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग में 41 वर्षीय सिडल ने हिस्सा लिया था। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मान्यता प्राप्त नहीं था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार किसी भी गैर-मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ी को कम से कम छह महीने तक 'मान्यता प्राप्त क्रिकेट' से दूर रहना होता है। इसी नियम के तहत इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सिडल पर छह महीने का प्रतिबंध लागू किया, जिसके चलते वे इस साल नॉटिंघमशायर के लिए टी-20 ब्लास्ट में नहीं खेल पाएंगे। सिडल को इस सीजन काउंटी टी-20 ब्लास्ट में नॉटिंघमशायर के लिए खेलना था, लेकिन अब उनका यह कार्यकाल रद्द कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### सीडीआई हेगन में भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने जीता रजत पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने जर्मनी के हागेन में आयोजित प्रतिष्ठित सीडीआई हागेन ड्रेसाज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया है। उन्होंने अपनी अनुभवी घोड़ी फ्लोरियाना के साथ 70.94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अग्रवाला और फ्लोरियाना ने एक बेहद संतुलित, सधी हुई और प्रभावशाली प्रस्तुति दी। उन्होंने तकनीकी सटीकता, तालमेल और कलात्मक प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय जजों को प्रभावित किया। अग्रवाला ने अपनी उपलब्धि पर कहा, 'सीडीआई हागेन का यह परिणाम फ्लोरियाना के साथ मेरी बेहतरीन साझेदारी का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि हमने अपने अभ्यास के अनुसार प्रदर्शन किया। भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात है और मैं इस लय को आगे भी बनाए रखना चाहता हूं।' यह रजत पदक अग्रवाला की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग को और मजबूत करेगा और आगामी एफईआई प्रतियोगिताओं के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए साई ने लगाया विशेष गोलकीपिंग शिविर

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए विशेष गोलकीपिंग कैंप का आयोजन 22 अप्रैल से दो मई तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बेंगलुरु में किया जा रहा है। इस कैंप का संचालन अनुभवी कोच डेविड विलियमसन कर रहे हैं, जबकि टीम के मुख्य कोच सजॉर्ड मारिज्ने इसकी निगरानी कर रहे हैं। इस विशेष कैंप में सविता, बंसारी सोलंकी, बिचू देवी खारीबाम और माधुरी किंडो जैसे प्रमुख गोलकीपर शामिल हैं। कैंप का उद्देश्य आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले भारतीय टीम की गोलकीपिंग यूनिट को और मजबूत बनाना है। कैंप को आनंदना-द कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है, जो भारत में महिला हॉकी के विकास में लगातार योगदान दे रहा है। इससे पहले भी इस संस्था ने 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 को सहयोग दिया था। डेविड विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के अनुभवी हॉकी कोच हैं और वे लंबे समय तक अमेरिका की महिला राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 2025 में महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में ओडिशा वॉरियर्स के सहायक कोच के रूप में भी कार्य किया है। (अनंत ज्ञान)

### जेहरा गुनेश का अंदाज निराला

**जेहरा** गुनेश तुर्की की एक प्रसिद्ध पेशेवर वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं, जो अपनी अलग अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह 198 सेमी (6 फीट 6 इंच) लंबी हैं। उन्हें विश्व की बेहतरीन वॉलीबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है और वे अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं।



# थॉमस कप : भारतीय पुरुष टीम ने कनाडा पर 3-1 से बनाई बढ़त

## आयुष शेट्टी, रंकीरेड्डी, चिराग-शेट्टी और हरिहरन-अर्जुन की जोड़ी ने जीते अपने मुकाबले

**एजेंसी, होर्सेंस**

थॉमस कप में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए कनाडा के खिलाफ पहले मुकाबले में 3-1 की बढ़त बना ली है। डेनमार्क के फोरम हॉर्सेन्स में खेले जा रहे इस मुकाबले में किदांबी श्रीकांत का मैच अभी बाकी है। भारत के लिए आयुष शेट्टी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी तथा हरिहरन अम्साकरुनन और एम अर्जुन की जोड़ी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराया।

वहीं, सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जोनाथन लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। इसके बाद हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी ने टाई अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नायल याकुरा को 21-7, 21-7 से शिकस्त दी। हालांकि, भारत को पहला झटका लक्ष्य सेन के रूप में लगा, जिन्हें शुरुआती मुकाबले में विक्टर लाई के खिलाफ 21-18, 19-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भारत ने 3-1 की बढ़त बनाकर जीत की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं, जबकि किदांबी श्रीकांत का मुकाबला अभी खेला जाना बाकी है। (अनंत ज्ञान)



### दूसरे डबल्स में भारत को मिली निर्णायक बढ़त

**दूसरे** डबल्स और में हरिहरन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने 21-7, 21-15 से मैच जीतकर 3-1 की निर्णायक बढ़त दिलाई। 5वें मैच में किदांबी श्रीकांत ने 21-17 और 21-12 से जीत हासिल की। भारत ने 4-1 से मैच जीतकर टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की है। भारत का दूसरा मुकाबला 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और तीसरा मैच 29 अप्रैल को चीन से होगा।

### पहले सिंगल मुकाबले में लक्ष्य सेन की हार

**मैच** की शुरुआत भारत के लिए अच्छी नहीं रही। पहले सिंगल्स मुकाबले में लक्ष्य सेन को कनाडा के विक्टर लाई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य ने पहला गेम 21-18 से जीता, लेकिन इसके बाद विक्टर लाई ने शानदार वापसी करते हुए 21-19, 21-10 से मैच जीत लिया।

### सात्विक और चिराग ने करवाई वापसी

**भारत** की स्टार डबल्स जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने टीम को बराबरी दिलाई। उन्होंने कनाडाई जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराया। यह मैच सिर्फ 29 मिनट में खत्म हो गया। तीसरे सिंगल्स मुकाबले में आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को 21-13, 21-17 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई।

# तंजीन टशी अंडर-18 भारतीय आइस हॉकी टीम में चयनित

अनंत ज्ञान

**काजा।** हिमाचल प्रदेश की दुर्गम स्पीति घाटी के लोसर गांव में जश्न का माहौल है। गांव के युवा तंजीन टशी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर इरादे फौलादी हों, तो संसाधनों की कमी सफलता की राह नहीं रोक सकती। तंजीन का चयन भारतीय अंडर-18 आइस हॉकी टीम में हुआ है, और वह इस टीम में जगह बनाने वाले हिमाचल प्रदेश के एकमात्र खिलाड़ी हैं। तंजीन टशी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। वह 26 अप्रैल से 4 मई तक किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित होने वाली एशिया-ओशियानिया आइस हॉकी चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे।

तंजीन का चयन देहरादून स्थित हिमादरी आइस रिंक में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के ट्रायल के बाद हुआ है। वहां उनके खेल कौशल, गति और तकनीक ने चयनकर्ताओं को खासा प्रभावित किया। पूरी राष्ट्रीय टीम में हिमाचल प्रदेश से चयनित होने वाले वह इकलौते खिलाड़ी हैं। तंजीन इससे पहले 2024 में भी भारतीय टीम के साथ उज्बेकिस्तान जा चुके हैं। शून्य से नीचे के तापमान और सीमित सुविधाओं वाले लोसर गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय रिंक तक पहुंचना उनकी कड़ी मेहनत का प्रमाण है। उनकी इस सफलता में 'आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ लाहौल-स्पीति' और उनके कोचों का विशेष योगदान रहा है। उधर, प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने भी तंजीन की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।



तंजीन को सम्मानित करते हुए।

> **तंजीन** टशी की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक है। यह उन सभी युवाओं के लिए एक मिसाल है, जो कठिन परिस्थितियों में भी बड़े सपने देखते हैं।
>
> **-अनुराधा राणा, विधायक, लाहौल-स्पीति**

## आईपीएल में मुंबई इंडियंस को मिली सबसे बड़ी हार

**एजेंसी, मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में वीरवार को खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों के बड़े अंतर से हराकर इतिहास रच दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मिली यह जीत चेन्नई की आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ी जीत है, वहीं मुंबई की यह सबसे बड़ी हार साबित हुई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 207 रन बनाए। टीम की जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 54 गेंदों में नाबाद 101 रन की तूफानी पारी खेली। उनकी पारी में 10 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा ऋतुराज गायकवाड़ (22), डेवाल्ड ब्रेविस (21) और जेमी ओवर्टन (15) ने भी योगदान दिया। 208 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने महज 11 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। सूर्यकुमार यादव (36) और तिलक वर्मा (37) ने 73 रनों की साझेदारी कर कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन इसके बाद विकेटों का पतन जारी रहा। हार्दिक पांड्या सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए और पूरी टीम 104 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में चेन्नई की ओर से अकील हुसैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट झटके। उनके अलावा नूर अहमद ने 2 विकेट लिए, जबकि मुकेश चौधरी, गुरजपनीत सिंह और जेमी ओवर्टन को एक-एक सफलता मिली। यह जीत कई रिकॉर्ड लेकर आई। चेन्नई ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने वाली टीम बनने का गौरव हासिल किया। वहीं रनों के अंतर से यह मुकाबला आईपीएल में चेन्नई की सबसे बड़ी जीत और मुंबई की सबसे बड़ी हार के रूप में दर्ज हो गया। (अनंत ज्ञान)

# ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे स्थान पर पहुंचे संजू सैमसन

## अब तक टूर्नामेंट में लगाए दो शतक, कुल रन 293

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 103 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की, जिसके बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में भी अहम बदलाव देखने को मिले। ऑरेंज कैप की रेस में संजू सैमसन तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सैमसन ने अब तक टूर्नामेंट में दो शतक लगाए हैं और उनके कुल रन 293 हो गए हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिषेक शर्मा (323 रन) और हेनरिक क्लासेन (320 रन) अभी भी पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। ऑरेंज कैप की सूची में शुभमन गिल 265 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 247 रन के साथ छठे और रजत पाटीदार 230 रन के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। आगामी मुकाबलों में इन खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव संभव है। वहीं, पर्पल कैप की रेस में चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज ने फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने मुंबई के खिलाफ मैच में 3 ओवर में 10 रन देकर 1 विकेट लिया और कुल 14 विकेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए। एलएसजी के प्रिंस यादव 13 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि एसआरएच के ईशान मलिंगा और गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा 12-12 विकेट के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)



## मैड्रिड ओपन में नडाल की वापसी बर्नाबेउ में खेला फ्रेंडली मुकाबला

**एजेंसी, मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर नजर आए, जब उन्होंने मैड्रिड ओपन के दौरान सैंटियागो बर्नाबेउ स्टेडियम में बने अस्थायी कोर्ट पर हिस्सा लिया। मैड्रिड ओपन के आयोजकों ने बर्नाबेउ स्टेडियम के मैदान पर अस्थायी टेनिस कोर्ट तैयार किया है, जहां खिलाड़ी 30 अप्रैल तक अभ्यास कर सकेंगे। हाल ही में संन्यास ले चुके नडाल, जो रियल मैड्रिड के बड़े प्रशंसक हैं, इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने इसे पांच बार जीता है।



इस खास मौके पर नडाल ने रियल मैड्रिड के गोलकीपर थिबो कूर्तुआ के साथ मिलकर एक फ्रेंडली सत्र में हिस्सा लिया, जिसमें उनके सामने विश्व नंबर एक यानिक सिनर और रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंघम की जोड़ी थी। बेलिंघम इससे पहले बुधवार को मैड्रिड ओपन में मौजूद थे, जहां उन्होंने युवा स्पेनिश खिलाड़ी राफेल जोदार का मुकाबला देखा, जिन्होंने टूर्नामेंट में अपना डेब्यू किया। हालांकि मुख्य मुकाबले स्पेन की राजधानी स्थित काजा मागिका में खेले जा रहे हैं। नडाल ने इस अनुभव को खास बताते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'बर्नाबेउ के इस अनोखे कोर्ट पर खेलना बेहद खास रहा।' इस आयोजन में महिला टेनिस की स्टार खिलाड़ी इगा स्वियाटेक भी शामिल रहीं, जो इस समय विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** अंकतालिका में शीर्ष पर विराजमान टीम को हराने के लिए लगाना होगा एड़ी-चोटी का जोर

# दिल्ली को आज पंजाब से मिलेगी कड़ी चुनौती

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए शनिवार को यहां होने वाले मुकाबले में तालिका में शीर्ष पर चल रही पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 47 रन से हार का सामना करने वाली दिल्ली के लिए वापसी की राह काफी चुनौतीपूर्ण होगी। इसके लिए उसके ज्यादातर खिलाड़ियों को एक साथ अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ दिल्ली फिलहाल अंकतालिका के छठे स्थान पर है, जबकि पंजाब किंग्स छह मुकाबलों में 11 अंकों के साथ शीर्ष पर काबिज है। उनका एकमात्र अंक तब गया था जब कोलकाता में मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या उसकी बल्लेबाजी में अस्थिरता रही है। केएल राहुल, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने कुछ पारियों में योगदान दिया है, लेकिन पूरी टीम एक साथ प्रदर्शन करने में नाकाम रही है।

सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में असफल रहे हैं, जिससे मध्यक्रम पर दबाव बढ़ गया है। कप्तान अक्षर पटेल से भी उम्मीद की जा रही है कि वह बल्ले और रणनीति दोनों में अधिक जिम्मेदारी निभाएं। पिछले मैच में उनके कुछ निर्णयों पर भी सवाल उठे हैं, खासकर गेंदबाजी बदलावों को लेकर।

विस्फोटक अभिषेक शर्मा के खिलाफ उन्होंने कामचलाऊ गेंदबाज नितीश राणा को लगातार इस्तेमाल किया, जो असरदार साबित नहीं हुआ। दिल्ली का क्षेत्ररक्षण भी चिंता का विषय रहा है। टीम ने कुछ मैचों में स्टंपिंग के मौके गंवाए, रन-आउट में गलतियां कीं और आसान कैच छोड़े, जिसका उसे काफी नुकसान हुआ है। वहीं, पंजाब किंग्स की टीम इस समय पूरी लय में नजर आ रही है। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 211 रन बनाकर शानदार फॉर्म दिखाया है और तेज शुरुआत दी है। कप्तान श्रेयस अय्यर भी 208 रन के साथ बेहतरीन लय में हैं। गेंदबाजी में भी पंजाब संतुलित नजर आई है। (अनंत ज्ञान)




▶▶ दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा मैच

### संभावित टीमें

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब नबी डार, नीतीश राणा, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

**पंजाब किंग्सः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), विष्णु विनोद (विकेटकीपर), नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, कूपर कोनोली, मार्को यानसन, मुशीर खान, मिचेल ओवेन, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विशाल निशाद, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर।

# घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने पर होंगी राजस्थान रॉयल्स की नजरें

**एजेंसी, जयपुर**

### ◆ जयपुर में आज शाम 7.30 बजे हैदराबाद से होगा मुकाबला

राजस्थान रॉयल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शनिवार को जब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरेगी, तो उसकी कोशिश अपने घरेलू मैदान पर दबदबा कायम रखने के साथ-साथ दोनों टीमों के बीच हुए पिछले मुकाबले का हिसाब बराबर करने की भी होगी।

यह मुकाबला आईपीएल के इस चरण में बेहद अहम माना जा रहा है, जहां दोनों टीमें जरूरी अंक हासिल करने की कोशिश में होंगी। सनराइजर्स ने प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन की शानदार गेंदबाजी के बूते दोनों टीमों के बीच 13 अप्रैल को खेले गए पहले चरण के मुकाबले को 57 रन से जीता था। रॉयल्स ने हालांकि उस हार से उबरते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 40 रन की जीत से अच्छी वापसी की है। टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में उतार-चढ़ाव से गुजरते हुए चौथे स्थान पर है, लेकिन उनकी आक्रामक बल्लेबाजी किसी भी टीम के लिए खतरा बनी हुई है। रॉयल्स को दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मुकाबले में हर विभाग (पावरप्ले, मध्य ओवर और आखिरी ओवर) में संघर्ष करना पड़ा था, और टीम इस बार माकूल जवाब देने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी की ताकत उनके शीर्ष क्रम में है, जहां इशान किशन और हेनरिक क्लासेन पहले ही कई मौकों पर आक्रामक प्रदर्शन कर चुके हैं। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाने वाले अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड भी तेज शुरुआत देने की कोशिश करेंगे।

हिंगे और साकिब दोनों ने रॉयल्स के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में चार-चार विकेट लिए, लेकिन सनराइजर्स की गेंदबाजी अपेक्षाकृत अनुभवहीन है। टीम कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में संघर्ष कर रही है, हालांकि हाल के मैचों में कुछ सुधार देखने को मिला है। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**राजस्थान रॉयल्सः** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिम्रोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रविंद्र जड़ेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नंद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा।

**सनराइजर्स हैदराबादः** इशान किशन (कप्तान और विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंदु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान अंसारी।